RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 79
नई दिल्ली, रविवार, 22 जनवरी, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



हमेशा गेम टाइम को तरजीह दी

स्पोर्ट्स-12

# राहुल की यात्रा पहुंचने से पूर्व जम्मू में दो विस्फोट, नौ जख्मी

## आईईडी इस्तेमाल किए जाने की आशंका, दो वाहनों में रखा गया था विस्फोटक, घायलों की हालत स्थिर

- भारत जोड़ो यात्रा व गणतंत्र दिवस के मद्देनजर उच्च सतर्कता के बीच हुई घटना
- राज्यपाल ने की निंदा और तुरंत कार्रवाई को कहा, घायलों को आर्थिक मदद

**पायनियर समाचार सेवा।** जम्मू

**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी की अगुवाई वाली भारत जोड़ो यात्रा के जम्मू पहुंचने से दो दिन पहले शहर के बाहरी हिस्से के एक व्यस्त इलाके में शनिवार दो विस्फोट हुए जिनमें नौ लोग जख्मी हो गए।

पुलिस को संदेह है कि नरवाल के ट्रांसपोर्ट नगर इलाके में एक मरम्मत की दुकान में खड़ी एसयूवी कार और पास के कबाड़खाने में एक वाहन में दो विस्फोट करने के लिए आईईडी का इस्तेमाल किया गया था। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने इस घटना की कड़ी निंदा की और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई के लिए तत्काल कदम उठाने को कहा। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक मुकेश सिंह ने घटनास्थल के पास पत्रकारों से कहा, खड़ी हुई एक पुरानी बोलेरो (स्पोर्ट्स यूटिलिटि व्हिकल) में सुबह करीब 11 बजे विस्फोट हुआ जिससे आसपास खड़े पांच लोग जख्मी हो गए। उन्हें अस्पताल ले जाया गया और उनकी स्थिति स्थिर है।



जम्मू में सुरक्षा बलों की उपस्थिति में विस्फोट स्थल पर जांच करती फारेंसिक विशेषज्ञों की टीम

उन्होंने कहा कि इलाके से लोगों को फौरन निकाला गया लेकिन इस बीच 50 मीटर दूर ही एक और विस्फोट हो गया जिसमें एक शख्स मामूली रूप से जख्मी हो गया जिसे भी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारी ने कहा कि मामले की आगे की जांच जारी है। हालांकि, विस्फोटों के बाद छर्रे लगने से घायल कुल नौ लोगों को सरकारी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में एक डॉक्टर ने बताया कि अस्पताल में नौ मरीज लाए गए हैं जिनमें से एक के पेट में चोट लगी है और दो अन्य के पैर में फ्रैक्चर है तथा इन सभी की हालत स्थिर है। संदिग्ध आतंकवादियों ने विस्फोट ऐसे समय में किए, जब क्षेत्र में सुरक्षा एजेंसियां कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा और आगामी गणतंत्र (शेष पेज 8)

# ट्विटर, यूट्यूब ने बीबीसी डॉक्यूमेंट्री के लिंक हटाए

- केंद्र के निर्देश पर सोशल मीडिया मंचों ने की कार्रवाई, आगे भी कठोर रुख अपनाने को कहा गया
- देशभर से 300 सेवानिवृत्त जज, नौकरशाह और सैनिकों ने गुजरात दंगों पर वृत्तचित्र के विरोध में जारी किया बयान



सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सचिव अपूर्वा चंद्रा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्र** सरकार के निर्देश पर सोशल मीडिया की दिग्गज कंपनियों ट्विटर और यूट्यूब ने गुजरात दंगों पर बनाई गई बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री 'इंडिया : द मोदी क्वेश्चन' के तमाम वीडियो लिंक को ब्लॉक कर दिया है।

भारत ने इस विवादास्पद डॉक्यूमेंट्री को दुष्प्रचार का हिस्सा और बदनाम करने के नैरेटिव को आगे बढ़ाने वाला करार दिया, जिसमें निरंतर औपनिवेशिक मानसिकता स्पष्ट रूप से झलक रही है। सूत्रों ने कहा कि केंद्र ने यूट्यूब और ट्विटर से यह भी कहा है कि यदि कोई भी व्यक्ति दोबारा इस डॉक्यूमेंट्री के वीडियो अपलोड करता है या लिंक साझा करता है, उसे भी फौरन हटाया जाए। इस बीच, देशभर के 300 से अधिक सेवानिवृत्त न्यायाधीशों, नौकरशाहों और सशस्त्र सेवा के दिग्गजों ने बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री की कड़ी निंदा की है।

इस संबंध में इन दिग्गजों ने एक बयान जारी करते हुए कहा कि यह निराधार है और गलत उद्देश्य से बनाई गई है। बयान में कहा गया है कि हमारे पास भारत में ब्रिटिश साम्राज्यवाद का मूल रूप है, जो खुद को न्यायाधीश और जूरी दोनों के रूप में स्थापित कर रहा है, ताकि हिंदू-मुस्लिम तनाव को फिर खड़ा किया जा सके, जो ब्रिटिश राज की फूट डालो और राज करो की नीति के कारण उपजा था। बीबीसी के दो हिस्सों वाली डॉक्यूमेंट्री में दावा किया गया है कि इसने 2002 के गुजरात दंगों से जुड़े कुछ पहलुओं की पड़ताल की है। उस समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्य के मुख्यमंत्री थे।

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सचिव अपूर्वा चंद्रा ने शुक्रवार को आईटी नियम, 2021 के तहत आपातकालीन शक्तियों का उपयोग करते हुए यूट्यूब और ट्वीटर दोनों सोशल मीडिया कंपनियों को निर्देश दिया था कि डॉक्यूमेंट्री के जितने भी वीडियो या लिंक अपलोड किए गए हैं, उन्हें साइटों से हटाया जाए। सूत्रों ने कहा कि विदेश, गृह मामलों और सूचना एवं प्रसारण सहित कई मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारियों ने वृत्तचित्र की जांच की और पाया कि यह सर्वोच्च न्यायालय के अधिकार और विश्वसनीयता (शेष पेज 8)

# परमवीर चक्र विजेताओं को समर्पित किए जाएंगे 21 द्वीप

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के 21 सबसे बड़े अनाम द्वीपों के नाम परमवीर चक्र विजेताओं के नाम पर रखे जाएंगे, कार्यक्रम में पीएम मोदी होंगे शामिल

**अंडमान** और निकोबार द्वीप समूह के 21 सबसे बड़े अनाम द्वीपों के नाम परमवीर चक्र विजेताओं के नाम पर रखे जाएंगे। इसके लिए नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर 23 जनवरी को एक समारोह का आयोजन होगा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी वीडियो कांफ्रेंसिंग से शामिल होंगे।

उल्लेखनीय है कि 23 जनवरी का दिन पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है। प्रधानमंत्री मोदी इस कार्यक्रम में नेताजी के नाम वाले द्वीप पर बनाए जाने वाले सुभाष चंद्र बोस को समर्पित राष्ट्रीय स्मारक के एक मॉडल का भी अनावरण करेंगे। अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के ऐतिहासिक महत्व को ध्यान में रखते हुए और नेताजी की स्मृति का सम्मान करने के लिए 2018 में द्वीप की यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी द्वारा रॉस द्वीप का नाम बदलकर नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वीप कर दिया गया था। नील द्वीप और हैवलॉक द्वीप का नाम बदलकर क्रमशः शहीद द्वीप और स्वराज द्वीप कर किया गया।

बयान के अनुसार, यह निर्णय लिया गया कि अनाम द्वीपों का नाम मेजर सोमनाथ शर्मा, सूबेदार और मानद कैप्टन करम सिंह, सेकेंड लेफ्टिनेंट रामा राघोबा राणे, नायक जदुनाथ सिंह, कंपनी हवलदार मेजर पीरू सिंह, कैप्टन जीएस सलारिया, लेफ्टिनेंट कर्नल धन सिंह थापा, सूबेदार जोगिंदर सिंह, मेजर शैतान सिंह, कंपनी क्वार्टर मास्टर हवलदार अब्दुल हमीद और लेफ्टिनेंट कर्नल अर्देशिर बुर्जोरजी तारापोर के नाम पर रखा जाएगा। अन्य परमवीर चक्र पुरस्कार विजेताओं में, जिनके नाम पर द्वीपों का नाम रखा जा रहा है, उनमें लांस नायक अल्बर्ट एक्का, मेजर होशियार सिंह, सेकेंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल, फ्लाइंग ऑफिसर निर्मलजीत सिंह सेखों, मेजर रामास्वामी परमेश्वरन, नायब सूबेदार बाना सिंह, कैप्टन विक्रम बत्रा, लेफ्टिनेंट मनोज कुमार पांडे, सूबेदार मेजर संजय कुमार और सूबेदार मेजर (सेवानिवृत्त) ग्रेनेडियर योगेंद्र सिंह यादव शामिल हैं।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि देश के वास्तविक जीवन के नायकों को उचित सम्मान देना हमेशा प्रधानमंत्री की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। इसने कहा कि इसी भावना के साथ आगे बढ़ते हुए द्वीप समूह के 21 सबसे बड़े अनाम द्वीपों का नामकरण 21 परमवीर चक्र विजेताओं के नाम पर करने का निर्णय लिया गया। सबसे बड़े अनाम द्वीप का नाम प्रथम परमवीर चक्र विजेता के नाम पर रखा जाएगा, दूसरे (शेष पेज 8)

# बिहार में फिर वंदे भारत एक्सप्रेस पर हुआ पथराव

- संचालन बाधित, कटिहार जिले में हुई घटना, न्यू जलपाईगुड़ी से हावड़ा जा रही थी ट्रेन
- पहले भी हो चुकी है पत्थरबाजी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/कटिहार



**बिहार** में एक बार फिर वंदे भारत एक्सप्रेस पर कटिहार जिले से गुजरने के दौरान पथराव करने की घटना सामने आई है। यह जानकारी रेलवे के एक अधिकारी ने शनिवार को दी। कटिहार रेल मंडल के वरिष्ठ सुरक्षा आयुक्त कमल सिंह ने बताया कि ताजा घटना की सूचना न्यू जलपाईगुड़ी से हावड़ा जा रही ट्रेन संख्या 22302 के एक यात्री ने शुक्रवार शाम को दी।

अधिकारी ने कहा, यात्री ने ट्रेन सुरक्षा दल से शिकायत की कि शाम चार बजकर 25 मिनट पर कोच पर एक पत्थर लगा है। घटना की जगह जिले के बलरामपुर थानाक्षेत्र में डलखोला और टेल्टा स्टेशनों के बीच थी। डलखोला में रेल अधिकारियों ने बोगी का निरीक्षण किया और खिड़की के शीशे में दरारें पाईं। बाद में संबंधित थाने को घटना की जांच के अनुरोध के साथ सूचित किया गया।

एक महीने से भी कम समय में राज्य में सेमी हाई-स्पीड ट्रेन से जुड़ी इस तरह की यह दूसरी घटना है। गत तीन जनवरी को किशनगंज जिले में ट्रेन पर पथराव किया गया था और सीसीटीवी फुटेज की मदद से पहचाने गए तीन लड़कों को पुलिस ने पकड़ लिया था और किशोर न्याय बोर्ड के सामने पेश किया था। उस समय कुछ समाचार पत्रों (शेष पेज 8)

# डब्ल्यूएफआई ने पहलवानों के आरोपों को किया खारिज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारतीय** कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने अपने अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न सहित सभी आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि खेल निकाय में तानाशाही और कुप्रबंधन की कोई गुंजाइश नहीं है।

डब्ल्यूएफआई ने सरकार के नोटिस के जवाब में सभी आरोपों से इनकार किया। देश के शीर्ष पहलवानों के धरने पर बैठने के बाद खेल मंत्रालय ने डब्ल्यूएफआई से स्पष्टीकरण मांगा था। इन पहलवानों ने आरोप लगाया था कि महासंघ प्रमुख ने महिला पहलवानों का यौन उत्पीड़न किया और तानाशाह की तरह काम किया। डब्ल्यूएफआई ने शुक्रवार शाम को अपना जवाब भेजा। इससे कुछ घंटो पहले सरकार ने आरोपों की जांच करने की घोषणा की जिसके बाद पहलवानों ने अपना विरोध प्रदर्शन खत्म कर दिया। सिंह ने कहा कि जांच पूरी होने तक वह डब्ल्यूएफआई प्रमुख के पद से हट जाएंगे। डब्ल्यूएफआई ने खेल मंत्रालय को अपने जवाब में कहा, डब्ल्यूएफआई का प्रबंधन उसके संविधान के अनुसार एक निर्वाचित निकाय द्वारा (शेष पेज 8)



नई दिल्ली में पत्रकारों को संबोधित करते खेल मंत्री अनुराग ठाकुर और कुश्ती खिलाड़ी। इन खिलाड़ियों ने सरकार द्वारा जांच की घोषणा के बाद अपना धरना समाप्त कर दिया

## कुश्ती महासंघ के सहायक सचिव निलंबित

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने शनिवार को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के सहायक सचिव विनोद तोमर को इस खेल निकाय के प्रमुख बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न और भ्रष्टाचार के आरोपों के बाद निलंबित कर दिया। मंत्रालय ने सिंह के उत्तर प्रदेश के गढ़ गोंडा में शुरू होने वाली ओपन चैंपियनशिप को भी रद्द कर दिया। मंत्रालय के सूत्रों ने कहा कि तोमर की उपस्थिति इस मामले की जांच को प्रभावित कर सकती है।

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 60,621 | |
| निफ्टी | 18,027 | |
| सोना | 57,025 | /10g |
| चांदी | 69,208 | /kg |

## क्विक न्यूज

### 26 जनवरी से नेसल कोविड टीके की होगी शुरुआत

**भोपाल।** भारत बायोटेक द्वारा देश में ही विकसित पहले इंट्रानेसल कोविड-19 टीके इनकोवैक को 26 जनवरी से लोगों को देने की शुरुआत की जाएगी। कंपनी के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक कृष्णा इल्ला ने शनिवार को यह जानकारी दी। भोपाल में आयोजित भारत अंतरराष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव (आईआईएसएफ) में विद्यार्थियों के साथ संवाद करते हुए इल्ला ने बताया कि मवेशियों को लम्पी त्वचा बीमारी से बचाने के लिए देश में ही विकसित टीके लम्पी प्रोवैकइंड की अगले महीने शुरुआत की जाएगी। मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट) में आयोजित आईआईएसएफ के विज्ञान में फेस टू फेस विथ न्यू फ्रंटियर में हिस्सा लेते हुए इल्ला ने कहा, हमारा नेसल टीका (नाक के जरिए दिया जाने वाला टीका) आधिकारिक रूप से 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस पर लॉन्च किया जाएगा।

# भारत-मिस्र द्विपक्षीय संबंधों में नई इबारत लिखेंगे

- प्रधानमंत्री मोदी व राष्ट्रपति अब्देल फतह अल सिसी अगले हफ्ते होने वाली बातचीत में रक्षा और व्यापार समेत दोनों देशों के रिश्तों के सभी पहलुओं की करेंगे समीक्षा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**मिस्र** के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी अगले सप्ताह तीन दिवसीय यात्रा पर भारत आ रहे हैं। इस दौरान, दोनों देशें के बीच कृषि, साइबर सुरक्षा, सूचना प्रौद्योगिकी सहित अन्य क्षेत्रों में आधा दर्जन समझौते होने की उम्मीद है। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी।

मंत्रालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, अल-सीसी 24 से 26 जनवरी तक भारत यात्रा पर रहेंगे, जिस दौरान वह गणतंत्र दिवस परेड भी देखेंगे। बयान में कहा गया है कि मिस्र के राष्ट्रपति अपनी भारत यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से विविधि विषयों पर विस्तृत चर्चा करेंगे। उनका यहां कारोबारी समुदाय के साथ संवाद करने का भी कार्यक्रम है। बयान के अनुसार, मोदी और अल-सीसी के बीच 25 जनवरी को वार्ता के बाद दोनों देशों में कृषि, साइबर सुरक्षा, सूचना प्रौद्योगिकी सहित अन्य क्षेत्रों में आधा दर्जन समझौते होने की उम्मीद है।

इसके अलावा, भारत और मिस्र के बीच रक्षा एवं सुरक्षा सहयोग को मजबूत बनाने के बारे में भी चर्चा होने की संभावना है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि अल-सीसी के साथ एक उच्च स्तरीय शिष्टमंडल भारत आएगा, जिसमें पांच मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। मिस्र के राष्ट्रपति इससे पहले अक्टूबर 2015 में तीसरे भारत अफ्रीका मंच शिखर सम्मेलन में (शेष पेज 8)

# भारत ने न्यूजीलैंड को आठ विकेट से रौंदा

- गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से श्रृंखला पर किया कब्जा

**पायनियर समाचार सेवा।** रायपुर

**भारत** के तेज गेंदबाजी आक्रमण ने शनिवार को यहां दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में न्यूजीलैंड के कमजोर बल्लेबाजी क्रम को ध्वस्त कर दिया जिससे मेजबान टीम ने आठ विकेट की जीत से तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली।

मोहम्मद शमी की अगुआई वाले तेज गेंदबाजी आक्रमण ने मुश्किल पिच पर शानदार प्रदर्शन किया और भारत ने न्यूजीलैंड को 108 रन पर समेट दिया। इस लक्ष्य का पीछा करने उतरे भारत ने कप्तान रोहित शर्मा के 51 गेंद में 50 रन और शुभमन गिल के नाबाद 40 रन (53 गेंद) से 20.1 ओवर में 111 रन बनाकर जीत दर्ज की। भारत की यह शानदार जीत रही लेकिन शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में मौजूद क्रिकेट के जुनूनी दर्शकों को मैच जल्दी खत्म होने से थोड़ी निराशा रही। रायपुर के इस स्टेडियम ने अपने पहले अंतरराष्ट्रीय मैच में शानदार पदार्पण किया। न्यूजीलैंड ने 11वें ओवर में 15 रन पर पांच विकेट गंवा दिए थे जिसमें शमी (18 रन देकर तीन विकेट) और मोहम्मद सिराज (10 रन देकर एक विकेट) की भूमिका अहम रही। इन दोनों ने गेंदबाजों के मुफीद पिच पर अपनी बेहतरीन सीम गेंदबाजी से बल्लेबाजों के लिए रन जुटाना मुश्किल कर दिया। गेंद रूककर आ रही थी जिससे बल्लेबाजों के लिए एक एक रन जोड़ना कठिन लग रहा था। हालांकि भारतीय बल्लेबाज जब शाम को क्रीज पर उतरे तो बल्लेबाजी आसान दिख रही थी।



रायपुर में दूसरे एक दिवसीय मैच में विजयी रन बनाने के बाद मैदान से बाहर आते शुभमन गिल और ईशान किशन

श्रृंखला का तीसरा और अंतिम वनडे मंगलवार को इंदौर में खेला जाएगा। न्यूजीलैंड सलामी बल्लेबाज फिल एलेन खाता भी नहीं खोल सके और शमी की फुल लेंथ गेंद को चूक गए जो उनके स्टंप उखाड़ कर चली गई। फिर सिराज की गेंद तीसरे नंबर के बल्लेबाज हेनरी निकोल्स का बल्ले का किनारा लेकर शुभमन गिल के हाथों में पहुंच गई। शमी और हार्दिक पंड्या (16 रन देकर दो विकेट) के शानदार रिटर्न कैच ने फिर न्यूजीलैंड को और परेशानी में डाल दिया। शमी ने डेरिल मिचेल को अपनी ही (शेष पेज 8)

# सिग्नेचर ब्रिज के लिए केबल लगाने का काम शुरू

## तीन माह में तीन पिलर और 28 केबल पर लटकता दिखेगा, 10 लाख लोगों को होगा फायदा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा में बन रहे पहले सिग्नेचर ब्रिज के लिए केबिल लगाने का काम शुरू कर दिया गया है। अभी पांच केबिल लगा दिए गए हैं, बचे 22 केबिल इस महीने के अंत तक लगा दिए जाएंगे।

प्राधिकरण अधिकारियों का कहना है कि मार्च अंत तक सिग्नेचर ब्रिज बनकर तैयार हो जाएगा। अप्रैल के शुरुआत से इस ब्रिज से लोगों का सफर आसान हो जाएगा।



सिग्नेचर ब्रिज का मॉडल

पर्थला गोलचक्कर पर फ्लाईओवर के रूप में सिग्नेचर ब्रिज बनाने का काम चल रहा है। मास्टर प्लान रोड नंबर.3 पर यह फ्लाईओवर बनाया जा रहा है। यह फ्लाईओवर सेक्टर.72 बाबा बालकनाथ मंदिर से ग्रेनो वेस्ट के किसान चौक की ओर आने.जाने के लिए बन रहा है। इसके बनने से नोएडा से ग्रेनो वेस्ट की तरफ जाने वालों का सफर आसान हो जाएगा। यह परियोजना करीब एक साल देरी से चल रही है। इसके बनने से रोजाना करीब 10 लाख वाहन चालकों को फायदा होगा।

यहां सेक्टर-71 अंडरपास बन चुका है। ऐसे में दिल्ली के कॉलिंदी कुंज से आकर ग्रेनो वेस्ट तक आने.जाने वालों को जाम में नहीं फंसना पड़ेगा। पूरे ब्रिज को करीब 220 गर्डर और 3 पिलर पर खड़ा किया जाएगा। यह ब्रिज 28 केबिल पर लटका नजर आएगा।

उन्होंने बताया कि सभी 3 पिलर बनाने का काम पूरा हो गया है। बीच वाला पिलर जमीन से 49 मीटर ऊंचाई पर है। किसान चौक की ओर रैंप बनाने के बाद उस पर सड़क बनाने का काम भी शुरू कर दिया गया है। सिग्नेचर ब्रिज का 80 प्रतिशत काम पूरा हो गया है। अभी केबिल, रैंप बनाने और गर्डर रखने का काम चल रहा है। इस परियोजना का काम दिसंबर 2021 तक पूरा हो जाना चाहिए था। अब अप्रैल में इसकी शुरुआत होगी।

ऐसे में करीब डेढ़ साल देरी से इसका काम पूरा होगा। लेकिन नोएडा प्राधिकरण व कंपनी के बीच हुए विवाद के कारण पिछले साल चार.पांच महीने काम बंद पड़ा रहा। इसके अलावा कोरोना और बढ़ते प्रदूषण के चलते एनजीटी के नियमों की वजह से भी काम में अटकाव आया। इस फ्लाईओवर के बनने से सेक्टर.51, 52, 61, 70, 71, 72, 73, 74, 75, 76, 77, 78, 79, 121, 122 और किसान चौक की ओर जाने वालों का सफर आसान हो जाएगा। दिल्ली से गाजियाबाद और हापुड़ की ओर आने-जाने वालों को भी काफी फायदा मिलेगा। अभी यहां वाहन चालक लंबे जाम में फंसते हैं।

# ईस्टर्न पेरीफेरल पर स्थानीय ग्रामीणों को देना पड़ रहा टोल, किया हंगामा

- पिछले कई सालों से लोग आईडी दिखाकर ही टोल से बिना शुल्क दिए निकल जाते थे



**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

दादरी थाना क्षेत्र के ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस.वे पर स्थानीय लोगों ने टोल फ्री न होने पर हंगामा किया। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कई सालों से आईडी के आधार पर स्थानीय लोगों को टोल फ्री निकाला जा रहा था, लेकिन अब टोल कर्मचारी आईडी के बाद भी लोगों को फ्री नहीं निकलने दे रहे जिस को लेकर ग्रामीणों ने नाराजगी जताते हुए ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे के बील अकबरपुर स्थित टोल प्लाजा पर हंगामा किया।

दरअसल, ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस-वे पर बील अकबरपुर गांव में टोल प्लाजा बनाया गया है, जहां पर स्थानीय आसपास के गांवो के लोगों से आईडी के आधार पर टोल शुल्क नहीं लिया जाता। पिछले कई सालों से लोग आईडी दिखाकर ही टोल से बिना शुल्क दिए निकल जाते हैं, लेकिन अब टोल प्लाजा पर आनंदपुर गांव के ग्रामीणों से आईडी दिखाने के बाद भी जबरन टोल वसूला जा रहा है जिसे नाराज ग्रामीणों ने शनिवार सुबह टोल प्लाजा पर पहुंचकर हंगामा किया।

ग्रामीणों ने हंगामा करते हुए मांग की है कि उन्हें आईडी के आधार पर पहले की तरह ही बिना टोल दिए यहां से निकाला जाए। टोल प्लाजा पर पहुंचकर ग्रामीणों के हंगामे की सूचना के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई पुलिस ने लोगों को शांत कराया और प्लाजा मैनेजर से फोन पर वार्ता करा कर उन्हें आश्वासन दिया। जिसके बाद ग्रामीणों ने अपनी मांगों को लेकर प्लाजा पर मौजूद अधिकारियों को ज्ञापन दिया। टोल प्लाजा पर मौजूद शिफ्ट इंचार्ज ने बताया कि वह ग्रामीणों की मांग के ज्ञापन को वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचा देंगे। टोल प्लाजा पर हंगामा कर रहे ग्रामीणों ने साफ तौर पर कहा है कि वह आईडी के आधार पर ही बिना शुल्क यहां से निकलेंगे। जब टोल प्लाजा बनाया गया था और ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे के लिए जमीन का अधिग्रहण किया गया था तो आसपास के ग्रामीणों को टोल में छूट देने का आश्वासन दिया गया था। जब से ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे शुरू हुआ है तभी से ग्रामीणों को आईडी के आधार पर बिना टोल दिए ही यहां से निकाला जा रहा था लेकिन अब ग्रामीणों से जबरन टोल वसूली की मांग की जा रही है। जिसका ग्रामीण विरोध कर रहे हैं और उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि अगर उनकी मांगों को नहीं माना गया तो इसके लिए बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे और उन्होंने टोल प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की और अपनी मांगों का ज्ञापन सौपा।

# कारनामाः नगर निगम बोर्ड ने जिस एफओबी को किया रद्द, वह बनकर तैयार भी हो गया

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



नगर निगम बोर्ड की बैठक में जिस एफओबी के निर्माण कार्य को रुकवाने का प्रस्ताव पास हुआ था, वह एफओबी बनकर तैयार भी हो गया है। यह एफओबी न्यू लिंक रोड पर सिद्धार्थ विहार डीपीएस के सामने बना गया है। शहर में एफओबी बनाने का ठेका दस वर्ष पहले 2013 में 14 स्थानों पर बीओटी के आधार पर छोड़ा गया था। इनमे से अधिकतर एफओबी उसी समय बन गए थे, मगर हापुड़ चुंगी के पास उसी अनुबंध के आधार पर एफओबी मेयर आशा शर्मा का चुनाव होने के बाद बना था। क्यों बना और किस नियम के तहत बना इस पर कभी अधिकारी नहीं बोले। अब हिंडन शमशान घाट के सामने चुपचाप तरीके से एफओबी बन गया। वह भी दस वर्ष पहले हुए अनुबंध के आधार पर। अब किसने इसे बनाने की अनुमति दी, इस पर भी निगम अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं। अब डीपीएस सिद्धार्थ विहार के सामने एफ ओबी बनकर लगभग तैयार हो गया। यह वही एफओबी है जिसे लेकर नगर निगम बोर्ड की इसी महीने की सात जनवरी को हुई बैठक में विवाद हुआ था।

बोर्ड ने प्रस्ताव पास नहीं किया था। उस समय न्यू लिंक रोड नहीं बनी थी। फिर अब किसी तरह से निगम ने वहां एफओबी बनाने की अनुमति जारी कर दी।

# एनटीपीसी दादरी में ग्राम विकास सलाहकार समिति की बैठक

- विकास कार्यों को लेकर हुई चर्चा

**पायनियर समचार सेवा।** नोएडा

एनटीपीसी दादरी के सभागार में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में ग्राम विकास सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

इस बैठक में एनटीपीसी प्रबंधन के अधिकारी और समीपवर्ती गांव के ग्राम प्रधान भी मौजूद रहे और सीएसआर के माध्यम से कराए जाने वाले विकास को लेकर चर्चा हुई और किस तरह से गांव में कार्य कराए जाना है, उसको लेकर खाका तैयार किया गया। सीएसआर-सामुदायिक विकास से संबंधित गतिविधियों के संबध में मुख्य विकास अधिकारी, जिला परिषद अध्यक्ष दादरी, ग्राम प्रधानों व एनटीपीसी प्रबंधन के मध्य ग्राम विकास सलाकार समिति बैठक का आयोजन एनटीपीसी दादरी में किया गया। बैठक के प्रारंभ में महाप्रबंधक वी शिवा प्रसाद ने उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ से कर एनटीपीसी सीएसआर के अंतर्गत कराए जा रहे विकास कार्यो एवं गतिविधियों पर प्रकाश डाला तथा उपस्थित प्रधानों से सुझाव मांगा।

## विद्युत विभाग की प्रस्तावित बिजली दरों को लेकर व्यापारियों में आक्रोश

**नोएडा।** पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, मेरठ द्वारा बिजली की प्रस्तावित दरें 15.85 से 23 प्रतिशत तक बढ़ोतरी किए जाने पर यूपी उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल नोएडा इकाई ने कड़ा एतराज जताया है।

शनिवार को नोएडा सेक्टर 5 स्थित हरौला में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की एक अहम बैठक में अध्यक्ष नरेश कुच्छल व चेयरमैन रामअवतार सिंह ने कहा कि इससे व्यापारियों, उद्यमियों सहित आम जनता पर महंगाई का भारी बोझ बढ़ेगा। उन्होंने दावा किया कि अन्य पड़ोसी राज्यों जैसे दिल्ली, उत्तराखंड की अपेक्षा उत्तर प्रदेश में विद्युत की दरें पहले से ही अधिक है। जबकि बिजली कंपनियों द्वारा नियामक आयोग को दी गई 15.85 प्रतिशत से 23 प्रतिशत तक वृद्धि के साथ प्रस्तावित दरों के लागू होने पर उपभोक्ता का जीना मुहाल हो जाएगा। वाणिज्य एलएमबी.2 उपभोक्ता से फिक्स चार्ज के अलावा मिनिमम दोनों चार्ज वसूले जा रहे हैं। इससे वाणिज्य एलएमबी.2 के उपभोक्ता की बिजली दरें पूर्व से ही सबसे महंगी है।

# 'मांगें नहीं मानी गईं तो रिवर हाइट्स सोसाइटी में होगा बड़ा आंदोलन'

- पांच हजार की कीमत वाले मीटर के 21 हजार रुपये वसूल करने का लगाया आरोप

**पायनियर सामचार सेवा।** गाजियाबाद



राजनगर एक्सटेंशन की रिवर हाईट्स सोसायटी में आवारा कुत्तों को लेकर चल रहा विवाद तूल पकड़ता जा रहा है। इस मुद्दे को लेकर नगर निगम अधिकारियों व फ्लैट ओनर फेडरेशन और एआईओ के बीच अंतिम निर्णय लिया जाएगा, अगर दोनों पक्षों में बात नहीं बनी तो अन्य सोसायटी में भी आंदोलन शुरू हो जाएगा।

एक प्रेसवार्ता में फेडरेशन के चेयरमैन कर्नल टीपी त्यागी ने बताया कि फेडरेशन की लड़ाई सिर्फएक नहीं दो मुद्दो को लेकर है। पहली शिकायत सोसायटी में मल्टीपल विद्युत कनेक्शन को लेकर है। सोसायटी में अपने खर्च से ट्रांसफार्मर लगाए, लाइनें बिछवाई गईं, लेकिन अब विद्युत विभाग मल्टीपल कनेक्शन के नाम पर लूट मचा रहा है। पांच हजार रुपए की कीमत का मीटर 21 हजार में जबरदस्ती दिया जा रहा है जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सरकार को अपना यह निर्णय वापस लेना होगा।

दूसरी शिकयत आवारा कुत्तों की समस्या को लेकर है। उन्होंने बताया कि यह समस्या सिर्फ एक सोसायटी की नहीं है, बल्कि सभी सोसायटी में यह दिक्कत हैं। लगातार इसके विरोध में क्रमिक अनशन किया जा रहा है।

अगर यह मांग नहीं मानी गई तो यह आंदोलन पूरे यूपी की सोसायटीज में शुरू किया जाएगा। यूपी कोरवा के अध्यक्ष पवन कौशिक ने भी कहा कि समस्या दूर नहीं की गई तो बड़े स्तर पर आंदोलन होंगे।

# संक्षिप्त समाचार



सम्पूर्ण समाधान दिवस पर व्यापारियों की समस्या सुनते पुलिस अधिकारी।

### गौतमबुद्ध नगर में 3 मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार

**नोएडा।** मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के खिलाफ गौतमबुद्ध नगर पुलिस ने विशेष अभियान छेड़ा हुआ है। पुलिस लगातार तस्करों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में कासना थाना पुलिस ने अलग.अलग जगह से तीन शातिर तस्करों को गिरफ्तार किया। तस्करों के पास से गांजा और शराब बरामद की गई है। कासना थाना पुलिस ने तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान थाना क्षेत्र के पैराडाइज कंपनी चौराहे के पास से बुलंदशहर निवासी कामरान शेख को गिरफ्तार किया गया। कामरान के कब्जे से 1 किलो से ज्यादा अवैध गांजा बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि यह शातिर गांजा तस्कर है, जो फैक्ट्री और कंपनियों में पुड़िया बना कर अवैध तरीके से गांजे की तस्करी किया करता था। वहीं, पुलिस ने सिरसा गोल चक्कर के पास से एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि आरोपी संभल निवासी सूरजपाल है।

### चैलेंजर्स ग्रुप से मिले पूर्व सीएम अखिलेश यादव

**नोएडा।** पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने दिल्ली आवास पर शुक्रवार को चैलेंजर्स ग्रुप के बच्चों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने संस्था की खूब प्रशंसा की। गौरतलब हैं की पिछले पांच वर्षो से चैलेंजर्स की पाठशाला के माध्यम से संस्था मलिन बस्तियों के बच्चों को नि:शुल्क पढ़ाने का काम करती हैं इन बच्चों द्वारा एशिया रिकॉर्ड बनाने पर उनको बधाई दी और आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इस दौरान ग्रुप के संस्थापक प्रिंस शर्मा भी मौजूद रहे। अखिलेश यादव ने ग्रुप की सराहना करते हुए कहा कि संस्था ऐसे बच्चों को पढ़ाकर काफी अच्छा काम कर रही है। संस्था के संस्थापक व अध्यक्ष प्रिंस शर्मा व डॉ आश्रय ने चैलेंजेर्स ग्रुप की स्मारिका संघर्ष 2022 उनको सप्रेम भेंट की। इसके अलावा बच्चों ने भी पूर्व मुख्यमंत्री को कविताएं लेख और कहानियां सुनाई जिन्हें सुनकर वह भी काफी खुश हो गए। इस मौके पर शिव शर्मा, अमित यादव बबलू, सूजेन, रकीमा, सौरभ व अन्य लोग भी मौजूद रहे।

### किसान एकता संघ ने सदर तहसील पर किया प्रदर्शन

**नोएडा।** किसान एकता संघ के कार्यकर्ता ने सदर तहसील पर जोरदार प्रदर्शन किया। किसानों की समस्याओं को लेकर कार्यकर्ता धरने पर बैठ गए और तहसील परिसर में ही जमकर नारेबाजी की गई। लोगों ने तहसील में किसानों के कार्य सही तरीके से न करने के आरोप लगाए और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने के भी आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। किसान एकता संघ के प्रदेश महासचिव सतीश कनारसी ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष सोरन सिंह प्रधान के नेतृत्व में सदर तहसील पर किसानों के हो रहे उत्पीडन को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया।

### कैब लूटने वाले बदमाश को पुलिस मुठभेड़ में लगी गोली

**नोएडा।** बिसरख कोतवाली क्षेत्र में पुलिस व बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में कैब लूटने वाला एक बदमाश घायल हो गया, घायल को उपचार के लिए पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया है। बदमाश को पकड़े जाने की जानकारी नोएड़ा पुलिस के सेंट्रल डीसीपी ने दी है एडिशनल डीसीपी सेंट्रल नोएडा विशाल पांडे ने बताया कि गुरुवार देर रात कैब बुक कराने के बाद बदमाश ने उसे लूट लिया था। शिकायत के आधार पर पुलिस के द्वारा बदमाश की तलाश की जा रही थी। शुक्रवार देर रात लगभग 10;30 बजे पुलिस ने बदमाश को मिलक लच्छी गांव के पास घेर लिया।

# एक्सप्रेसवे पर बुलेट चलाते, बीयर पीते हुए बनाई रील, वीडियो वायरल-पहुंचा हवालात

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

पुलिस की लगातार कार्रवाई के बावजूद इंटरनेट मीडिया पर लाइक्स और फालोअर्स बढ़ाने की चाहत में युवा सड़क पर स्टंट करने, रास्ता रोककर हाईवे पर बर्थडे मनाने और खुलेआम डांस करने से बाज नहीं आ रहे।

शुक्रवार रात एक और युवा को थाना मसूरी पुलिस ने गिरफ्तार किया है, जिसका दिल्ली मेरठ एक्सप्रेसवे डीएमई पर बुलेट बाइक पर चलते हुए बीयर पीने का वीडियो प्रसारित हुआ था। एसीपी सदर निमिष पाटिल ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित आनंद है, जो नूरपुर गांव में रहता है। शुक्रवार को इंटरनेट मीडिया पर आनंद का यह वीडियो प्रसारित हुआ, जिसमें बैकग्राउंड म्यूजिक भी चल रहा है। वीडियो के आधार पर ट्रैफिक पुलिस ने बाइक का 31 हजार रुपये का चालान किया। वीडियो के आधार पर क्षेत्र की तस्दीक होने के बाद थाना मसूरी पुलिस ने आनंद की पहचान की आज शुक्रवार देर रात उसे गिरफ्तार कर लिया। ट्रैफिक पुलिस सात जनवरी से डीएमई के आठ प्वाइंट पर चेकिंग कर बाइक व स्कूटी सवारों के चालान कर रही है, क्योंकि डीएमई पर दो व तीन पहिया वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित है। पुलिस दो सप्ताह में 3540 वाहनों के 20.20 हजार रुपये के चालान काट चुकी है।

लगभग 100 वाहनों को सीज भी किया जा चुका है। बावजूद इसके रील बनाने वालों पर सख्ती का असर नहीं दिख रहा। आनंद ने पुलिस को बताया कि उसने डिडवारी में रेस्ट एरिया के पास से डीएमई पर प्रवेश किया था।

## साहिबाबाद क्षेत्र में ऑफिस में घुसकर लूटपाट

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद थाना क्षेत्र के दिलशाद एक्सटेंशन में बदमाशों ने शुक्रवार रात एक ऑफिस में धावा बोल दिया और हजारों की नगदी व जरूरी कागजात लूट लिए।

भागते वक्त बदमाशों ने ऑफिस मालिक के रिश्तेदार पर कटर से जानलेवा हमला कर दिया, इसमें वे बाल-बाल बचे। बदमाश भागने में कामयाब रहे।

निवासी विशाल शर्मा के मुताबिक, तीन नकाबपोश बदमाश ताला काटकर उनके फ्लैट में घुस गए, जहां पर ऑफिस बना रखा है। यहां से बदमाशों ने 13300 रुपए और कुछ जरूरी कागजात निकाल लिए।

# भाई को जमानत दिलाने बिहार से आई बहन ने की आत्महत्या

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

भाई की रिहाई की प्रक्रिया पूरी करने को बिहार के मोतिहारी से आई महिला का शव होटल के कमरे में फंदे से लटका मिला।

जेल से छूटकर होटल पहुंचे भाई ने पुलिस को सूचना दी, जब महिला के कमरे का दरवाजा काफी देर बाद भी नहीं खुला। पुलिस ने दरवाजा काटकर देखा तो अंदर महिला का शव फंदे से लटका था। घटना शुक्रवार रात पौने बजे वेव सिटी थानाक्षेत्र के अनंत होटल की है। मौके से सुसाइड नोट नहीं मिला है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर पुलिस छानबीन कर रही है।

एसीपी वेव सिटी रवि प्रकाश सिंह ने बताया कि बिहार के मोतिहारी में पताही के रहने वाला चंदन पांडेय अपने सहकर्मी की ढाई साल की बेटी की दुष्कर्म के बाद हत्या के आरोप में गिरफ्तार हुआ था। थाना कविनगर क्षेत्र में घटना में चंदन को पोक्सो कोर्ट ने महज 20 दिन में दोषी करार देते हुए फांसी की सजा सुनाई थी। हाईकोर्ट में अपील करने के बाद उसे पिछले जमानत मिल गई थी।



डीसीपी ग्रामीण द्वारा थाना वेवसिटी का औचक निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान थाने के अभिलेखो, माल खाना,बैरक, भोजनालय, आदि का निरीक्षण कर अभिलेखो को ठीक करने व थाना में साफ-सफाई दिए।

# रन फॉर जी-20 वॉकथनः शहरवासियों ने कदमताल कर दिखाई एकजुटता

- नोएडा स्टेडियम में बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं, खिलाड़ी, उद्यमी, एओए, आरडब्ल्यूए से जुड़े पदाधिकारी जुटे

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



जी-20 सम्मेलन के प्रचार-प्रसार व सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शनिवार सुबह आठ बजे सेक्टर-21ए स्थित नोएडा स्टेडियम से रन फार जी-20 वाकथान आयोजित हुई। इसे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्चुअल हरी झंडी दिखाई।

नोएडा स्टेडियम के गेट नंबर चार से शुरु हुई वाकथान एडोब चौक होते हुए पुन गेट नंबर चार पर समाप्त हुई। इसमें एक हजार से अधिक खिलाड़ियों, उद्यमियों, आरडब्ल्यूए, एओए से जुड़े लोगों ने हिस्सा लिया। करीब दो किलोमीटर लंबी वाकथान में हर सौ मीटर पर एक.एक अधिकारी फ्लैग सौंपते हुए आगे बढ़ें। वाकथान के मद्देनजर नोएडा स्टेडियम के सामने की सड़क वाहनों की आवाजाही के लिए प्रतिबंधित रही। इस दौरान नोएडा स्टेडियम के आसपास से गुजरने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वाकथान के सभी रास्तों पर पुलिस का कड़ा पहरा। आयोजन से जुड़े अधिकारियों को छोड़कर किसी को भी कार्यक्रम स्थल तक वाहन के साथ जाने की अनुमति नहीं मिली। लोगों को पार्किंग में अपने वाहनों को खड़ा करना पड़ा। पुलिस अधिकारियों ने वाकथान की शुरुआत से लेकर बाद तक सुरक्षा की सभी स्थितियों का जायजा लिया।

रन फार जी-20 के मद्देनजर स्टेडियम के चारों ओर सेक्टर 12,22 चौक, स्टेडियम चौक, स्पाइस माल चौक, एडॉब चौक के पास सुबह आठ से ट्रैफिक डायवर्जन लागू रहा। वाकथान में हिस्सा लेने के लिए सुबह से नोएडा स्टेडियम में बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं, खिलाड़ी, उद्यमी, एओए, आरडब्ल्यूए से जुड़े पदाधिकारी जुटने लगे थे।

वहीं नोएडा प्राधिकरण, जिला प्रशासन के अधिकारियों ने आयोजन को सफल बनाने के लिए जरूरी तैयारियों का जायजा लिया। वाकथान से पहले जुंबाथान हुई, जिसमें शहरवासी और अधिकारी जमकर थिरके। मुख्यमंत्री द्वारा वाकथाम को हरी झंडी दिखाने के बाद वाकथान में हिस्सा लिया। वाकथाक के बारे में बताते हुए जिलाधिकारी सुहास एलवाई ने कहा कि रन फार जी 20 के लिए समाज के सभी वर्गों ने रुचि दिखाई। स्कूली बच्चे, खिलाड़ियों और उद्यमियों ने वाकथान में हिस्सा लिया। गौतमबुद्धनगर को जी-20 की बैठकें और मेजबानी का अवसर मिला है।

हमें आशा ही नहीं पूरी उम्मीद है कि अवसर को सफल तरीके से निभाएंगे। उन्होंने आगे कहा- जी.20 में देश और विदेश से लोग आते हैं पूरी दुनिया की नजर इसपर टिकी रहती हैं जिला पहले से प्रबुद्ध लोगों की नगरी हैं। हम देश की विरासत, परंपरा और संस्कृति को प्रदर्शित करते हुए जो हमें अवसर मिला है। उसे दुनिया के सामने रखेंगे।

रन फॉर जी-20 का आयोजन गौतमबुद्धनगर के साथ वाराणसी, लखनऊ और आगरा में किया गया है। जिले में सभी आयोजन सफल हो इसके लिए सभी तैयारियां की जाएगी।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तो और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# छेड़छाड़ मामले में मालीवाल पर आक्रामक हुई भाजपा

## विपक्षी दल ने घटनाक्रम को बताया फर्जी, जांच पूरी होने तक पद से हटाने की मांग



प्रवीण शंकर कपूर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

एम्स के बाहर रात में दिल्ली महिला आयोग दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल से हुई छेड़छाड़ व अभद्रता का मामला अब राजनीतिक रंग ले चुका है।

भाजपा की दिल्ली इकाई ने शनिवार को स्वाति मालीवाल पर शनिवार को हमला तेज करते हुए उनसे छेड़छाड़ के आरोपों की निष्पक्ष पुलिस जांच के लिए उपराज्यपाल से उन्हें (मालीवाल को) पद से हटाने की मांग की। विपक्ष ने पूरे मामले को फर्जी बताया है। भाजपा की दिल्ली इकाई के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने उपराज्यपाल वीके सक्सेना को लिखे पत्र में उनसे 19 जनवरी को मालीवाल के साथ हुई कथित छेड़छाड़ की घटना की पुलिस जांच पूरी होने तक उन्हें निलंबित करने का अनुरोध किया है।

मालीवाल ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया था कि अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के बाहर नशे में धुत एक कार सवार ने उनके साथ छेड़छाड़ की और फिर उन्हें अपनी गाड़ी से 10-15 मीटर तक घसीटा। मालीवाल का दावा है कि गाड़ी की खिडकी में उनका हाथ फंस गया था, तभी वाहन चालक ने कार आगे बढ़ा दी।

इस मामले में 47 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। कपूर ने कहा कि हर किसी ने घटना की निंदा की है और यह संतोषजनक है कि घटना की सूचना मिलने के बाद दिल्ली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की और आरोपी को एक घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि लेकिन इस मामले में सोशल मीडिया पर उपलब्ध रिपोर्ट और मीडिया में आई खबरों से संकेत मिलता है कि छेडखानी करने वाला हरीश चंद्र दिल्ली में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी का सूर्यवंशी संगम विहार से सक्रिय कार्यकर्ता है।

उन्होंने कहा कि हरीश चंद्र सूर्यवंशी की एक आप विधायक के साथ प्रचार करते हुए तस्वीरें हैं। कपूर ने कहा कि छेड़छाड़ करने के आरोपी व्यक्ति के आम आदमी पार्टी से संबंध का खुलासा करने वाले इस घटनाक्रम ने स्वाति मालीवाल का पर्दाफाश कर दिया है और वह अपने संवैधानिक पद का इस्तेमाल कर इस मामले में पुलिस जांच को प्रभावित करने की पूरी कोशिश करेंगी।

कपूर ने अपने पत्र में उपराज्यपाल से आग्रह किया है कि वह कथित छेड़छाड़ की घटना की जांच पूरी होने तक डीसीडब्ल्यू अध्यक्ष के पद से मालीवाल को निलंबित करें, ताकि वह जांच को प्रभावित करने के लिए अपने पद का दुरुपयोग न कर सकें।

भाजपा ने शुक्रवार को भी मालीवाल से छेड़छाड़ के दावों पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया था कि जिस व्यक्ति पर उन्होंने आरोप लगाया है वह आप सदस्य है और उनका नाटक एक साजिश का हिस्सा था जिसका अब पर्दाफाश हो गया है।

### मालीवाल अपने रुख पर कायम



*वहीं भाजपा नेताओं पर पलटवार करते हुए डीसीडब्ल्यू अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने ट्वीटर पर लिखा कि इसके कहा कि जिन्हें लगता है मेरे बारे में झूठी और गंदी बातें कर मुझे डरा देंगे उनको बता दूं मैंने सर पर कफन बांध कर, इस छोटी सी जिंदगी में बहुत बड़े काम किए हैं। मुझपर कई अटैक हुए पर मैं रुकी नहीं। हर अत्याचार से मेरे अंदर की आग और बढ़ी। मेरी आवाज कोई नहीं दबा सकता जब तक जिंदा हूं लड़ती रहूंगी।*

### शहर को बदनाम करने की साजिश : मीनाक्षी लेखी



*केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी ने दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) की प्रमुख स्वाति मालीवाल से छेड़छाड़ के आरोपों को लेकर दावा किया कि ये आरोप राष्ट्रीय राजधानी को बदनाम करने के लिए दिल्ली में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) द्वारा रची गई साजिश का हिस्सा हैं। इसी के साथ लेखी भी इस मामले को लेकर आप की आलोचना करने वाले भाजपा नेताओं की सूची में शामिल हो गईं।*

*उन्होंने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए सवाल किया कि वह दिल्ली को बदनाम और बर्बाद करने के लिए किस हद तक जाएंगे। लेखी ने दावा किया कि जिस व्यक्ति पर दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष ने छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है, वह आप सदस्य है। उन्होंने आरोप लगाया कि ए आरोप दिल्ली को बदनाम करने की साजिश के तहत लगाए गए हैं। भाजपा नेताओं का आरोप है कि आप सरकार द्वारा नियुक्त मालीवाल ने केंद्र के अधीन आने वाली दिल्ली पुलिस को निशाना बनाने के लिए जानबूझकर इस घटना की पृष्ठभूमि तैयार की। भाजपा नेता मनोज तिवारी, शाजिया इल्मी और वीरेंद्र सचदेवा ने आरोपी के आप से कथित रूप से संबंधित होने को लेकर पार्टी पर निशाना साधा था।*

# एलजी लगा रहे शिक्षा विभाग पर झूठे आरोप : सिसोदिया

- उपमुख्यमंत्री ने कहा- शिक्षकों का मजाक उड़ा रहे वी.के सक्सेना



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने शनिवार को उपराज्यपाल वीके सक्सेना पर निशाना साधते हुए उन पर शिक्षा विभाग के खिलाफ झूठे आरोप लगाने और राष्ट्रीय राजधानी में कार्यरत शिक्षकों का मजाक उड़ाने का आरोप लगाया।

सिसोदिया ने सक्सेना को लिखे पत्र में कहा कि उपराज्यपाल द्वारा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को शुक्रवार को भेजा गया पत्र राजनीतिक मकसद से लिखा गया था और शिक्षा विभाग के खिलाफ उनके झूठे आरोप दिल्ली के छात्रों और शिक्षकों का अपमान हैं।

शिक्षा विभाग का कार्यभार संभाल रहे सिसोदिया ने कहा कि उपराज्यपाल ने राजनीतिक मकसद से पत्र लिखा और कहा कि दिल्ली के शिक्षा विभाग में कोई काम नहीं किया गया है। उनके आरोप दिल्ली के छात्रों और शिक्षकों का अपमान हैं। मैं उपराज्यपाल से अनुरोध करता हूं कि वह हमारे उन शिक्षकों के काम का मजाक न उड़ाएं, जिन्होंने विभाग में बेहतरीन काम किया है।

सक्सेना ने केजरीवाल को शुक्रवार को लिखे पत्र में शहर के शिक्षा विभाग को लेकर कई मामले उठाकर दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) सरकार को कटघरे में खड़ा करने की कोशिश की थी। उन्होंने आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि 2012-2013 में सरकारी स्कूलों में औसत उपस्थिति 70.73 प्रतिशत थी, जो साल दर साल लगातार गिरती गई और 2019-2020 में घटकर 60.65 प्रतिशत तक पहुंच गई। सिसोदिया ने आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि दिल्ली सरकार द्वारा संचालित स्कूलों के 99.6 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए हैं और इन स्कूलों में बड़ी संख्या में छात्रों को अच्छे अंक मिले हैं।

उन्होंने कहा कि उपराज्यपाल की कुर्सी पर बैठे व्यक्ति को गलत आंकड़ों का हवाला देकर पत्र लिखना शोभा नहीं देता। उपराज्यपाल ने आरोप लगाया है कि दिल्ली के सरकारी स्कूलों में छात्रों की संख्या 16 लाख से घटकर 15 लाख रह गई है, जबकि हकीकत यह है कि छात्रों की संख्या बढक़र 18 लाख पर पहुंच गई है। हमारे शिक्षा विभाग ने स्कूलों के बुनियादी ढांचे में भी बदलाव किया है।

### पिछले 7 सालों में शिक्षा में हुआ सुधार: केजरीवाल

केजरीवाल ने सोशल मीडिया पर कहा कि दिल्ली के शिक्षकों, छात्रों और उनके माता-पिता ने मिलकर शहर की शिक्षा प्रणाली में सुधार के लिए पिछले सात साल में कड़ी मेहनत की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उपराज्यपाल को शिक्षा प्रणाली का अपमान करने के बजाय उन्हें प्रोत्साहित करना चाहिए। आप के राष्ट्रीय प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने उपराज्यपाल द्वारा मुख्यमंत्री को लिखे पत्र का जिक्र करते हुए कहा कि सक्सेना का बयान अपमानजनक है। उन्होंने कहा कि उपराज्यपाल का बयान अपमानजनक था।





गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर कर्तृव्यपथ पर सेना के जवान मुस्तैद हैं। वहीं रोज यहां पर रिहर्सल भी हो रहा है। कदमताल करते हुए सेना के जवानों को देखने के लिए यहां लोगों की भीड़ लग जाती है।

# शराब पीकर गाड़ी चलाने के मामले में यातायात पुलिस को नोटिस

- महिला आयोग ने पूछा, खतरे से निपटने के लिए कौन से कदम उठाए

**पायनियर समचार सेवा।** नई दिल्ली

शराब पीकर गाड़ी चलाने के मामले में दिल्ली महिला आयोग ने शनिवार को राजधानी की यातायात पुलिस को नोटिस देकर जवाब मांगा है कि इस खतरे से निपटने के लिए उसकी ओर से अब तक कौन से कदम उठाए गए हैं। आयोग ने पुलिस से मंगलवार तक जवाब मांगा है।

नोटिस में कंझावला हादसा (जिसमें 12 किलोमीटर तक कार से घसीटे जाने के बाद एक युवती की मौत हो गई थी) का जिक्र करते हुए कहा गया कि पता चला है कि आरोपी काफी नशे में थे। इसमें दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल को परेशान करने और नशे में एक व्यक्ति द्वारा चलाई जा रही कार से उन्हें कथित रूप से घसीटे जाने का भी जिक्र है। अपने नोटिस में आयोग ने कहा कि शराब पीकर गाड़ी चलाना ना केवल सडक़ दुर्घटना का सबसे आम कारण है, बल्कि इससे महिलाओं की सुरक्षा को भी बड़ा खतरा उत्पन्न हो गया है। आयोग ने कहा इस खतरे को तुरंत रोकने की जरूरत है। यह भी कहा गया कि आयोग ने कोविड-19 के दौरान नशे में गाड़ी चलाने वालों की पहचान करने में दिल्ली पुलिस द्वारा सांस के जरिए शराब पीने की जानकारी देने वाली मशीन (ब्रेथ एनालाइजर मशीन) का इस्तेमाल नहीं करने का भी मुद्दा उठाया।

नोटिस में आयोग ने पूछा है कि ब्रेथ एनालाइजर का इस्तेमाल फिर से शुरू किया गया है या नहीं, यदि नहीं तो क्यों। आयोग ने पुलिस से उसके पास मौजूद काम कर रहीं मशीनों की संख्या बताने के लिए भी कहा है।

# डीएमआरसी का अधिकारी बताकर नौकरी के नाम पर ठगी, गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) में सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर कई लोगों से ठगी करने के आरोप में 34 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के मुताबिक, आरोपी की पहचान पवन भारद्वाज के रूप में हुई है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि एक व्यक्ति ने सात नवंबर, 2022 को शिकायत दर्ज कराई थी कि रोहित नाम के एक व्यक्ति ने उसके साथ 3,20,000 रुपए की धोखाधड़ी की है। शिकायतकर्ता ने कहा कि ठगी करने वाले व्यक्ति ने अपना नाम रोहित बताया और खुद को डीएमआरसी के मानव संसाधन प्रबंधक के रूप में पेश किया।

पुलिस के मुताबिक आरोपी शख्स ने शिकायतकर्ता से थोड़े-थोड़े कर पैसे लिए और बाद में अपना फोन बंद कर दिया। घोटाले के अंत तक, शिकायतकर्ता 3,20,000 रुपए गंवा चुका था। अधिकारी ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी का पता लगाया और उसे कुतुब विहार से गिरफ्तार कर लिया।

# कनॉट प्लेस के होटल में लगी आग

- हादसे में कोई घायल नहीं हुआ



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

कनॉट प्लेस स्थित एक होटल में शनिवार सुबह आग लग गई। अधिकारियों ने बताया कि घटना में किसी के घायल होने की कोई सूचना नहीं है। उन्होंने बताया कि आग की चपेट में आया होटल सनसिटी कनॉट प्लेस के एफ ब्लॉक में स्थित है। अधिकारियों के मुताबिक, दिल्ली दमकल सेवा को शनिवार सुबह आठ बजकर 51 मिनट पर होटल में आग लगने की सूचना मिली, जिसके बाद दमकल की 13 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया।

अधिकारियों ने बताया कि आग की लपटों पर पूर्वाह्न 10 बजकर 35 मिनट पर काबू पा लिया गया और पानी का छिडक़ाव जारी है। मध्य दिल्ली के संभागीय दमकल अधिकारी राजेंद्र पटेल ने कहा कि हमें शुरुआत में जानकारी मिली थी कि एक होटल में आग लगी है। मौके पर पहुंचने के बाद हमें पता चला कि यह सिनसिटी नाम का एक रेस्तरां है। रेस्तरां बिल्डिंग की पहली मंजिल पर है। उन्होंने कहा, रेस्तरां के आगे और पीछे के गेट को खोलने के बाद आग बुझाने का अभियान शुरू किया गया। ऐसा लगता है कि आग रेस्तरां के बार से शुरू हुई थी।

# जी-20 की अध्यक्षता मिलने पर छात्रों ने निकाला मार्च

- हाथों में तिरंगे और गुब्बारे लेकर मनाया जश्न

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

जी-20 के सदस्य देशों के अलावा अन्य देशों के कई विद्यार्थियों ने भारत को जी-20 की अध्यक्षता मिलने के उपलक्ष्य में यहां एक मार्च निकालकर जश्न मनाया।

राजघाट स्थित गांधी दर्शन से लेकर लाल किला स्थित चरती लाल गोयल हेरिटेज पार्क तक यह जी-20 विश्व शांति मार्च निकाला गया जिसमें विद्यालयों के विद्यार्थी अपने हाथों में तिरंगे और गुब्बारे लिए हुए थे। इस मार्च में लगभग 120 अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों ने भी हिस्सा लिया जिनका फूल-मालाओं से स्वागत किया गया।

इस कार्यक्रम का आयोजन पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा नेता विजय गोयल की तरफ से किया गया था।

मॉरीशस निवासी एसएसआर मेडिकल कॉलेज की छात्रा प्रेरणा ने कहा कि मार्च में शामिल होना और शानदार प्रस्तुति को देखना शानदार था। मुझे एसएसआर कॉलेज के जरिए आमंत्रित किया गया था। मुझे लगता है कि जी-20 के जरिए बहुत सारे मुद्दों को उठाने की आवश्यकता है।

# यमुना में पर्यावरणीय प्रवाह सुनिश्चित करें: उपराज्यपाल

- अंतरराज्यीय समन्वय के जरिए प्रयास की पहल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने अधिकारियों को अंतरराज्यीय समन्वय के जरिए यमुना नदी के दिल्ली में पडऩे वाले हिस्से में न्यूनतम पर्यावरणीय प्रवाह (ई-प्रवाह) सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

सक्सेना यमुना नदी की स्वच्छता के लिए एनजीटी की ओर से नियुक्त उच्च स्तरीय समिति की अध्यक्षता कर रहे हैं। नदी में ई-प्रवाह सुनिश्चित करना समयबद्ध तरीके से पूरी की जाने वाली उस कार्ययोजना के आठ सूत्रीय मापदंडों में शामिल है जिस पर शुक्रवार को समिति की पहली बैठक में सहमति बनी थी। केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय को सौंपी गई अपनी कई रिपोर्ट में दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति ने इस बात को उजागर किया है कि न्यूनतम पर्यावरणीय प्रवाह के अभाव में नदी स्नान योग्य नहीं हो सकती। मंत्रालय के अनुसार उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान और दिल्ली के बीच वर्ष 1994 के जल बंटवारा समझौते में 2025 में संशोधन होगा।

### प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए 100 दिनों का अभियान




*नई दिल्ली। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने शनिवार को राष्ट्रीय रजाधानी दिल्ली को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए जनता से हिस्सेदारी की अपील की। वे एक कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे थे। जहां उन्होंने दिल्ली को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए 100 दिन के अभियान की शुरुआत की है। जानकारी के अनुसार एलजी ने कार्यक्रम में बोलते हुए कहा, हमें दिल्ली को प्लास्टिक मुक्त बनाना होगा और कोई नीति तभी सफल हो सकती है, जब जनता उसको खुद लागू करने में हिस्सेदारी ले। मुझे बताया गया है कि विभिन्न उत्पाद प्लास्टिक से बने होते हैं, जो हमें प्लास्टिक का अच्छा उपयोग करने में मदद करेंगे। यह एक बड़ी पहल है। हम दिल्ली को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए 100 दिनों का एक अभियान की शुरुआत कर रहे हैं।*

## संक्षिप्त समाचार

### यूनानी को उचित प्रतिनिधित्व देने की मांग



प्रो. मुश्ताक अहमद

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस ने भारतीय चिकित्सा प्रणाली के लिए राष्ट्रीय आयोग (एनसीआईएसएम) में यूनानी चिकित्सा पद्धति को उचित प्रतिनिधित्व दिए जाने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। पत्र के जरिए एनसीआईएसएम एक्ट-2020 में जरूरी संशोधन की मांग की गई है। ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. मुश्ताक अहमद ने पीएम नरेंद्र मोदी को लिखे पत्र में कहा है कि एनसीआईएसएम एक्ट-2020 के जरिए भारतीय चिकित्सा केंद्रीय परिषद की जगह भारतीय चिकित्सा प्रणाली के लिए राष्ट्रीय आयोग (एनसीआईएसएम) का गठन किया गया। दुर्भाग्यवश इसमें यूनानी चिकित्सा पद्धति को पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं दिया गया जिससे देशभर में यूनानी चिकित्सा से जुड़े लोगों में नाराजगी पाई जा रही है।

### दिल्ली में धीरे-धीरे बढ़ रहा दिन का तापमान

**नई दिल्ली ।** राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार को अधिकतम तापमान सामान्य से दो डिग्री अधिक 23.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री कम 6.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आईएमडी के मुताबिक अगले हफ्ते शहर में हल्की से मध्यम बारिश होने की उम्मीद है। मौसम कार्यालय ने रविवार को कोहरे के साथ न्यूनतम और अधिकतम तापमान क्रमश- 8 डिग्री सेल्सियस और 23 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना जताई है।

### रमेश बिधूड़ी के आवास पर आप का धरना

**नई दिल्ली।** तुगलकाबाद के एक इलाके के झुग्गी निवासियों को बेदखली का नोटिस मिलने को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) के विधायकों ने बड़ी संख्या में लोगों के साथ शनिवार को भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी के घर के बाहर विरोध-प्रदर्शन किया। आप विधायकों आतिशी और मदन लाल सहित पार्टी के नेताओं ने तख्तियां ले रखी थीं, जिन पर लिखा था, भाजपा शर्म करो, झुग्गियां गिराना बंद करो। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने 11 जनवरी को तुगलकाबाद किले के अंदर रहने वाले लोगों को 26 जनवरी तक हटने का नोटिस जारी किया था। आतिशी ने शुक्रवार को आरोप लगाया था कि भाजपा ने लोगों से झूठ बोला है कि वह उन्हें घर दिलाएगी। आप विधायक आतिशी ने कहा, भाजपा ने दिल्ली के लोगों से झूठा वादा किया जब उसने कहा था कि जहां झुग्गी वहां मकान। अब लोगों को उनके मकान तोड़े जाने के नोटिस मिल रहे हैं। हम दिल्ली की जनता के साथ खड़े हुए हैं और किसी को भी अपने घर से बेदखल नहीं होने देंगे।

# एम्स सीएनसी के मरीज घर तक निशुल्क पहुंचाए जाएंगे

- अस्पताल से छुट्टी पाने वालों को मिलेगी सुविधा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के कार्डियो न्यूरोसाइंसेस सेंटर (सीएनसी) ने अस्पताल से छुट्टी पाने वाले मरीज़ों को उनके घर तक छोडऩे की निशुल्क सुविधा शुरू कर दी है। इस सेवा के लिए इलेक्ट्रिक कार इस्तेमाल किया जाएगा। यह सुविधा शनिवार से शुरू भी कर दी गई है।

पिछले हफ्ते जारी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के तहत यह सुविधा सीएनसी वार्ड से छुट्टी पाने वाले मरीज़ों के लिए ही उपलब्ध होगी और निजी वार्ड तथा डे केयर (एक ही दिन में दाखिल होने और छुट्टी पाने वाले) मरीज़ पर लागू नहीं होगी। जनरल वार्ड से छुट्टी मिलने के बाद मरीज घर जाने के लिए निशुल्क वाहन बुक करा सकेंगे। एम्स के प्राइवेट वार्ड व डे-केयर में इलाज पाने वाले मरीजों को यह सुविधा नहीं मिलेगी। सुविधा की शर्तों के तहत, मरीज़ों को दिल्ली में जहां भी जाना होगा, वहां तक उन्हें पहुंचाया जाएगा। फिलहाल सेवा एनसीआर के लिए उपलब्ध नहीं है। यह सुविधा सोमवार से शनिवार सुबह 10 से शाम छह बजे तक पहले आओ पहले पाओ के आधार पर दी जाएगी।

एसओपी के तहत, यह एंबुलेंस सेवा नहीं है। लिहाज़ा जिन मरीज़ों को लिटाकर जाने की जरूरत है उनके लिए इस सेवा की अनुमति नहीं है। एक मरीज़ के साथ अधिकतम एक तिमारदार को जाने की अनुमति होगी। इसमें यह भी कहा गया है कि मरीज़ गाड़ी के सहायक व चालक को बख्शीश न दें। कुछ माह पहले ही सीएसआर (कारपोरेट सोशल रिस्पांसबिलिटी) के तहत एम्स को दस इलेक्ट्रिक कारें निशुल्क उपलब्ध कराई गई हैं। इन इलेक्ट्रिक कार का इस्तेमाल कार्डियक न्यूरो सेंटर के वार्ड से छुट्टी पाने वाले मरीजों को घर पहुंचाने में किया जाएगा। इस सुविधा के लाभ लेने के लिए मरीज के पास अस्पताल का डिस्चार्ज होना जरूरी है।

डिस्चार्ज समरी के साथ मरीज या तीमारदार को कार्डियक न्यूरो सेंटर के प्रवेश गेट के पास मौजूद आगंतुक कक्ष को पास रिपोर्ट करना होगा। सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक बुकिंग होगी।

मरीज के नाम से पर्ची बनाकर दी जाएगी। इसके बाद बुकिंग के दौरान बताए गए पते पर मरीज को वाहन से छोड़ा जाएगा। मरीज बीच रास्ते में लोकेशन बदल नहीं सकते। इसके अलावा मरीज को किसी भी तरह का शुल्क नहीं देना होगा। किसी तरह समस्या होने पर 011-26593322 नंबर पर काल करके शिकायत की जा सकती है।

### डीयू में खाली सीटें भरने को कट-ऑफ कम करने का आग्रह

**नई दिल्ली।** केजरीवाल सरकार ने दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के कुलपति योगेश सिंह को पत्र लिखकर प्रवेश प्रक्रिया के दौरान अनुसूचित जातिअनुसूचित जनजाति (एससी-एसटी) के छात्रों को पेश आ रही दिक्कतों को रेखांकित करते हुए खाली सीटों को भरने के वास्ते उनके लिए कट-ऑफ कम करने का आग्रह किया है।

डीयू में स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले की प्रक्रिया पहली बार सीयूईटी के माध्यम से की गई है।

कुल 70,000 सीटों में से हजारों सीटें नहीं भरी जा सकीं। डीयू के कुलपति ने दाखिले को फिर से खोलने की किसी भी योजना से इनकार करते हुए कहा है कि पहले सेमेस्टर की पढ़ाई खत्म होने की कगार पर है।

# गुरुग्राम पुलिस ने सीबीआई को सौंपा चिंटल्स सोसायटी का केस

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**सेक्टर**-109 की चिंटल्स सोसायटी के एक टावर में फ्लैट का लेंटर गिरने का मामला अब सीबीआई के पाले में चला गया है। हरियाणा सरकार के आग्रह पर केंद्र सरकार ने सीबीआई जांच कराने पर सहमति जताई। शनिवार को गुरुग्राम पुलिस ने अधिकारिक रूप से यह केस सीबीआई को सौंप दिया।

बता दें कि बीते साल यानी 10 फरवरी 2022 को यहां सेक्टर-109 की चिंटल्स सोसायटी के एक टावर का लेंटर ढह गया था। इस हादसे में कई लोग चोटिल हुए थे। इस मामले में थाना बजघेड़ा में मामला दर्ज किया गया था। साथ ही इसकी जांच एसीपी उद्योग विहार के नेतृत्व में गठित एसआईटी द्वारा की जा रही थी। हरियाणा सरकार द्वारा जनहित में इस मामले की जांच सीबीआई से कराने का केंद्र सरकार से अनुरोध किया गया था। केंद्र सरकार के कार्मिक विभाग ने इस केस की जांच सीबीआई से कराने के आदेश पारित किए थे। इसलिए शनिवार को गुरुग्राम पुलिस द्वारा गठित एसआईटी ने इस केस को आधिकारिक रूप से सीबीआई को सौंप दिया।

# सोहना में धूमधाम से निकाला गया नगर कीर्तन


सोहना में नगर कीर्तन में युवा आत्म रक्षा का प्रदर्शन करते हुए।


पंच प्यारे नगर कीर्तन में एक साथ चलते हुए।


किशोरियां डंबल से कला दिखाती हुई।

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**शहर** की सिंह साहिब गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से शनिवार को प्रकाश पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर शहर में नगर कीर्तन निकाला गया जिसमें युवाओं ने आत्मरक्षा की कलाओं का शानदार प्रदर्शन किया। शनिवार को शहर में प्रकाश पर्व को धूमधाम से मनाया गया। शहर के पुराना बस स्टैंड पर स्थित सिंह साहिब गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा दोपहर पहले गुरुद्वारा में प्रसाद वितरण किया।

गुरुद्वारा से दोपहर बाद शहर में नगर कीर्तन की शुरुआत की गई। नगर कीर्तन शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक से अस्पताल मार्ग, गुरुग्राम-अलवर मार्ग होते हुए शहर पुलिस थाना, बस स्टैंड मार्ग, पुराना लेबर चौक, नगर परिषद कार्यालय से होता हुआ वापस गुरुद्वारा पहुंचा। नगर कीर्तन में युवाओं ने आत्मरक्षा करने का शानदार प्रदर्शन किया। चार बैंड बाजों ने शबद कीर्तन की धुनों से शहर का माहौल आनंदमय कर दिया। पंजप्यारों के सामने सेवादारों ने सड़क मार्ग पर पानी का छिड़काव करते हुए झाड़ू से सफाई करते हुए सेवा दी।

**राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगा जाम :** नगर कीर्तन के दौरान पुलिस प्रशासन का शानदार सहयोग रहा लेकिन राष्ट्रीय मार्ग 248ए गुरुग्राम-अलवर मार्ग पर बस स्टैंड के सामने से शहर की चुंगी नंबर एक तक करीब आधा किलोमीटर में वाहनों के पहिए जाम से रहे। झांकियों के साथ-साथ चल रहे पुलिस कर्मियों ने वाहनों को धीरे-धीरे निकाल दिया। जिससे जाम अधिक प्रभावित नहीं हो सका।

## संक्षिप्त समाचार

### गणतंत्र दिवस परेड का पुलिस और एनसीसी कैडेट्स ने किया पूर्वाभ्यास



**सोहना।** गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर स्थानीय पुलिस ने पसीना बहाना शुरु कर दिया है। गणतंत्र दिवस पर पुलिस और एनसीसी कैडेट्स साथ मिलकर मुख्य अतिथि को सलामी देती है। गणतंत्र दिवस पर शहर के ताऊ देवीलाल खेल स्टेडियम में खंड स्तर पर कार्यक्रम मनाया जाता है। इस कार्यक्रम में स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति पूर्ण और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाते हैं। गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर खेल स्टेडियम में स्थानीय पुलिस की गार्द ने एसआई अंकित के नेतृत्व में अभ्यास शुरु कर दिया है। पुलिस टीम सुबह आठ बजे से दोपहर 12 बजे तक कड़ा अभ्यास कर रही है। इसके साथ ही राजकीय संस्कृति मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के एनसीसी में शामिल विद्यार्थी भी सलामी को लेकर तैयारी कर रहे है। एनसीसी प्रभारी शिक्षक हुकम सिंह ने बताया कि सुबह 7 से 10 बजे तक एनसीसी कैडर के विद्यार्थी कड़ा अभ्यास कर रहे हैं।

### बिना लाइसेंस चला रहा था ओयो रूम्स, केस दर्ज

**सोहना।** बिना लाइसेंस ओयो रूम्स की सेवाएं दे रहे होटल संचालक के खिलाफ शहर थाना पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस ने होटल संचालन से संबंधित कागजात व अन्य सबूत जुटाए। शहर थाना के एसआई जसवंत ने बताया कि शुक्रवार को वह हमराही पुलिसकर्मियों के साथ अंबेडकर बाईपास चौक के आसपास गश्त कर रहे थे। उसी समय सूचना मिली कि बाईपास चौक के गुरुग्राम मार्ग पर सर्विस रोड के निकट होटल राज में अवैध रुप से ओयो रूम्स चल रहे हैं। होटल संचालक के पास ओयो का चलाने का लाइसेंस तक नहीं है। पुलिस टीम ने सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची। जहां पर खुद को होटल का प्रबंधक बताने वाला शनिदेव निवासी गांव बुखारपुर थाना चंदावली जिला फरीदाबाद मिला। राज ओयो रूम्स संबंधी कोई लाइसेंस पेश न कर सका। इस पर होटल प्रबंधक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया।

### कुख्यात गैंगस्टर बिंदर का प्रशासन ने तोड़ा मकान


गुरुग्राम में कुख्यात गैंगस्टर बिंदर का मकान गिराती जेसीबी।

**गुरुग्राम।** हत्या, हत्या के प्रयास, लूट, डकैती, गिरोहबंदी समेत कुल 29 संगीन वारदातों को अंजाम देने वाले कुख्यात अंतरराज्यीय ईनामी गैंगस्टर बिन्दर का मकान शनिवार को प्रशासन द्वारा तोड़ दिया गया। अपराधियों की कमर तोड़ने के लिए उनकी प्रॉपर्टीज पर सरकार का लगातार प्रहार हो रहा है। गैंगस्टर बिंदर की शहर में पटौदी पुलिस चौकी के निकट डेरी नाम से एक प्रॉपर्टी (ईमारत) बनी हुई थी। शनिवार को भारी पुलिस सुरक्षा के बीच प्रशासन की जेसीबी से उनकी इस प्रॉपर्टी को जमींदोज कर दिया। कुख्यात गैंगस्टर बिंदर फिलहाल जेल में बंद है।

### श्रीराम कथा से राममय होगा गुरुग्राम का वातावरण


श्रीराम कथा स्थल सेक्टर-29 लेजरवैली पार्क का दौरा करते विधायक सुधीर सिंगला।

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम में जूनापीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी जी महाराज के मुखारबिंद से श्रीराम कथा का वाचन होगा। कार्यक्रम का आयोजन गुरुग्राम कल्चरल फाउंडेशन एवं पशु प्रेमी संघ की ओर से किया जा रहा है। कार्यक्रम में वीआईपी भी शामिल होंगे। सेक्टर-29 स्थित लेजरवैली पार्क में आगामी 9 से 15 फरवरी तक दोपहर बाद 3 बजे से शाम 6 बजे तक कथा होगी। इस श्रीराम कथा के आयोजन में आरएसएस के प्रांत संघचालक पवन जिंदल संरक्षक और संयोजक महेंद्र लाहौरिया हैं। कथा की तैयारियों का जायजा लेने के लिए शनिवार को विधायक सुधीर सिंगला कथा स्थल पर पहुंचे। उनके साथ महेंद्र लाहौरिया, गुरूप्रसाद, हनुमान गुप्ता, मंगत राम बागड़ी, परमिंदर कटारिया, मनीष यादव, सुनील, अमित गोयल, दीपक शर्मा और विष्णु मंगला भी मौजूद रहे। कथा में यजमान परिवार में विधायक सुधीर सिंगला के अलावा समाजसेवी कृष्ण सिंगला, संजय जैन, कुलभूषण सरावगी, प्रेमप्रकाश गुप्ता, कृष्ण गोरखपुरिया, गुरुप्रसाद गुप्ता, राम विलास गोयल, विनोद मित्तल, नरेंद्र गोरखपुरिया, राजकमल सिंगला, कमल अग्रवाल, राजेश जिंदल, सोम गर्ग, राम बाबू गुप्ता, अनिल गोयल, अतुल गोयल, अशोक गोयल मंगाली वाले, डा. मनदीप, राजन, संजय गोयल, सुभाष जैन, हनुमान गुप्ता, कुसुम रावलवासिया, अमित मित्तल, सीए राकेश अग्रवाल, सीए अशोक कुमार गोयल, संजीव अग्रवाल, मनोज गर्ग, सुनीत सिंघल शामिल हैं। कार्यक्रम में राम अवतार गर्ग बिट्टू, राजेश गोयल, विक्रम गुप्ता, अमित लाहौरिया, मोहन गुप्ता और धीरज रावलवासिया समन्वयक हैं।

# मानेसर नगर निगम की हुई वार्डबंदी बनाए गए हैं बीस वार्ड

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम


गुरुग्राम के मानेसर नगर निगम क्षेत्र की वार्डबंदी को लेकर गठित एडहॉक कमेटी की बैठक में जानकारी देते उपायुक्त निशांत कुमार यादव।

**गुरुग्राम** जिला के दूसरे नगर निगम मानेसर में वार्डबंदी का ड्राफ्ट तैयार कर लिया गया है। परिवार पहचान पत्र के डेटा से मिलान करके मानेसर नगर निगम में 20 वार्ड बनाए गए हैं। वार्डबंदी को लेकर गठित एडहॉक कमेटी की बैठक में उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने कहा कि राज्य सरकार के दिशा-निर्देशों के तहत यह कार्य पूर्ण किया गया है।

एडहॉक कमेटी के सदस्यों को वार्डबंदी के बारे में जानकारी दी गई कि मानेसर नगर निगम की वार्डबंदी में परिवार पहचान पत्र के डेटा को आधार माना गया है। पीपीपी के माध्यम से सरकार को प्राप्त हुए डेटा के अनुसार मानेसर निगम क्षेत्र में करीब एक लाख 70 हजार परिवार हैं। इसमें करीब 76 हजार मतदाता हैं। दोनों डेटा को आधार मानते हुए वार्ड बंदी के समय प्रत्येक वार्ड में करीब 7 से 9 हजार परिवार या करीब चार हजार मतदाताओं को समायोजित किया गया है। मानेसर नगर निगम का क्षेत्र पटौदी व बादशाहपुर विधानसभा में फैला हुआ है। ऐसे में मुख्यमंत्री मनोहर लाल की तरफ से निर्देश दिए गए थे कि वार्ड बंदी के दौरान एक वार्ड को एक विधानसभा क्षेत्र में ही रखा जाए। इसके साथ ही इस बात का भी विशेष ध्यान रखा गया है कि निगम क्षेत्र में स्थित दिल्ली-गुरुग्राम-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग व रेलवे लाइन किसी एक वार्ड को दो भागों में विभाजित ना करता हो।

**सदस्यों ने वार्डबंदी के प्रारूप पर जताई सहमति :** बैठक में उपस्थित कमेटी के सदस्य ऋषिराज राणा, मास्टर बलबीर सिंह, राव रविदत्त, बालकिशन सहित सदस्य महेश ने वार्डबंदी के ड्राफ्ट की सराहना करते हुए कहा कि राज्य सरकार आमजन को दी जाने वाली सेवाओं के सरलीकरण के उद्देश्य से निरंतर डिजिटलाइजेशन के क्षेत्र में आगे बढ़ रही है।

इसी क्रम में हरियाणा सरकार की परिवार पहचान पत्र फ्लैगशिप योजना ने वार्डबंदी जैसी जटिल प्रक्रिया का भी सरलीकरण किया है। उपायुक्त ने बताया कि एडहॉक कमेटी के सदस्यों से विचार विमर्श कर सहमति बनने के उपरांत अगले सप्ताह कमेटी की फाइनल बैठक बुलाई जाएगी, जिसमें सभी सदस्यों से फाइनल ड्राफ्ट पर हस्ताक्षर लेकर ड्राफ्ट को सरकार के पास भेजा जाएगा। इस बैठक में मानेसर नगर निगम के आयुक्त मोहम्मद इमरान रजा, अतिरिक्त उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा सहित कमेटी के अन्य सदस्यों ने भाग लिया।

परिवार पहचान पत्र के आधार पर की गई वार्ड बंदी

उपायुक्त ने वार्ड बंदी के लिए गठित एडहॉक कमेटी की हुई बैठक

एक वार्ड को एक ही विधानसभा में रखा गया है

रेलवे लाइन, नेशनल हाइवे को लेकर भी बरती सावधानी

# गुरुग्राम में गणतंत्र दिवस पर कृषि मंत्री जेपी दलाल फहराएंगे तिरंगा

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम


गुरुग्राम में गणतंत्र दिवस समारोह के कार्यक्रमों की रिहर्सल करते बच्चे।

**गुरुग्राम** में गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित किए जा रहे जिला स्तरीय समारोह में प्रदेश के कृषि मंत्री जय प्रकाश दलाल राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत गणतंत्र दिवस समारोह को भव्य रूप से आयोजित करने के लिए 24 जनवरी को समारोह के मुख्य आयोजन स्थल सेक्टर-38 स्थित ताऊ देवी लाल स्टेडियम में फुलड्रेस रिहर्सल आयोजित की जाएगी।

डीसी निशांत कुमार यादव ने बताया कि गुरुग्राम में गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय समारोह में हरियाणा के कृषि मंत्री जय प्रकाश दलाल मुख्य अतिथि होंगे। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हरियाणा सरकार द्वारा की गई नई पहल के तहत इस बार जिला में उपमंडल स्तर पर भी गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम होंगे। उन्होंने बताया कि मानेसर उपमंडल में पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता, सोहना उपमंडल में विधायक प्रवीण डागर, पटौदी उपमंडल में विधायक सीताराम यादव व बादशाहपुर उपमंडल में विधायक राजेश नागर राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। गणतंत्र दिवस समारोह की रिहर्सल ताऊ देवी लाल खेल परिसर में शुरू कर दी गई हैं।

फुलड्रेस रिहर्सल 24 जनवरी को सुबह ठीक 9:58 बजे ताऊ देवीलाल स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। जिला स्तरीय समारोह में डंबल व लेज्यिम शो के साथ साथ छह सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी जाएगी। गणतंत्र दिवस समारोह में परेड की टुकड़ियों द्वारा भव्य मार्च पास्ट प्रस्तुत किया जाएगा। मार्च पास्ट में बैंड की धुन सालवान पब्लिक स्कूल के बैंड द्वारा दी जाएगी। समारोह में मुख्यातिथि द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा।

# स्वास्थ्य जांच शिविर में 150 लोगों की जांच


स्विस कॉटेज स्कूल में आयोजित शिविर में मौजूद संस्था के सदस्य व चिकित्सक।

**गुरुग्राम।** शनिवार को स्विस कॉटेज स्कूल में मानवता स्वास्थ्य शिक्षा फाउंडेशन, रेडक्रॉस सोसायटी व एक उड़ान संस्था के सहयोग से स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर के लिए स्कूल संचालक अरुण डागर एवं वीरेंद्र डागर का मार्गदर्शन रहा। शिविर का शुभारंभ प्राचार्या नीना थामिया ने किया। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम में सामाजिक संस्थाएं हेल्थ को लेकर काफी काम कर रही हैं। स्कूल की टीचर अनुपमा ने कार्यक्रम को कोऑर्डिनेट किया। शिविर में 150 से अधिक सदस्यों ने जांच कराई।

यहां कार्डियोलॉजी, बीपी, शुगर, नेत्र, दंत, गायनी, बीएमटी की जांच की गई। जनरल फिजिशियन चिकित्सक आर्टेमिस अस्पताल की तरफ से यहां पहुंचे। नेत्र रोग की जांच के लिए सेंटर फॉर साइट से और दांतों की जांच के लिए क्लोव क्लीनिक से टीम पहुंची। शिविर में डा. टीना सिंह, डा. कृष्णा सोनी, डा. अंश, डा. फरीद, डा. संदीप, सेंटर फॉर साइट से शैलेष आदि ने सेवाएं दीं। मानवता स्वास्थ्य की टीम से अशोक गोयल, पंकज रोहिल्ला, दीपक गुप्ता, देवर्षि सचान, एक उड़ान से कल्याणी सचान, रेडक्रॉस की कविता सरकार ने विशेष योगदान दिया।

# यूपी के लोगों का गुरुग्राम के विकास में विशेष योगदान : नवीन गोयल


उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस को लेकर बैठक लेते कार्यक्रम के संयोजक नवीन गोयल।

**गुरुग्राम।** आगामी 24 जनवरी को जन सेवा यूपी एकता मंच की ओर से गुरुग्राम में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस मनाया जाएगा। इसकी तैयारियों को लेकर कार्यक्रम के संयोजक एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत कमेटी के सदस्य नवीन गोयल ने मंच के सदस्यों के साथ बैठक की। शक्ति नगर स्थित भगवान परशुराम भवन में 24 जनवरी को शाम 5 बजे से शुरू होने वाले इस कार्यक्रम को लेकर बैठक में चर्चा की गई।

नवीन गोयल ने कहा कि गुरुग्राम अकेला ऐसा जिला है, जहां पर हर राज्य के व्यक्ति का स्थायी, अस्थायी निवास है। कोई यहां बिजनेस करता है तो कोई यहां नौकरी, मजदूर करता है। हरियाणा की तरक्की में जितनी स्थानीय लोगों की भागीदारी है, उतनी ही भागीदारी यूपी जैसे बड़े राज्य के लोगों की भी है। यानी यूपी के लोगों का गुरुग्राम के विकास में विशेष योगदान है। उन्होंने कहा कि एक भारत श्रेष्ठ भारत कमेटी का यही उद्देश्य है कि हम कहीं पर भी रहें। हमें हर राज्य की कला, संस्कृति और वहां की मिट्टी की खुशबू हर जगह फैलानी है।

नवीन गोयल ने बताया कि इस समारोह में भारत के पूर्व शिक्षा मंत्री एवं बागपत लोकसभा से वर्तमान सांसद डा. सत्यपल सिंह मुख्य अतिथि होंगे, जबकि सिरसा से सांसद एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष सुनीता दुग्गल कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगी।

कार्यक्रम में प्रसिद्ध कवियत्री अनामिका जैन अंबर और सौरभ जैन सुमन का कविता पाठ भी इस कार्यक्रम में होगा। बैठक में जन सेवा यूपी एकता मंच गुरुग्राम से अमित कुमार (संस्थापक), युगल किशोर उपाध्याय (सह-संस्थापक), अनुराग ठाकुर (अध्यक्ष), डीपी सिंह (उपाध्यक्ष), मुकेश कुमार (कोषाध्यक्ष), मुनेश सिंह (कोषाध्यक्ष), प्रबल प्रताप (महासचिव), जितेन्द्र राघव (महासचिव), नीटू शर्मा (सचिव), अनिल चौहान (सचिव), एमके मौर्या (मीडिया प्रभारी), सुधीर भदौरिया (मीडिया प्रभारी), पं. बनवारीलाल (सलाहकार), योगेन्द्र सिंह (सलाहकार), सन्नी गुर्जर (संरक्षक), विष्णु दयाल उपाध्याय (संरक्षक), अतुल शर्मा (प्रवक्ता), यतेन्द्र शर्मा (प्रवक्ता), मुकेश सिंगला, गजेंद्र गुप्ता, सूर्यकान्त उर्फ रिंकू समेत काफी सदस्य मौजूद रहे।

# सोहना के निस्तारण केंद्र के कूड़े में लगी आग

**सोहना।** शहर के पुराने अलवर मार्ग पर पड़े कूड़े में शनिवार दोपहर बाद सोहना के निस्तारण केंद्र के कूड़े में आग लग गई। आग करीब चार घंटे तक जलती रही, सूचना मिलने पर अग्निशमन टीम ने आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। शहर के पुराना अलवर मार्ग पर नगर परिषद कूड़ा गिराती है। इस कूड़े में दोपहर बाद 2 बजे आग लग गई। धीरे धीरे आग बढ़ती गई और आग से उठता धुआं आसमान छूने लगा। कूड़े में आग की सूचना शाम साढ़े 5 बजे अग्निशमन विभाग को मिली। मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ी से आग को 25 से 30 मिनट में काबू कर लिया। बताते चलें कि उक्त कूड़ा नगर परिषद के द्वारा अस्थायी रुप से बनाए गए कूड़ा निस्तारण केन्द्र में गिराया गया था। वार्ड 13 के निवासी राजकुमार ने बताया कि इस कूड़ा निस्तारण केन्द्र के कूड़े में आग लगना आम बात है। इससे वायु प्रदूषण होता रहता है। कूड़े में लगी आग से उठने वाले धुंए से स्थानीय नागरिक पीड़ित हो रहे हैं।

# भगत सिंह फव्वारा चौक से शिव कुंड मार्ग का होगा सौंदर्यीकरण

पायनियर समाचार सेवा। सोहना


सोहना के -शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक से शिव कुंड तीर्थ स्थल को जाने वाला मार्ग।

**शहर** के शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक से लेकर तीर्थ स्थल शिव कुंड को जाने वाले मार्ग का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। करीब एक किलोमीटर लंबे मार्ग को अतिक्रमण मुक्त किए जाने से लेकर रात में सड़क पर चमकने वाले रिफ्लेक्टर समेत रंगीन लाइटें लगाई जाएंगी।

नगर परिषद ने हाल ही में शहर के आठ मार्गों का सौंदर्यीकरण करने की योजना बनाई थी। जिसको लेकर परिषद प्रशासन ने कवायद शुरु कर दी है। चुने गए इन आठ मार्गों में शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक से आस्था के शिव कुंड तीर्थ स्थल के बीच करीब एक किलोमीटर लंबा मार्ग भी शामिल है। इस मार्ग को 7 अन्य मार्गों से हटकर तैयार किया जाएगा। क्योंकि यह मार्ग हर्ट ऑफ द सिटी कहे जाने वाले शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक से शुरु होगा। प्रदेश और देश के अन्य राज्यों से गर्म पानी के शिव कुंड तीर्थ स्थल में स्नान वाले भक्त और पर्यटक इसी मार्ग से आते-जाते हैं। इसी उद्देश्य को लेकर शहीद चौक का भी सौंदर्यीकरण किया जाएगा। इसके लिए दो करोड़ रुपये की राशि मंजूर की जा चुकी है। शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक के सौंदर्यीकरण की डीपीआर तैयार कर हरियाणा शहरी निकाय विभाग के निदेशक को मंजूरी के लिए भेजी गई है। मंजूरी मिलने के साथ ही शहीद सिंह फव्वारा चौक का सौंदर्यीकरण का कार्य शुरू हो जाएगा।

> यह मार्ग सौंदर्यीकरण की श्रेणी में 7 अन्य मार्गों की अपेक्षा अलग ही होगा। जिसकी डीपीआर तैयार कराने के बाद कार्य जल्द से जल्द शुरू किया जाएगा।
> ( विक्की सिंह-एक्सइएन नप )

### शिव कुंड मार्ग होगा अतिक्रमण मुक्त

**शहीद** भगत सिंह फव्वारा चौक से शिव कुंड तक जाने वाले मार्ग को नगर परिषद प्रशासन सौंदर्यीकरण के दौरान अतिक्रमण मुक्त बनाएगा। इस मार्ग के दोनों तरफ रंगीन लाइटें लगाई जाएंगी यानी रात के समय में इस मार्ग का नाजरा देखने योग्य होगा। मार्ग के दोनों तरफ मकान व दुकानों की दीवारों पर भी मनमोहक पेंटिंग कराई जाएगी।

# ईको ग्रीन के मटीरियल रिकवरी फेसिलिटी सेंटर के खिलाफ ग्रामीण लामबंद




**गुरुग्राम।** गांव उल्लावास के निकट सेक्टर-61 में बनाए गए कचरा डंपिंग यार्ड एमआरएफ (मटीरियल रिकवरी फेसिलिटी सेंटर) के विरोध में ग्रामीण खड़े हो गए हैं। शनिवार को ग्रामीणों ने उस स्थल पर पहुंचकर विरोध जताया। कहा कि यहां पर किसी भी कीमत पर कचरा नहीं डालने दिया जाएगा।

ग्रामीणों ने इस दौरान मुख्यमंत्री मनोहर लाल और स्थानीय निकाय मंत्री के नाम ज्ञापन भी भेजा। ज्ञापन में कहा गया कि तीन-चार महीने पहले नगर निगम की ओर से गांव के मंदिर परिसर के साथ बेरिकेडिंग करके उस स्थान पर कूड़ा डालना शुरू कर दिया गया। रिहायशी इलाके में इस तरह से कूड़ा डालना लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ है। धीरे-धीरे यहां पर कूड़े का बड़ा ढेर लग जाएगा और जहरीली गैसें ग्रामीणों की सेहत को खराब करेंगी। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी बफर जोन दिशा-निर्देशों पर स्पष्टीकरण के अनुसार एमआरएफ में कम से कम 200 से 500 मीटर का बफर जोन होना चाहिए। जिसमें अनुमत कृषि गतिविधियों के अलावा कोई गतिविधि मौजूद नहीं है। इस कूड़ा घर को तत्काल हटाया जाए। मंदिर के से 100 दायरे में कोंडोमियम स्काईऑन, होटल, आवासीय सोसायटी और 3000 से अधिक की जनसंख्या वाला गांव उल्लावास है। ऐसे में यहां पर यह कूड़ाघर किसी भी मायने में सही नहीं ठहराया जा सकता। ग्रामीणों ने इस कूड़ाघर पर ताला लगा दिया है।

**ताला खुलवाना चुनौती :** इस ताले को खुलवाकर यहां कूड़ा डालना नगर निगम व इको ग्रीन के लिए चुनौती है। अब नगर निगम की ओर से ड्यूटी मजिस्ट्रेट भी नियुक्त करना होगा।

# योग करें और निरोग रहें

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**अच्छा** स्वास्थ्य हमारे जीवन का एक ख़ज़ाना हैं

**1. क्या आप हमें अपने बारे में, अपने पिछले जीवन के बारे में और उन परियोजनाओं के बारे में बता सकते हैं जिन पर आप काम कर रहे हैं या पूर्व में किए गए हैं?**

मेरा जन्म हिमाचल में हुआ था, मैं भारत के उत्तरी भाग में 25 वर्षों तक रहा हूँ। वर्तमान में दक्षिण भारत में रह रहे हैं। हमने योग के लिए कई संस्थान और संगठन शुरू किए हैं। देश भर में लोग योग का अभ्यास कर रहे हैं। कई योग केंद्र भी हैं जो योग का प्रशिक्षण देश भर से आये लोगों को दिए जा रहे हैं।

**2. 2023 के लिए आपका विज़न क्या है?**

हिमालयन सिद्धा अक्षर, अक्षर योग इंस्टीट्यूट , हिमालयन योग आश्रम, वर्ल्ड योग ऑर्गेनाइजेशन, योग और स्पिरिचुअल लीडर बताते है की स्वास्थ्य हमेशा प्राथमिकता है, इसलिए हम 2023 में और अधिक स्वास्थ्य अभियानों पर काम करना चाहते हैं। हम जागरूकता बढ़ाने में भी काम करेंगे और चाहते हैं कि अधिक से अधिक लोग योग और उनके जीवन में इसके महत्व के बारे में जागरूक हों।

**3. योग और आसन में आपकी विशेषज्ञता क्या है?**

हम योग का अभ्यास करते रहे हैं, यह मन और शरीर की शांति में मदद करता है। यह किसी व्यक्ति की मानसिक भलाई में सुधार करने में मदद करता है। नियमित योग अभ्यास मानसिक स्पष्टता और शांति पैदा करता है, शरीर की जागरूकता बढ़ाता है, पुराने तनाव पैटर्न से राहत देता है और मन को शांत करता है।

**4. आप अपने जीवन में किस तरह की चुनौतियों का सामना करते आ रहे हैं?**

हम सभी जानते हैं कि जीवन में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं। यह जीवन का एक हिस्सा है। ऐसे समय होते हैं जब आप खुश, प्रिय, सुरक्षित और स्वस्थ होते हैं, और फिर कुछ ऐसे समय भी होते हैं जब आप इनमें से कुछ नहीं होते हैं। यह सब एक मानव अनुभव का हिस्सा हैं। साथ ही जीवन के हर पड़ाव पर समाज का मत विद्यमान रहता है। ऐसे लोग हैं जो मानते हैं कि जो लोग अपने जीवन में कुछ भी हासिल नहीं कर पाते हैं, वे पहाड़ों पर जाते हैं और अपना जीवन शुरू करते हैं। लेकिन उनकी राय हमारे लिए तभी मायने रखेगी जब हम बहुत स्पष्ट नहीं होंगे कि हम क्या कर रहे हैं।

**5. हाल ही में आपने ऋषिकेश अभियान आयोजित किया है, उसका अनुभव कैसा रहा?**

ऋषिकेश योग की राजधानी है। इसमें गंगा नदी का एक सुंदर सार है। अभियान के दौरान कई लोग हमारे साथ थे। हमने साथ में मेडिटेशन किया, योगाभ्यास किया, अलग-अलग योग आसन सीखे। कुल मिलाकर यह एक शानदार अनुभव था।

योग अभ्यास देता है मानसिक शांति और स्वास्थ्य लाभ

# पुलिस देख स्वास्थ्य कर्मियों को सताया 'गब्बर' का खौफ

कविता। फरीदाबाद

**बादशाह** खान सिविल अस्पताल में शनिवार को एक महिला की मौत को लेकर शुक्रवार को हुए पथराव के बाद अप्रिय घटना की आशंका को लेकर आठ थानों की पुलिस दल बल सहित तैनात थी।

ऐसे में स्वास्थ्य मंत्री के एक समारोह में शामिल होने के लिए सूरजकुंड में आना की सूचना मिली। पुलिस बल को मौके पर देखकर अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मियों में खौफ छा गया कि गब्बर के नाम से मशहूर स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज आ रहे हैं। इसी वजह से पुलिस कर्मियों का जमावड़ा बीके में लगा हुआ है। ऐसे में सभी कर्मचारी सतर्क हो गए। यहां तक कि डॉक्टरों ने ऐप्रन भी पहन लिए।

**सतर्क नजर आए कर्मी :** राजीव कालोनी में एक महिला की मौत के बाद परिजनों ने धर्म परिवर्तन का आरोप लगाकर जमकर हंगामा करते हुए पुलिस पर पथराव कर दिया था। भारी संख्या में महिला के परिजनों ने हंगामा कर रखा था। शुक्रवार रात को शव बीके सिविल अस्पताल की मोर्चरी में रखा रहा। सुबह कुछ लोगों ने हंगामें को लेकर


बीके सिविल अस्पताल में मौजूद पुलिसकर्मी

सोशल मीडिया पर संदेश वायरल कर दिए। जिसके कारण अस्पताल में परिजनों व लोगों की भीड़ लग गई। ऐसे में करीब आठ थानों का पुलिस बल सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मौके पर भेजा गया। इस पुलिस बल के कारण अस्पताल छावनी में इस तरह से तब्दील हो गया कि यहां कोई मंत्री या नेता आने वाला हो।

**फैल गई अफवाह :** इसी दौरान स्वास्थ्य मंत्री के सूरजकुंड में एक समारोह में शामिल होने की सूचना आई। पुलिस बल की मौजूदगी को देख बीके अस्पताल में किसी ने अफवाह फैला दी कि स्वास्थ्य मंत्री विज बीके अस्पताल में अचानक पहुंचने वाले हैं। जिसकी सूचना पुलिस क्राइम ब्रांच, सीएम सिक्योरिटी को मिली होगी, इसलिए पुलिस बल मौके पर तैनात हो गई। जल्द ही स्वास्थ्य मंत्री अस्पताल में पहुंचने वाले है।

**हो गए सतर्क :** पुलिस बल की मौजूदगी और अनिल विज के फरीदाबाद में होने की सूचना के बाद अस्पताल में तैनात कर्मचारी और चिकित्सक सतर्क हो गए। उन्होंने अपने एप्रन (डॉक्टरी कोट) पहन कर कार्य किया। वहीं चिकित्सक, स्टाफ, प्रयोगशाला कर्मी समेत पूरे अस्पताल के कर्मचारी काम में लगे रहे। वहीं निचले स्तर के कर्मचारी एक दूसरे को फोन करके 'अनिल विज के अस्पताल में आने की सूचना एक दूसरे को देते नजर आए। अंत में साफ शब्दों में कहे, तो बीके अस्पताल में तैनात स्वास्थ्य कर्मियों में अनिल विज यानी गब्बर का खौफ साफ देखने को मिला।

## संक्षिप्त समाचार

### पंजाबी सेवा समिति ने किया विश्व शांति यज्ञ आयोजित



**बल्लभगढ़।** पंजाबी सेवा समिति बल्लभगढ फरीदाबाद द्वारा 21 जनवरी, शनिवार 2022 को सम्पूर्ण विश्व में परलोक गमन करने वाले समस्त जनों की आत्म शान्ति के साथ विश्व शांति के लिए विश्व शांति यज्ञ का आयोजन किया। मंच पर मनुदेव शास्त्री, राम आर्य, बालकिशन शास्त्री थे। उक्त जानकारी देते हुए संस्था के महासचिव ज्योति छाबड़ा ने बताया कि चावला कालोनी स्थित आर्य समाज मंदिर पर आयोजित इस आयोजन सुबह दस बजे से यज्ञ शुभारम्भ हुआ जो कि दोपहर बारह बजे तक चला। जिसके बाद लंगर का आयोजन भी किया गया। समिति के प्रधान प्रेम खट्टर ने बताया कि यज्ञ विश्व कल्याण के लिए एवम दिवंगत आत्मा की शांति के लिए सामूहिक यज्ञ किया है। इस मौके पर परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा के बड़े भाई एवं भाजपा नेता पंडित टीपर चंद शर्मा, बसंत विरमानी, प्रेम पसरीजा, राम जुनेजा, वासदेव अरोड़ा दया चंद यादव, दीपक यादव, दीपक चौधरी, राकेश विरमानी, श्याम लाल छाबड़ा, विनोद गोस्वामी सोहन लाल कथूरिया, अशोक कालरा, महेश गोयल, देशराज हंस, वेद प्रकाश सपरा, अशोक सेठी, देशराज हंस, वेद प्रकाश आर्य, वेद प्रकाश खट्टर, अजय खटर, रोशन लाल ड्डेजा, वीरेंद्र मनचंदा, दयानंद विरमानी, संजय खट्टर, विजय विरमानी, विजय आर्य, मुखी दीपक कथुरिया, पप्पू बत्रा हरीश कालरा चंद्र मनचंदा सनी इत्यादि उपस्थित रहे ।

### रविन्द्र फागना ने 193 रन से जीता मैच

**फरीदाबाद।** सेक्टर-86 स्थित स्लेजहैमर क्रिकेट अकादमी के मैदान पर चल रहे पहले स्लेजहैमर विंटर कप अंडर-12 लीग मैच का आयोजन किया जा रहा है। जिसका रविन्द्र फागना क्रिकेट अकादमी पाली और एसएन स्पोर्ट्स के बीच मैच खेला गया। जिसमें रविन्द्र फागना क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 40 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 257 रन बनाते हुए यह मैच 193 रन से जीत लिया। जिसमें वैश खान ने 125 गेंदों पर सर्वाधिक 151 रन बनाए। वहीं एसएन स्पोर्ट्स के गेंदबाज सुनीश ग्रोवर ने 2 विकेट लिए। वहीं अथर्व ने एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए एसएन स्पोर्ट्स केवल 18.1 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 64 रन बनाते ही आउट हो गई। जिसमें राघवेन्द्र महाजन ने 29 रन बनाए। वहीं रविन्द्र फागना के गेंदबाज जतिन अग्रवाल ने 5 विकेट लिए। भव्य तिवारी ने 2 विकेट लिए। अफान मंसुरी, अवनिश और तानुश दुआ ने 1-1 विकेट लिया। अंत में मैन ऑफ द मैच का खिताब वैश खान को दिया गया। वहीं फाइटर ऑफ द मैच का खिताब सुनीश ग्रोवर को दिया गया।

### रैली निकाल किया जागरूक




**फरीदाबाद।** अग्रवाल महाविद्यालय में जागरूकता पैदा करने और कचरा प्रबंधन के महत्व पर जोर देने के लिए एक रैली निकाली गई। शनिवार 21 जनवरी 2023 को स्वच्छता सेनानी क्लब द्वारा अग्रवाल महाविद्यालय में चल रहे स्वच्छता जागरूकता सात दिवसीय कार्यक्रम को चिह्नित करने के लिए रैली का आयोजन किया गया था। रैली का आयोजन प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत के निर्देशन में किया गया। छात्रों को कचरा पृथक्करण, प्लास्टिक कैरीबैग मुक्त शहर और पेड़ लगाने की आवश्यकता जैसे मुद्दों पर प्रकाश डालने के लिए कहा गया। रैली में 50 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य उचित अपशिष्ट निपटान और स्वच्छ शहर के बारे में न केवल छात्रों के बीच बल्कि माता-पिता के बीच सामुदायिक सफाई के बारे में जागरूकता पैदा करना था। इस कार्यक्रम का समन्वय स्वच्छता सेनानी टीम डॉ. अशोक निराला (संयोजक), डॉ. रेखा सैन (प्रभारी) और सुश्री मोहिनी शर्मा (सदस्य) द्वारा किया गया।

### गणतंत्र दिवस समारोह में भाग लेने वाली टीमों ने की रिहर्सल

**फरीदाबाद।** 74वें जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन हेतु तैयारियों के मद्देनज़र शनिवार को सेक्टर-12 स्थित हेलीपैड मैदान में सांकृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले विद्यार्थियों द्वारा रिहर्सल की गयी। रिहर्सल में स्कूली बच्चों द्वारा देश भक्ति से युक्त गीतों पर मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। 74वें जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में हरियाणा सरकार के सहकारिता मंत्री बनवारी लाल बतौर मुख्य अतिथि समारोह में शिरकत करेंगे व परेड की सलामी लेंगे। बता दें कि 74वें गणतंत्र समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए आज विभिन्न स्कूलों की टीमों द्वारा प्रस्तुतियां दी गयी। इनमें राजकीय कन्या सीनियर सैकेण्डरी स्कूल एनआईटी-3 ने हरियाणवी गीत 'मैं सूं हरियाणे की छोरी' पर, राजकीय कन्या सीनियर सैकेण्डरी स्कूल एनआईटी-5 द्वारा गुजराती गीत पर, राजकीय कन्या सीनियर सैकेण्डरी स्कूल एनआईटी-2 द्वारा पंजाबी गीत पर, राजकीय मॉडल सीनियर सैकेण्डरी स्कूल सराय ख्वाजा, राजकीय कन्या सीनियर सैकेण्डरी स्कूल पाली व शिर्डी साईं बाबा विद्यालय द्वारा देशभक्ति गीत पर, सेक्टर-16 स्थित स्कोलर्स प्राइड स्कूल द्वारा हरियाणवी गीत 'देशा में देश हरियाणा' पर नृत्य प्रस्तुत किया गया।

### ग्रामीणों ने जनसंपर्क अभियान शुरू किया

**फरीदाबाद।** कुण्डली-गाजियाबाद-पलवल (केजीपी) एक्सप्रेस-वे का बढ़ा हुआ मुआवजा न मिलने से नाराज किसान दो फरवरी को पलवल के उपायुक्त को ज्ञापन देंगे। इसी दिन किसान अलीगढ़ रोड पर गांव पेलक इंटरचेंज पर अपना अनिश्चितकालीन धरना शुरू करेंगे। धरने और ज्ञापन दिए जाने को लेकर पलवल व फरीदाबाद के 24 गांवों के किसानों ने गांव-गांव जाकर किसानों से संपर्क करना शुरू कर दिया है। इस संपर्क अभियान का नेतृत्व ईस्टर्न पेरीफेरल किसान संघर्ष समिति के अध्यक्ष राजेश भाटी कर रहे हैं। किसानों में सुभाष भाटी, टेकचंद, लालाराम, महेंद्र शर्मा, सत्यपाल, समयपाल, कमल सिंह, रघुराज, राजू, नारायण सिंह, सुरेश, भरत सिंह फौजी शामिल हैं। बता दें कि पंजाब हरियाणा हाई कोर्ट के आदेश पर नियुक्त आर्बिटेटर ने किसानों का मुआवजा बढ़ाया था, जो अभी तक नहीं मिला है। इसे लेकर किसानों में काफी रोष है।

### सेक्टर 21-ए की सुंदरता पर ग्रहण, जनप्रतिनिधि मौन

**फरीदाबाद।** सेक्टर 21-ए में मदर डेयरी के निकट चल रहे भवन निर्माण के कारण रोड पर फैली हुई बिल्डिंग मटेरियल वेस्ट एवं पानी की टूटी हुई सप्लाई लाइन से राहगीरों को परेशानी हो रही है। मदर डेयरी बूथ संख्या 968 के पास छोटे पार्क के सामने प्लॉटों में जब से भवन निर्माण संबंधी कार्य हो रहा है तब से बिल्डिंग मटेरियल वेस्ट बेतरतीब ढंग से पड़ा रहता है। समाजसेवी युगल किशोर शर्मा ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि न तो प्लॉट धारक न ही बिल्डर, डेवलपर, ठेकेदार,आर्किटेक्ट और आरडब्ल्यूए ध्यान दे रहे हैं। जिससे सेक्टर 21-ए के सौंदर्य को ग्रहण लगा हुआ नजर आ रहा है। इस अव्यवस्था पर नगर निगम प्रशासन, एचएसवीपी एवं जन प्रतिनिधि भी मौन हैं। जिससे सेक्टर वासियों को आवागमन में परेशान है।

### गौकशी में पांच साल से फरार इनामी बदमाश गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच 56 टीम ने गौकशी के मुकदमे में फरार चल रहे 5000 के इनामी बदमाश को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस द्वारा इस मामले में आरोपी के चार अन्य साथियों रहीस, नासिर, शहजाद तथा खली को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम मोहम्मद मुनफेद उर्फ मुफिफ है जो मेवात के सलाहेड़ी गांव का रहने वाला है। जुलाई 2017 में सेक्टर 58 थाने में गोकशी तथा हत्या का प्रयास करने की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। मुफ्फी पुलिस की गिरफ्त से बचने के लिए ठिकाना बदल बदलकर रहने लगा। आरोपी पर पुलिस विभाग द्वारा 5000 रुपये का इनाम भी घोषित किया गया था।

# भूजल संरक्षण हरियाणा सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल : दुष्यंत चौटाला

### आवाज फाउंडेशन व रोटरी क्लब के सहयोग से फरीदाबाद में ठप पड़ बोरवैल को रिचार्ज करने का अभियान शुरू

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**उपमुख्यमंत्री** दुष्यंत चौटाला ने कहा कि आज हमें अधिक से अधिक भूजल संरक्षण की आवश्यकता है। इसके लिए हमें अपने प्राकृतिक स्रोतों को पुर्नजीवित करना होगा। इस काम के लिए सरकार भी आगे आई है और इस वर्ष इस कार्य पर 1100 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया है।

उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला शनिवार को सेक्टर-15ए स्थित जिमखाना क्लब में आवाज फाउंडेशन व रोटरी क्लब द्वारा शहर के 100 ठप पड़े बोरवैल को पुर्नजीवित करने के अभियान की शुरूआत करते हुए पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद शहर में बड़ी संख्या में बोरवैल हैं जो



सेक्टर 15 ए स्थित जिमखानाक्लब में आयोजित कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह भेंट करते खिलाड़ी।

भूजलस्तर नीचे जाने की वजह से ठप हो गए हैं। इससे बड़ी संख्या में लोगों को पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि काफी समय पहले यह मामला संज्ञान में आया तो इसके लिए एक्सपर्ट एजेंसी तलाशने के लिए कहा गया।

काफी तलाश करने पर सामने आया कि महाराष्ट्र में कुछ लोग ठप पड़े बोरवैल को पुर्नजीवित करने पर काम कर रहे हैं। इसके बाद इन लोगों से संपर्क किया गया और आवाज फाउंडेशन व रोटरी क्लब द्वारा इस पूरे काम का जिम्मा लिया गया। इसके बाद अब फरीदाबाद शहर में यह प्रोजेक्ट शुरू किया जा रहा है और शुरूआत में 100 बोरवैल इसके तहत पुर्नजीवित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इसके प्रतिवर्ष छह से आठ लीटर पेयजल आम लोगों को मिल सकता है। उन्होंने बताया कि इस परियोजना में एक बोरवैल में 50 हजार रुपये का खर्च आएगा। इसे रोटरी क्लब व आवाज फाउंडेशन मिलकर खर्च करेंगे।

पत्रकारों के एक सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि शुरूआत फरीदाबाद में करने के बाद इसे धीरे-धीरे अन्य संगठनों व औद्योगिक संगठनों के साथ मिलकर पूरे प्रदेश में शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज पूरे प्रदेश में जल संरक्षण की दिशा में कार्य किए जा रहे हैं। पुराने तालाबों को पुर्नजीवित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कई जिले प्रदेश में ऐसे हैं जहां भूजलस्तर उपर आने से दिक्कत आई है और यमुना किनारे के जिलों में जलस्तर काफी नीचे गया है। उन्होंने कहा कि इसी को देखते हुए जल संरक्षण की दिशा में सरकार आगे आई है।

उन्होंने कहा कि घरों के निर्माण के दौरान रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाना जरूरी है। वहीं गांवों में भी अगर कोई किसान अपने खेतों में यह वाटर रिचार्ज बोर सिस्टम लगाना चाहता है तो सरकार उसे 75 प्रतिशत तक सब्सीडी दे रही है। उन्होंने कहा कि चाहे किसान हो या सरकार जब तक हम एक जिम्मेदार नागरिक की तरह कार्य नहीं करेंगे इस गंभीर विषय को आगे नहीं बढ़ा सकते। आवाज फाउंडेशन से नलिन हुड्डा, रोटरी के डिस्ट्रिक्ट गर्वनर अशोक कंटूर, रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद एलीट के प्रेजिडेंट नितिन कपूर, एफआईए के प्रधान नरेंद्र अग्रवाल, जजपा जिलाध्यक्ष राजेश भाटिया, जजपा के राष्ट्रीय सचिव कृष्ण जाखड़, जजपा के राष्ट्रीय सचिव ठाकुर राजाराम, अनिल खुटेला सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# राहगीरों से मारपीट और लूटपाट करने वाले गिरोह के चार बदमाश गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा के दिशा निर्देश तथा एसीपी क्राइम सुरेंद्र श्योराण के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 48 प्रभारी राकेश सिंह की टीम ने मारपीट व स्नैचिंग के मुकदमे में चार आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में कुणाल, दीपक, योगेश तथा सागर का नाम शामिल है। चारों आरोपी फरीदाबाद के बल्लभगढ़ एरिया के रहने वाले हैं। आरोपियों ने 05 जनवरी की रात को जुनेड़ा निवासी गणेश के साथ मारपीट करके लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया था। गणेश का एक गांव में ग्राहक सेवा केंद्र है। जब गणेश रयाम को अपनी दुकान बंद करके तिगांव से अपने घर जुनेड़ा मोटरसाइकिल से घर जा रहा था तो आरोपियों ने लूट के इरादे से गणेश का पीछा किया और जब गणेश सुनसान रास्ते से गुजर रहा था तो आरोपियों ने डंडे व चाकू से गणेश पर हमला कर दिया और उसे घायल करके उसके लैपटॉप, फिंगरप्रिंट मशीन, बैग, जरूरी कागजात तथा 50,000 रुपये छीनकर फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर आदर्श नगर थाने में मारपीट तथा स्नैचिंग की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके आरोपियों की तलाश शुरू की गई। क्राइम ब्रांच की टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए 18 जनवरी को गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर चारों आरोपियों को तिगांव पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को अदालत में पेश करके 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया और पुलिस रिमांड के दौरान आरोपियों के कब्जे से 2 लैपटॉप, 1 फिंगर प्रिंट मशीन, 1 बैग, जरूरी कागजात व 21300 रुपये बरामद किए गए। इसके अलावा आरोपियों के कब्जे से वारदात में उपयोग 2 डंडे तथा 1 चाकू बरामद किया गया। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी नशा करने के आदी हैं और नशे की आपूर्ति के लिए ही चोरी तथा छीना झपटी की वारदातों को अंजाम देते हैं।

# 24 पेटी अवैध देशी शराब सहित आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा द्वारा शराब तथा नशा तस्करी पर अंकुश लगाने के दिशा निर्देश तथा एसीपी क्राइम सुरेंद्र श्योराण के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 56 प्रभारी सुंदर सिंह की टीम ने अवैध शराब तस्करी के मुकदमे में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम अमरुद्दीन है जो बल्लभगढ़ के सुभाष कॉलोनी का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच की टीम सदर बल्लभगढ़ एरिया में गश्त कर रही थी कि गुप्त सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी अपने एक साथी राधे उर्फ टिंकू के साथ मिलकर स्विफ्ट गाड़ी में अवैध शराब भरकर सागरपुर से बल्लभगढ़ की तरफ आएगा। सूचना पर तुरंत कार्रवाई



करते हुए, क्राइम ब्रांच की टीम ने नाकाबंदी शुरू कर दी और थोड़ी देर पश्चात ही स्विफ्ट गाड़ी वहां पर पहुंची। पुलिस पार्टी को देखकर आरोपी गाड़ी मोड़कर भागने की कोशिश करने लगा। आरोपी के साथ परिचालक सीट पर बैठा उसका साथी राधे अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया परंतु क्राइम ब्रांच की टीम ने गाड़ी भागने की कोशिश कर रहे आरोपी अमरुद्दीन को काबू कर लिया।

# ग्रेफ़ा में सुदृढ़ होगा ट्रैफिक संचालन व सुधरेगी व्यवस्था

**फरीदाबाद।** पुलिस कमिश्नर ऑफिस में रोड सेफ्टी कमेटी की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता डीसीपी ट्रैफिक व डीसीपी हेडक्वार्टर नीतीश अग्रवाल, आईपीएस ने की। बैठक में रोड सेफ्टी के संबंध में पिछले कुछ समय में किए गए उपायों की समीक्षा की गई। रोड सेफ्टी ओमनी के देवेंद्र सिंह व अंकुर शरण को डीसीपी ट्रैफिक ने मुद्दों की लिस्ट बनाने व प्रेजेंटेशन तैयार करने को कहा। पिछली ग्रीवेंस कमेटी में मुख्यमंत्री के समक्ष उठाए गए मुद्दों के निराकरण के लिए रूपरेखा भी तैयार की गई। बैठक में एसीपी ट्रैफिक विनोद कुमार, एसएचओ ट्रैफिक दर्पण कुमार व सभी इलाकों के ट्रैफिक जेडओ शामिल हुए।

# प्लानिंग सिरे चढ़ी तो ताज और इंदौर इंटरसिटी शहर से बनकर चलेगी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**अगर** रेलवे की प्लानिंग सिरे चढ़ी तो फरीदाबाद रेलवे स्टेशन से ताज और इंदौर एक्सप्रेस ट्रेन बनकर चलेंगी। इस प्लानिंग को अमलीजामा पहनाने के लिए रेलवे के अधिकारी स्टेशन का निरीक्षण कर चुके हैं। इससे इन ट्रेनों से सफर करने वाले यात्रियों में खुशी का माहौल है, क्योंकि दोनों ट्रेनों की यहां के लोगों की पुरानी मांग भी है।

फरीदाबाद को एनसीआर के बड़े रेलवे स्टेशनों में गिनती होती है और इसी मकसद से इस स्टेशन का करोड़ों रुपये की कीमत से फिर से जीर्णोद्धार किया जा रहा है। औद्योगिक नगरी होने के कारण प्रांतों के लोग यहां पर रोजी रोटी की तलाश में आते हैं। ये लोग

### अधिकारी कर चुके हैं फरीदाबाद स्टेशन का निरीक्षण

त्योहार व अन्य खास मौकों पर अपने घर जाते हैं। घर जाने के लिए सुगम व सबसे सस्ता साधन ट्रेन ही होता है। ऐसे में लोगों को ट्रेन पकड़ने के लिए दिल्ली जाना पड़ता है। इससे की इनकी जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है। यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने ताज एक्सप्रेस और इंदौर सिटी को फरीदाबाद रेलवे स्टेशन से चलाने की प्लानिंग की है। इस प्लानिंग को सिरे चढ़ाने के लिए एडिशनल डिविजनल रेलवे मैनेजर अनुराग कुमार स्टेशन का निरीक्षण कर चुके हैं। उन्होंने स्टेशन के अधिकारियों से भी इस बारे में विचार विमर्श किया।

इंदौर इंटरसिटी का दोनों ओर से नहीं है ठहराव:

ताज एक्सप्रेस नई दिल्ली से हर रोज झांसी के लिए निकलती है और ट्रेन का फरीदाबाद रेलवे स्टेशन पर सुबह 7:28 बजे पहुंचने का समय है। वहीं झांसी से आते वक्त यह ट्रेन रात नौ बजे फरीदाबाद रेलवे स्टेशन पर रुकती है। इंदौर एक्सप्रेस सराय रोहिला स्टेशन से चलती है। फरीदाबाद स्टेशन पर ठहराव नहीं है, लेकिन इंदौर से लौटते वक्त तड़के 5:30 बजे फरीदाबाद स्टेशन पर रुकती है। उज्जैन महाकाल जाने के लिए इंदौर इंटरसिटी सबसे उपयुक्त ट्रेन है। ऐसे ही झांसी जाने वाले लोग भी ताज एक्सप्रेस की मांग कर रहे हैं।

# सफलता का मूल मंत्र है दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत

### केंद्रीय राज्य मंत्री ने परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में आयोजित आर्ट एंड पेंटिंग प्रतियोगिता में शिरकत की

प्रवीन शर्मा। फरीदाबाद

**सरकारी** स्कूलों में सबसे ज्यादा प्रतिभाशाली बच्चे हैं बड़े बड़े अधिकारी सरकारी स्कूलों से शिक्षा प्राप्त करके निकले हैं। भारत सरकार में केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने आज परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के तत्वाधान में आयोजित आर्ट एंड पेंटिंग प्रतियोगिता में शिरकत की।

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि बच्चों ने आज अपनी-अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। आगामी 27 जनवरी को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बच्चों से शिक्षा पर चर्चा करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने परीक्षा पर चर्चा एग्जाम वॉरियर्स नाम की पुस्तक लिखी है पुस्तक में लिखा है कि परीक्षा से पहले हमें अपनी दिनचर्या में कैसे


सेक्टर 28 के सरकारी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में बच्चो के साथ केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर व तिगांव के विधायक राजेश नागर व अन्य।

बदलाव करना चाहिए। हमको एग्जाम वारियर बनना है हमको चिंतन करना है ना की चिंता। उन्होंने कहा कि आईएएस ऑफिसर, डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक या बड़े से बड़ा नेता हो सब ने सरकारी स्कूलों से ही शिक्षा प्राप्त की है। आप सभी बच्चे देश का भविष्य हैं।

विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि आज परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका पेंटिंग प्रतियोगिता के माध्यम से आयोजित किया गया है। ऐसी प्रतियोगिता से और भी बच्चे प्रेरित होंगे और वह अपने अंदर की प्रतिभा को बाहर लाएंगे। बच्चे परीक्षा को स्ट्रेस के रूप में ना लेकर एक उत्साह के रूप में लेकर आगे बढ़ेंगे तो निश्चित ही वह अपनी जिंदगी में सफलता की बुलंदियों पर पहुंचेंगे। तिगांव विधायक राजेश नागर ने कहा कि प्रदेश और केंद्र और प्रदेश सरकार सरकारी स्कूलों में पढ़ाई के ऊपर बहुत ज्यादा ध्यान देती है। हमारी सरकार बच्चों की पढ़ाई के ऊपर ध्यान दे रही है पहले सीबीएसई पैटर्न पर सरकारी स्कूलों में पढ़ाई नहीं की जाती थी और अब पूरे हरियाणा में 500 से ज्यादा मॉडल संस्कृति नाम से स्कूल खोले गए हैं जिसमें सीबीएसई पैटर्न पर पढ़ाई हो रही है। इसी तरह हर जिले में मेडिकल कॉलेज खोले जा रहे हैं।

भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने कहा कि परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम माननीय प्रधानमंत्री की सोच है कि हमारे देश के विद्यार्थी ऊर्जावान और सक्षम हो क्योंकि वही हमारे देश का भविष्य हैं। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अंजलि राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिही सेक्टर 8, दूसरा स्थान नेहा राजकीय माडर्न सीनियर सेकंडरी स्कूल सराय ख्वाजा, तथा तीसरा स्थान रुखसाना राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिही सेक्टर 8, चौथा स्थान पूजा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सिही सेक्टर 8, पांचवा स्थान संध्या राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सिही सेक्टर 8, छठा स्थान सोनम राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सिही सेक्टर 8, सातवां स्थान सिमरन राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, ओल्ड फरीदाबाद, आठवां स्थान तरुणा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, ओल्ड फरीदाबाद, नौवां स्थान नेहा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, ओल्ड फरीदाबाद, खेड़ी कलां तथा दसवां स्थान साक्षी राजकीय मॉडल सीनियर सेकंडरी स्कूल सेक्टर 28 की छात्रा ने हासिल किया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट व मोदी जी द्वारा लिखित पुस्तक 'एग्जाम वॉरियर्स' भेंट की गयी।

# तरुण निकेतन स्कूल में लगा स्वास्थ्य जांच शिविर



**फरीदाबाद।** तरुण निकेतन विद्यालय में स्वास्थ्य निरीक्षण शिविर लगाया गया। जिसमें निशुल्क स्वास्थ्य जांच की व्यवस्था की गई। डॉक्टरों की टीम में डॉ राकेश कुमार एमबीबीएस, एमडी, (पूर्व चिकित्सक सफदरजंग अस्पताल, एसएमएस अस्पताल, जयपुर) डॉक्टर नीरज शर्मा बीपीटी, एमपीटी (पूर्व चिकित्सक मेट्रो हॉस्पिटल, फोर्टिस हॉस्पिटल) शामिल थे। उन्होंने इस शिविर का भली-भांति संचालन किया। इस शिविर में लोगों के लिए रक्तचाप जांच, मधुमेह जांच, नेत्र जांच, दंत चिकित्सा व ईसीजी की सुविधाएं प्रदान की गई। इस स्वास्थ्य जांच शिविर में सभी लोगों का स्वास्थ्य निरीक्षण किया गया। इस जांच प्रक्रिया में विद्यालय के विद्यार्थियों व अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया विद्यालय के विद्यार्थियों के अलावा अन्य बाहरी लोगों की भी स्वास्थ्य जांच की गई। सभी कोविड-19 सुरक्षा इंतजामों के साथ जांच प्रक्रिया आरंभ की गई। इस कार्य के लिए चिकित्सकों की पूरी टीम के साथ-साथ विद्यालय के प्रबंधकगण व अध्यापकगण भी मौजूद थे। प्रधानाचार्या रंजना सोबती तथा उप प्रधानाचार्या राधा चौहान की निगरानी में स्वास्थ्य निरीक्षण कार्य भली-भांति संपन्न किया गया। सभी अभिभावकों ने विद्यालय के इस प्रयास की सराहना की।

## मंडी से गल्ला व्यापारी का नगदी भरा झोला उड़ाया

**घाटमपुर।** कानपुर रोड स्थित उप मंडी स्थल में शातिर ने आड़त से गल्ला व्यापारी का नगदी भरा झोला पार कर दिया। जानकारी पर व्यापारी ने आसपास खोजबीन कीए लेकिन शातिर हाथ नहीं लगा। व्यापारी की शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। नौरंगा निवासी चमन लाल गल्ला का व्यापार करते हैं। शनिवार को सप्ताहिक बाजार में उपमंडी स्थल घाटमपुर आए थे। दोपहर बाद वह अपनी आढ़त में किसानों से बात कर रहे थेए इस बीच अज्ञात शतिर ने पास में रखा नगदी भरा झोला पार कर दिया। झोले में एक लाख 60 हजार रुपये की नगदी थी। कुछ देर बाद जब वह रुपये निकालने के लिए पलटे तो झोला गायब था। उन्होंने आसपास खोजबीन कीए लेकिन झोला नहीं मिला। व्यापारी का रुपये से भरा झोला चोरी होने खबर लगते ही मंडी में हड़कंप मच गया। इंस्पेक्टर रामबाबू सिंह ने बताया कि व्यापारियों की सूचना पर पुलिस बल मौके पर भेजा था। मामले की जांच की जा रही है। मंडी में आसपास लगे सीसीटीवी की फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

## किशोरी ने फांसी लगा की आत्महत्या

**कौशांबी।** जिले के चरवा थाना क्षेत्र में एक किशोरी ने कथित तौर पर घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) समर बहादुर सिंह ने बताया कि चरवा थाना क्षेत्र के बलीपुर टाटा गांव के मजरा तिल तारा निवासी अंजलि (16) ने शुक्रवार रात कथित तौर पर घर के अंदर छत के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। एएसपी ने बताया कि परिजनों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

## मिस, मिस्टर एवं मिसेज फर्रुखाबाद के विजेताओं का हुआ सम्मान

**फर्रुखाबाद।** फर्रुखाबाद युवा महोत्सव समिति द्वारा 19वें फर्रुखाबाद युवा महोत्सव . 2023 में विजेता रहे मिस एवं मिस्टर फर्रुखाबाद. 2023 के विजेताओं का सम्मान समिति के कार्यालय में किया गया। उद्योग व्यापार मण्डल के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री अरुण प्रकाश तिवारी ,ददुआ, नें मिस फर्रुखाबाद मुस्कान, मिस फर्रुखाबाद प्रिन्सेस मान्सी राठौर, मिस टीन इण्डिया . शिवांगी चौहान, मिसेज फर्रुखाबाद . प्रगति कटियार, मिस्टर फर्रुखाबाद रोहित कुमार, मिस्टर फर्रुखाबाद प्रिन्स . शिव प्रताप सिंह, मिस्टर उत्तर प्रदेश प्रिन्स.हरिओम अवस्थी, मिस्टर हैण्डसम इण्डिया हर्ष दुबे का माल्यार्पण कर सम्मान किया । उन्होनें सभी विजेताओं को आशीर्वाद दिया। समिति के अध्यक्ष डा0 संदीप शर्मा ने कहा कि युवा अपनी संकुचित विचारधारा से ऊपर उठकर अपने भविष्य एवं समाज के उत्थान के लिए कार्य करें द्य बाहरी दुनिया में क्या हो रहा है इसकी भी जानकारी रखने की आवश्यकता है। किसी भी व्यक्ति को छोटा न समझें ओर न ही हीन दृष्टि से देखें सांसद मुकेश राजपूत जी ने कहा कि यदि किसी को भी उनकी मदद की आवश्यकता हो तो वह तुरन्त तैयार है ।अध्यक्ष डा0 संदीप शर्मा ने मुख्य अतिथि सांसद मुकेश राजपूत एवं उद्योग व्यापार मण्डल के प्रदेश उपाध्यक्ष अरुण प्रकाश तिवारी ददुआ का माल्यार्पण कर स्वागत किया। पुष्पेन्द्र यादव, सुनील सक्सेना, बीरेन्द्र त्रिपाठी, हर्षित मिश्रा पप्पन मियां ज्ञानी गुरबचन आदि मौजूद रहे।

## 26 को भाकियू करेगा ट्रैक्टर मार्च

**चित्रकूट।** भाकियू ने केंद्रीय आवाहन पर राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत के निर्देश पर राष्ट्रीय पर्व 26 जनवरी पर ट्रैक्टर मार्च करते हुए किसान कलेक्ट्रेट पहुंचेगे। शनिवार को भाकियू जिलाध्यक्ष रामसिंह राही की अगुवाई में गल्लामंडी परिसर में हुई बैठक में कहा कि दिल्ली आन्दोलन समझौता पर सरकार की वादा खिलाफी पर भारत सरकार को ज्ञापन दिया जायेगा। 26 जनवरी राष्ट्रीय पर्व पर किसान भाकियू की अगुवाई में ट्रैक्टर मार्च कर कलेक्ट्रेट पहुंच कर जिलाधिकारी को भारत सरकार सम्बोधित ज्ञापन सौंपेंगे।

# चौकी प्रभारी और पुलिसकर्मियों से मारपीट, सर्विस पिस्तौल गायब

### लखीमपुर खीरी में गन्ने की कटाई को लेकर विवाद सुलझाने पहुंची थी फोर्स, मामला दर्ज

**भाषा।** लखीमपुर खीरी

**लखीमपुर खीरी** जिले के गोला कोतवाली थानाक्षेत्र के छैरासी गांव में गन्ने की कटाई को लेकर हुए विवाद को सुलझाने गए पुलिस चौकी प्रभारी और उनकी टीम के साथ कथित तौर पर मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी और कहा कि मामला दर्ज करके छानबीन की जा रही है। गोला कोतवाली थानाक्षेत्र के छैरासी गांव में गन्ने की कटाई को लेकर दो पक्षों में हुए विवाद ने उस समय तूल पकड़ लिया जब एक गुट ने मुडा सवारन चौकी प्रभारी अरुण कुमार सिंह से कथित तौरपर मारपीट कर दी।

पुलिस के अनुसार शुक्रवार शाम को हुई इस घटना में पुलिसकर्मी का मोबाइल और सर्विस पिस्तौल भी गायब हो गई। पुलिस के अनुसार बाद में हमलावर गन्ने की कटी फसल और ट्रैक्टर-ट्राली खेत में छोड़कर फरार हो गए। लखीमपुर खीरी के पुलिस अधीक्षक (एसपी) गणेश प्रसाद साहा के साथ अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) डॉ. सुरेंद्र प्रताप सिंह, गोला क्षेत्राधिकारी (सीओ) राजेश कुमार व अन्य पुलिस कर्मचारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने पत्रकारों को बताया कि घटना की जांच के आदेश दे दिए गए हैं और लापता मोबाइल व सर्विस पिस्तौल का पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं। साहा ने घटना का ब्यौरा देते हुए बताया, छैरासी ग्राम प्रधान राजवीर सिंह और एक शिकायतकर्ता रिंकी देवी ने शुक्रवार को पुलिस को सूचित किया कि संजय, वेद प्रकाश, अरविंद और कौशल अन्य लोगों के साथ मिलकर जबरन गन्ने की फसल काट रहे हैं। सूचना पर संबंधित पुलिस चौकी मुड़ा सवारन के प्रभारी अरुण कुमार सिंह तीन अन्य पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और विवाद को सुलझाने का प्रयास किया। एसपी ने कहा, "हालांकि, पुलिस के अनुरोधों और मध्यस्थता की अनदेखी करते हुए जबरन गन्ने की फसल काटने वाले आक्रामक हो गए और चौकी प्रभारी और उनकी टीम के साथ मारपीट की। इस दौरान उनकी सर्विस रिवाल्वर गायब होने की सूचना मिली है" एसपी ने कहा कि "इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और जांच की जा रही है"

## शाहजहांपुर में भाजपा नेता से अभद्रता के मामले में पुलिस निरीक्षक निलंबित

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक नेता से कथित रूप से अभद्रता करने के मामले में पुलिस अधीक्षक ने साइबर सेल के प्रभारी निरीक्षक को निलंबित कर मामले की जांच अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) नगर को सौंपी है। एसपी ने यह जानकारी दी।

पुलिस अधीक्षक (एसपी) एस आनंद ने शनिवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि बृहस्पतिवार रात साइबर सेल के प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार द्वारा भाजपा नेता एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र पाल सिंह यादव के आवास पर जाकर उनके साथ कथित तौर पर अभद्रता की गई। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता का आरोप है कि नीरज कुमार द्वारा तीन साल पहले उनसे कुछ पैसा उधार लिया गया था जिसको मांगे जाने पर यह घटना की गई। एसपी ने बताया कि घटना के बाद यादव ने उन्हें फोन करके नीरज कुमार द्वारा कथित तौर पर अभद्रता करने की जानकारी दी, जिसके बाद अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) संजय कुमार तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी (नगर) अखंड प्रताप सिंह को पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर भेजा गया। आनंद ने बताया कि प्रथम दृष्टया जांच में साइबर सेल के प्रभारी नीरज कुमार को शुक्रवार को निलंबित कर दिया गया है और पूरे मामले की जांच पुलिस अधीक्षक (नगर) संजय कुमार को सौंपी गई है। वहीं दूसरी ओर साइबर सेल के प्रभारी नीरज कुमार ने फोन पर बताया कि बृहस्पतिवार रात में भाजपा नेता यादव के यहां से किसी ने उन्हें फोन किया और कहा कि नेताजी बात करेंगे। उन्होंने बताया, बाद में इंतजार करने को कहा गया और काफी देर इंतजार करने के बाद जब मैंने कहा कि खाली हो जाएं तो बात करा देना, जिस पर सख्त लहजे में कहा गया कि "कॉल पर ही रुको" जिसके बाद बातचीत बढ़ गई और यादव ने उनसे घर पर आने को कहा। उन्होंने बताया कि इसके बाद जब वह घर पर गए तो उनके यहां रहने वाले 5 - 6 लड़कों ने उन्हें यादव से मिलने नहीं दिया तथा उनके साथ अभद्रता शुरू कर दी। कुमार ने किसी भी तरह के पैसों के लेनदेन से इनकार किया। नीरज कुमार ने दावा किया, मेरे साथ अभद्रता जरूर की गई है और यह सीसीटीवी कैमरे में देखा जा सकता है। मामले में भाजपा नेता एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष यादव से पीटीआई-भाषा द्वारा फोन पर संपर्क किया गया परंतु उन्होंने कॉल नहीं उठाई और बाद में फोन काट दिया।

## पहिए जाम होने से कोसीकलां स्टेशन पर रोकी गई अमृतसर-कोरबा छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस

**मथुरा।** अमृतसर से कोरबा जाने वाली छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस ट्रेन को शनिवार को पहिए जाम हो जाने के कारण मथुरा जंक्शन से करीब 45 किमी दूर कोसीकलां स्टेशन पर रोक दिया गया। इस कारण दिल्ली से आगरा की ओर जाने वाली अन्य कई ट्रेनें विलंब से रवाना हुई। रेलवे सूत्रों के अनुसार, हॉट एक्सल वाले कोच (बी4) को बदलकर उसके यात्रियों को दूसरे डिब्बे में भेजे जाने के बाद ट्रेन को बिलासपुर की ओर रवाना कर दिया गया। इस बीच ट्रेन करीब तीन घंटे कोसीकलां स्टेशन पर रुकी रही। उत्तर रेलवे के आगरा मण्डल की जन सम्पर्क अधिकारी प्रशस्ति श्रीवास्तव द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, सुबह आठ बजे 18238 अमृतसरकोरबा छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस के वातानुकूलित कोच (बी4) के नीचे से धुआं उठने की जानकारी मिलने पर मथुरा से 45 किमी पूर्व कोसीकलां स्टेशन पर रोक दी गई। ट्रेन के हॉट एक्सल की जानकारी मिलने पर रेलवे के कर्मचारी तुरंत मौके पर पहुंच गए और बी4 कोच को ट्रेन से अलग कर यात्रियों को अन्य डिब्बों मे भेजा गया। इसके बाद आगरा छावनी पहुंचने पर एक नया डिब्बा लगाने के बाद करीब 11 बजे ट्रेन अपने तय मार्ग के अनुसार बिलासपुर जंक्शन के लिए रवाना कर दी गई। रेल प्रशासन द्वारा बताया गया है कि इस दौरान मथुरा जंक्शन, राजा की मण्डी, आगरा छावनी आदि स्टेशनों पर लगातार उद्घोषणा के माध्यम से यात्रियों को लगातार स्थिति की जानकारी दी जाती रही तथा आवश्यक्तानुसार व्हीलचेयर, ट्राली की सुविधा देकर नए कोच मे बिठाने और उनका सामान चढ़ाने मे सहयोग किया गया।

## स्मृति ईरानी ने भेजा जरूरतमंदों को कंबल व बीज के पैकेट

**अमेठी।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री व अमेठी सांसद स्मृति इरानी जरूरतमंदों के लिए कंबल व सब्जी बीज के पैकेट भेजवाया है। शनिवार को उत्थान सेवा संस्थान की ओर से सलोन विधानसभा के सूची मंडल के खौसतनहा ग्राम सभा में दो हजार कंबल व दो हजार सब्जी बीज के पैकेट के वितरण का शुभारंभ स्मृति इरानी के पति जुबिन इरानी जी ने सांसद प्रतिनिधि विजय गुप्ता के साथ किया। बगहा में नायन स्टेट इन्टरप्राइजेज का जुबिन इरानी जी ने सांसद प्रतिनिधि व सलोन विधायक अशोक कुमार के साथ मिलकर फीता काटकर शुभारंभ किया?। केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि विजय गुप्ता ने बताया कि दीदी के निर्देश पर उत्थान सेवा संस्थान की ओर से अमेठी संसदीय क्षेत्र के पांचों विधान सभा क्षेत्रों में जरूरतमंदों को कंबल व सब्जी बीज के पैकेट का वितरण किया जा रहा है। शनिवार को सलोन विधान सभा क्षेत्र के खौसतनहा से जुबिन इरानी जी ने वितरण की शुरूआत की। गांव.गांव उत्थान सेवा संस्थान के लोग जरूरतमंदों के बीच जाकर उन्हें कंबल व सब्जी बीज के पैकेट वितरित करेंगे। दीदी अपनी अमेठी को हर क्षेत्र में आगे ले जाने के लिए लगातार काम कर रही हैं ८

## अयोध्या में खुला पहला स्टोर



**अयोध्या।** हरि कृष्णा समूह की ओर से ने अयोध्या शहर में अपने पहले स्टोर के लॉन्च के साथ आर्थिक रूप से प्रगतिशील राज्य उत्तर प्रदेश में प्रवेश किया है। इस नए स्टोर के लॉन्च के साथए ज्ञ्पैछ। सभी आधुनिक भारतीय महिलाओं के लिए हीरे के आभूषणों को सुलभ बनाने के अपने वादे और दृष्टि को पूरा करने की दिशा में तेजी से कदम उठा रहा है। स्टोर का उद्घाटन उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने किया जिनके साथ हरि कृष्णा ग्रुप के संस्थापक और प्रबंध निदेशक श्री घनश्याम ढोलकिया मौजूद रहे।

## सुनारिया जेल से बागपत के बरनावा आश्रम पहुंचा राम रहीम

**बागपत।** साध्वी यौन शोषण और हत्या के मामले में सजायाफ्ता डेरा प्रमुख राम रहीम 40 दिन की पैरोल मिलने के बाद हरियाणा की सुनेरिया जेल से शनिवार को बागपत के बरनावा आश्रम में पहुंच गया है। कड़ी सुरक्षा के बीच बागपत पुलिस राम रहीम को बरनावा आश्रम लेकर पहुंची। हर बार की तरह इस बार भी हनीप्रीत साथ आई है। गौरतलब है कि दुष्कर्म व हत्या के मामले में गुरमीत राम रहीम सुनारिया जेल में उम्र कैद की सजा काट रहा है। आधा आधा दर्जन से अधिक गाड़ियों के काफिले के साथ सुरक्षा घेरे में गुरमीत राम रहीम को रोहतक की सुनारिया जेल से लेकर हरियाणा व उत्तर प्रदेश की बागपत पुलिस बरनावा आश्रम पहुंची। राम रहीम के आश्रम में प्रवेश करते ही मुख्य द्वार को बंद कर दिया गया। बताया गया कि साध संगत के आश्रम के अंदर प्रवेश करने पर रोक लगाई गई है। क्षेत्राधिकारी बागपत डीके शर्मा ने बताया कि पैरोल के नियमों का पालन करते हुए आश्रम में भीड़ नही जुटने दी जाएगी। यदि नियमों का उलंघन हुआ तो करवाई भी की जाएगी। थाना प्रभारी बिनौली सलीमयदि नियमों का उलंघन हुआ तो करवाई भी की जाएगी। थाना प्रभारी बिनौली सलीम अहमद ने पीटीआई-भाषा को बताया कि गुरमीत राम रहीम के साथ हनीप्रीत व परिवार के सदस्य भी आए हैं। वही बागपत जनपद मे आने पर राम रहीम को सुरक्षा दी गई है। डेरे के मुख्य द्वार पर पुलिस बल तैनात किया गया। अब आश्रम के गेट पर पुलिस का सख्त पहरा है।

## बलिया में सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

**बलिया।** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के रसड़ा कोतवाली क्षेत्र में एक मोटरसाइकिल के स्पीड ब्रेकर पर अनियंत्रित होकर खाई में पलट जाने से उस पर सवार दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि रसड़ा कोतवाली क्षेत्र के सिलहटा गांव के टेढ़ी पुलिया के पास पकवाइनार-सिधागर घाट मार्ग पर शुक्रवार रात एक मोटरसाइकिल स्पीड ब्रेकर पर अनियंत्रित होकर उछलकर खाई में पलट गई। हादसे में भुवाल पासवान (35) और नौशाद (30) गंभीर रूप से घायल हो गए। अधिकारी के मुताबिक, ग्रामीणों ने दोनों घायलों को फौरन रसड़ा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि दोनों युवक गाजीपुर जिले के कासिमाबाद थाना क्षेत्र के पाली गांव के रहने वाले थे। वे शुक्रवार को खिचड़ी लेकर जिले के चौरा कथरिया गांव गए थे और रात को अपने गांव लौट रहे थे।

## शराब के पैसे नहीं मिले तो युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी

**मौदहा** (हमीरपुर) नशे के आदी पुत्र ने पिता से शराब के लिए पैसे न मिलने पर नीम के पेड़ में गमछे से लटककर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत छिरका गांव निवासी दिगपाल के पुत्र हेमराज (23) ने बीती रात अपने ही खेत में लगे नीम के पेड़ में गमछे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली इसकी खबर गांव में मिलते ही कोहराम मच गया और खेत में भीड़ इकट्ठा हो गई वही परिजनों ने पुलिस को सूचना दी तो पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया। वही इस संबंध में परिवारिक भाई राम लखन ने बताया कि बीती रात शराब के लिए पिता से पैसे मांग रहा था जब पिता ने पैसा देने से इंकार कर दिया तो वह आक्रोशित होकर नीम के पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली वही कोतवाल हेमंत कुमार मिश्रा ने बताया कि परिजनों के अनुसार मृतक मानसिक रूप से विक्षिप्त था जिसके शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## बलिया में नाराज छात्रों ने प्रधानाध्यापक व शिक्षकों को बंधक बनाया, जांच शुरू

**बलिया।** जिले के बैरिया शिक्षा क्षेत्र के दुर्जनपुर कम्पोजिट विद्यालय में मध्याह्न भोजन योजना की धनराशि खाते में नहीं आने से आक्रोशित छात्रों ने विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक सहित सभी शिक्षकों को एक कमरे में बंद कर बंधक बना लिया। घटना का वीडियो सार्वजनिक होने के बाद विभागीय जांच शुरू की गई है। बेसिक शिक्षा विभाग के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। बैरिया के खंड शिक्षा अधिकारी पंकज मिश्रा ने शनिवार को बताया कि दुर्जनपुर कम्पोजिट विद्यालय का एक वीडियो शुक्रवार को सोशल मीडिया पर सामने आया जिसमें छात्रों द्वारा विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक सहित सभी शिक्षकों को विद्यालय के एक कमरे में बंद कर बंधक बना लिया गया है। छात्रों ने बाद में सभी को छोड़ दिया। उन्होंने बताया कि वीडियो में एक छात्र को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि कोविड काल का मध्याह्न भोजन का पैसा अभी तक किसी भी छात्र को नहीं मिला है। इस मामले की शिकायत कई बार प्रधानाध्यापक से की गई, लेकिन कोई कार्वाई नहीं हुई। इसी कारण शुक्रवार को प्रधानाध्यापक के साथ अन्य शिक्षकों को विद्यालय के एक कमरे में बंद कर बंधक बना लिया है। वीडियो में प्रभारी प्रधानाध्यापक जयप्रकाश यादव को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि चौथे चरण का बच्चों का पैसा नहीं मिलने के कारण सभी अध्यापकों को ताले में बंद कर दिया गया है। खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि मामले की जानकारी उन्हें शनिवार को हुई और वह स्वयं इस मामले की जांच कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोविड काल के चौथे चरण के मध्याह्न भोजन योजना की धनराशि खाते में अंतरित नहीं होने का मामला गंभीर है और जांच के बाद आवश्यक कार्वाई की जाएगी। जयप्रकाश यादव ने शनिवार को पीटीआई-भाषा को बताया, पहले छात्रों द्वारा सभी को बंधक बनाया गया, फिर मनुहार करने पर छात्रों ने ताला खोलकर उन्हें जाने दिया। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा इस मामले की जानकारी पुलिस को नहीं दी गई है। बैरिया के उप जिलाधिकारी (एसडीएम) आत्रेय मिश्र ने घटना से अनभिज्ञता जताई तथा कहा कि वह इस बारे में खंड शिक्षा अधिकारी से जानकारी लेंगे। रेवती थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) हरेंद्र सिंह ने बताया कि उन्हें विद्यालय की तरफ से कोई जानकारी नहीं दी गई है। एसएचओ ने कहा कि मीडिया के माध्यम से मामला जरूर उनके संज्ञान में आया है।

## मोहपाश में फंसाकर उगाही करने वाले पति-पत्नी गिरफ्तार

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में पुलिस ने लोगों को मोहपाश में फंसाकर वसूली करने वाले एक दंपति को गिरफ्तार कर उनके पास से ठगी गई नकदी व सोने की चेन बरामद की है। एक पुलिस अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (नगर) अभिमन्यु मांगलिक ने पीटीआई-भाषा को बताया कि कुतुबशेर थाना में एक चिकित्सक ने शिकायत दर्ज कराई थी कि करीब डेढ़ महीने पहले एक महिला उससे अस्पताल में मिली थी और दोस्ती के बाद एक स्थान पर बुलाकर शारीरिक संबंध बनाने का प्रलोभन दिया था। मांगलिक के मुताबिक, चिकित्सक का आरोप है कि वह जब महिला की बताई जगह पर पहुंचा, तो वहां दो-तीन लोग आए और उसे डराते-धमकाते हुए अपने साथ गाड़ी में एटीएम तक ले गए और बदनामी का खौफ दिखालकर नकदी निकलवाई। मांगलिक के अनुसार, कुतुबशेर पुलिस ने इस घटना का खुलासा करते हुए आरोपी सुलेमान और उसकी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि पकड़ी गई महिला और उसके पति इससे पहले भी दो-तीन लोगों को अपना शिकार बनाते हुए उन पर दुष्कर्म का आरोप लगाकर ठगी कर चुके हैं। मांगलिक के मुताबिक, गिरफ्तार दंपति के पास से 16,500 रुपए नकदी और सोने की चेन बरामद हुई है। उन्होंने बताया कि दंपति ने चिकित्सक को एटीएम ले जाने के लिए जिस सैंट्रो कार का इस्तेमाल किया था, उसे भी जब्त कर लिया गया है।

## सौतेली मां ने सात साल की बच्ची की गला दबाकर हत्या की, गिरफ्तार

**बरेली।** बरेली जिले के बहेड़ी थाना क्षेत्र में सौतेली मां द्वारा सात साल की बच्ची की गला दबाकर हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी और कहा कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार, शुक्रवार को बहेड़ी थाना के दौलतपुर गांव निवासी घनश्याम की सात वर्षीय बेटी रश्मि की हत्या कर दी गई। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राजकुमार अग्रवाल ने बताया कि बहेड़ी थाना के दौलतपुर गांव निवासी घनश्याम ने अपनी पत्नी भारती (32) के खिलाफ अपनी बेटी की हत्या की प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि पूछताछ में भारती ने अपनी सौतेली बेटी की हत्या की बात स्वीकार कर ली है। अग्रवाल के मुताबिक, पुलिस ने आरोपी सौतेली मां को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) डॉ. तेजवीर सिंह ने वादी घनश्याम के हवाले से घटना के संदर्भ में बताया कि उसकी पहली पत्नी की तीन साल पहले मौत हो गई थी और तब उसकी बेटी रश्मि चार साल की ही थी। रश्मि के बेहतर पालन पोषण लिए उसने भारती से शादी की। भारती के पहले पति से दो बेटे थे, जिन्हें घनश्याम ने पिता के तौर पर अपना लिया। पुलिस के अनुसार, शुक्रवार दोपहर बाद जब घनश्याम घर लौटा तो रश्मि नहीं दिखी। उसने भारती से रश्मि के बारे में पूछा, जिसने बताया कि वह कमरे में सो गई है। पुलिस के मुताबिक, घनश्याम ने जब कमरे में जाकर रश्मि का हाथ पकड़कर उठाया तो वह नहीं उठी। बीमार समझकर वह रश्मि को कस्बे के एक निजी अस्पताल ले गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार, शाम को रश्मि का शव दफनाने की तैयारी थी, लेकिन इससे पहले गांव की महिलाओं ने उसके गले पर निशान देखे और आंखें भी चढ़ी हुई पाईं, जिससे उन्हें शक हुआ। उधर, भारती का रश्मि के प्रति खराब व्यवहार भी किसी से छिपा नहीं था। इसलिए थोड़ी ही देर में गांव में हत्या की चर्चा फैल गई। उन्होंने बताया कि लोग अंतएष्टि के लिए निकले ही थे कि क्षेत्राधिकारी डॉ. तेजवीर सिंह और इंस्पेक्टर श्रवण यादव मौके पर पहुंचे और शव कब्जे में ले लिया। पुलिस के मुताबिक, रश्मि की सौतेली मां भारती को थाने ले जाया गया। पुलिस के सख्ती से पूछताछ करने पर भारती ने स्वीकार किया कि घनश्याम उसके बच्चों से ज्यादा ध्यान रश्मि का रखता था। इसके चलते उसने रश्मि की हत्या कर दी।

**फरियादियों का मोह भंग:जालौन** (उरई)। जनता की समस्याओं के निराकरण के लिए तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें एसडीएम शना अख्तर मंसूरी ने शिकायतों को सुना। इस मौके पर विभिन्न विभागों की 11 शिकायतें पंजीकृत हुई जिन्हें निस्तारण के लिए संबंधित विभाग के उपस्थित अधिकारी को दे गयी है। तहसील सभागार में उपजिलाधिकारी शना अख्तर मंसूरी की उपस्थिति में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। खेतों में चल रहे कृषि कार्यों के कारण फरियादियों की संख्या कम रही।

# कार्यालयों में साफ-सफाई व फाइलों को सुरक्षित रखने के दिए निर्देश

### आयुक्त ने मुसाफिरखाना तहसील व ब्लाक, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय अमृत सरोवर और सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट का किया स्थलीय निरीक्षण निर्माणाधीन भवनों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के दिए निर्देश



**अमेठी।** आज तहसील मुसाफिरखाना में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के उपरांत आयुक्त अयोध्या मंडल अयोध्या गौरव दयाल ने जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र के साथ मुसाफिरखाना तहसील व ब्लॉकए कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयए अमृत सरोवर तथा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट का स्थलीय निरीक्षण किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। सर्वप्रथम आयुक्त ने तहसील मुसाफिरखाना में अभिलेखागारए संयुक्त कार्यालयए अहलमद कार्यालय सहित अन्य पटलों का निरीक्षण किया एवं फाइलों को सुरक्षित व सही स्थान पर रखने के साथ ही साफ सफाई की भी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके उपरांत उन्होंने नगर पंचायत मुसाफिरखाना द्वारा निर्मित कराए गए अमृत सरोवर का निरीक्षण कियाए इस दौरान उन्होंने अमृत सरोवर की प्रशंसा की। इसके पश्चात आयुक्त ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का निरीक्षण कर वार्डन से बच्चों की पढ़ाई लिखाईए भोजन इत्यादि के संबंध में जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश दिएए वहीं कार्यदायी संस्था यूपी प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा 177०16 लाख की लागत से निर्माणाधीन कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुए निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश संबंधित कार्यदायी संस्था को दिए। इसके पश्चात आयुक्त ने कार्यालय खंड विकास अधिकारी मुसाफिरखाना का निरीक्षण कियाए यहां पर उन्होंने फाइलों को सुरक्षित रखने के साथ ही कर्मचारियों की सेवा पुस्तिकाए जीपीएफ पासबुक इत्यादि को पूर्ण रखने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके बाद उन्होंने 4०4 करोड़ की लागत से निर्माणाधीन कार्यालय खंड विकास अधिकारी मुसाफिरखाना के आवासीयध्अनावासीय भवनों का निरीक्षण कर संबंधित कार्यदायी संस्था को निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके उपरांत उन्होंने नगर पंचायत मुसाफिरखाना द्वारा कादू नाला में निर्मित कराए गए स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट का निरीक्षण किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ इलामारन जीए मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ाए अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व एके सिंहए उप जिलाधिकारी मुसाफिरखाना सविता यादवए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विमलेंद्रु शेखरए जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंहए खंड विकास अधिकारी मुसाफिरखाना अनीस अहमद सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# संबंधित अधिकारी पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर करें निस्तारण: आयुक्त

### आयुक्त अयोध्या मंडल की अध्यक्षता में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस



**अमेठी।** जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से आज जनपद की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील मुसाफिरखाना में आयुक्त अयोध्या मंडल अयोध्या गौरव दयाल की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्रए पुलिस अधीक्षक डॉ इलामारन जी व मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा ने भी जनसामान्य की शिकायतों को सुनकर मौके पर ही निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। संपूर्ण समाधान दिवस में आयुक्त ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जायेए शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये। इसके साथ ही उन्होंने ने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए कि संपूर्ण समाधान दिवस में समय से आकर जन समस्याएं सुनें तथा उनका निस्तारण कराना सुनिश्चित करें इसमें लापरवाही किए जाने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। आज संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान सर्वाधिक शिकायतें राजस्व विभागए पुलिस विभाग तथा विकास विभाग से संबंधित प्राप्त हुई। जिनके निस्तारण हेतु आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। आज तहसील मुसाफिरखाना में कुल 79 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 11 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गयाए तहसील तिलोई में 39 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 05 का निस्तारण किया गयाए तहसील अमेठी में 51 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें 13 का निस्तारण किया गया तथा तहसील गौरीगंज में 28 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 02 शिकायतों का निस्तारण किया गया तथा शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई। मंडलायुक्त ने कहा कि शासन जन समस्याओं के निस्तारण के प्रति अत्याधिक गम्भीर है और इसमें उदासीनता एवं लापरवाही क्षम्य नही होगी। इस दौरान उन्होंने तहसील दिवस से संबंधित रजिस्टर का निरीक्षण किया एवं लंबित शिकायतों को यथाशीघ्र निस्तारित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व एके सिंहए उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना सविता यादवए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाण् विमलेंद्रु शेखरए प्रभागीय वनाधिकारी डीएन सिंहए जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंहए परियोजना निदेशक डीआरडीए आशुतोष दूबेए तहसीलदार मुसाफिरखाना संगीता पांडेय सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## मंत्री जी ने तोड़ा प्रोटोकॉल

सूबे के एक राज्यमंत्री महोदय अपना प्रोटोकाल भूलकर एक दूसरे विभाग के प्रमुख सचिव के कमरे में धड़धड़ाते हुए घुस गए। प्रमुख सचिव एक उच्च स्तरीय बैठक ले रहे थे। अब ऐसी स्थिति में मंत्री महोदय को सम्मान न दिया जाए तो साहब के लिए दिक्कत और अगर उच्च स्तरीय बैठक को समाप्त किया जाए तो चीफ साहब नाराज। खैर प्रमुख सचिव ने स्थिति को संभाला और कुर्सी खाली कराकर मंत्री महोदय को बैठाया मगर मंत्री महोदय के जाने के बाद साहब का मूड खराब हो गया और फिर उन्होंने किसी भी आगंतुक से मुलाकात नहीं की। अब इस बात की चर्चा है कि मंत्री महोदय फोन पर ही बात कर अधिकारी को निर्देशित कर देते। ऐसा कौन सा काम था जिसके लिए मंत्री महोदय अपना प्रोटोकाल भूल गए। दरअसल बापू भवन में एक तरफ अधिकारियों के बैठने की व्यवस्था है और भवन के पीछे की तरफ राज्य मंत्री बैठते हैं। सूबे को साफ-सुथरा रखने वाले विभाग के प्रमुख सचिव जिस तल पर बैठते हैं उसी तल पर वह माननीय भी बैठते हैं और माननीय किसी मामले में पैरवी करने के लिए सारे प्रोटोकाल तोड़कर स्वयं ही अधिकारी के कमरे में आ गए। इससे अधिकारी का भी मूड खराब हुआ और मंत्री महोदय की भी किरकिरी हुई।



## बाउंसर निकाल रहे दम

शीतलहर के दौरान बढ़ती हार्ट रोगियों की संख्या को देखते हुए पिछले दिनों पाठक जी ने खास तौर पर मैसेज दिया था कि आवश्यकतानुसार बेड की संख्या को बढ़ाकर आने वाले हृदय रोगियों का इलाज मुकम्मल सुनिश्चित किया जाय। अब पाठक जी की बात का असर कितना हुआ यह पिछले दिनों लारी में देखने को मिला। हार्ट के रोग से ग्रसित एक मरीज एम्बुलेंस में घण्टे भर लेटा रहा लेकिन वहां तैनात बाउंसर मरीज के परिजनों से बदसलूकी पर आमादा हो गए थे। अंत में जान है तो जहान है को देखते हुए परिजनों ने मरीज को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। ऐसी न जाने कितनी घटनाएं रोजाना घटती हैं इसका कोई ब्यौरा नही है। कहने का मतलब ऊपर से निर्देश कुछ और जमीन पर कुछ और देखने को मिलता है। आखिर मरीज जाए तो कहां। थोड़ा दम दिखाए तो बाउंसर के दम से बेदम हो जाता है। अब इन्हें यह नही समझ में आता है कि मरीज इलाज कराने आता है लड़ाई करने नही। फिर बाउंसर की तैनाती क्यों। इलाज देना है या गुंडागर्दी करनी है। फिलहाल बाउंसर के दम से दम बेदम होने का सिलसिला जारी है।




## ऑनलाइन का चूरन

अब ऑन लाइन हाउस टैक्स जमा होगा और ऐसेसमेंट भी होगा जिस पर नये साहब ने बड़ी खुशी मनाई और कई अधिकारियों ने इसे ऐतिहासिक बताया। लेकिन यह एसेसमेंट और हाउस टैक्स का आन लाइन कई साल पहले ही कर दिया गया था जिसका लाभ जनता को नहीं मिल सका। आलम यह कि आनलाइन के नाम पर स्मार्ट सिटी की 60 प्रतिशत योजनाएं अधूरी पड़ी है जिसका पुरसा हाल कोई नहीं है। बस स्मार्ट सिटी का ठप्पा लगाने की होड़ में अफसर लगे हुए हैं। नये साहब ने आनलाइन की ये सेवाएं दे दी लेकिन हकीकत से साहब अंजान हैं। पांच वर्ष पूर्व ऑनलाइन की सेवाएं नगर निगम ने शुरू की थी पर अभी तक शिकायतों का ऑनलाइन निस्तारण नहीं हो पा रहा है। नाले, नाली की सफाई करने में भारी खामियां देखी गयी हैं। झूठे निस्तारण का खेल शुरू हो जाता है । सेल्फ एसेसमेंट का चलन हो गया तो नगर निगम के बाबुओं का क्या होगा। उनकी सारी दुकान ही इस पर चलती है जिसके कारण चाह कर भी ऑनलाइन सेवाएं सफल नहीं हो पा रही हैं। महापौर ने इसका शुभारंभ कर जनता को सेवाओं की रेवड़ियां बांटने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी।

## बाइक वाले जोड़े

राजधानी का दिल कहे जाने वाले हजरतगंज में चलती बाइक पर युवक-युवती ने तहजीब के साथ ट्रैफिक नियम क्या तोड़ा सोशल मीडिया यूनिवर्सिटी के सारे लेक्चरर व प्रोफसर तुरंत सक्रिय हो गए। एक के बाद एक सैकड़ों पोस्टों से सोशल मीडिया एकाउंट पट गए। जितने विद्वान उतने तरह की ज्ञान की बातें इंटरनेट पर तैरने लगीं। अब ऐसे में भला अपनी खाकी भी कहां चुप बैठने वाली थी। आनन-फानन में कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज की और अगले दिन युवक को धर दबोचा पर युवती नाबलिग होने से कानून के फंदे में आने से बच गई। अब पुलिस महकमे ने इस मामले में अपने अंदाज में ऐसे कपल्स से कुछ सवाल पूछते हुए वीडियो जारी किया है। जो सोशल मीडिया पर खूब वायरल होने के बाद काफी सराहा भी जा रहा है। इस वीडियो में बाइक समेत कई कपल्स को उल्टे सीधे तरीके से गाड़ी चलाते दिखाया गया है। इस वीडियो के साथ यूपी पुलिस ने लिखा है कि यदि आप ऐसी गाड़ी चलाते हैं तो आपके रिश्ते का क्या गोल है? अच्छा वक्त या मौत, क्योंकि ऐसे गाड़ी चलाने से जीवन हमेशा संकट में ही रहेगा।



## अंडरग्राउंड प्रवक्ता

बड़बोलेपन का बयान देकर बने बयान बहादुर आजकल भूमिगत है। कहीं नजर नहीं आ रहे हैं। हरे कुर्ते वाले नेता जी को बड़ा घमंड था अपने आईपीएस रहे ससुर का, सांसद रही सास का, पीसीएस पत्नी का। कोई काम नहीं आया। और तो और रोज शाम को साथ बैठने वाले समाजवादी मुखिया भी इनके कोई काम नहीं आए जिनके लिए ये कैमरों पर बयान बहादुर बनकर युद्ध किया करते थे। कभी कभी तो मार भी कर लिया करते थे। शायद यही कारण रहा कि इनका मिजाज कुछ सातवें आसमान पर पहुंच गया था। किसी को कुछ समझते ही नहीं थे। जो मुंह में आया बक दिया करते थे। ऐसी स्थिति में गड़बड़ तो होनी ही थी और वह हो गई। इन्होंने सीधे सीधे बड़े महाराज से ही पंगा ले लिया। फिर क्या था। समस्या खड़ी हो गई। वह दिन है और आज का दिन है। तब से कहीं दिखाई नहीं पड़े। आखिर पंगा जो लिया था। भगवा सरकार के बड़े महाराज से। वैसे भी बड़े महाराज से जिसने पंगा लिया है वह ज्यादा दिन टिक नहीं सका है। या तो अंदर कर दिया गया है या फिर वह खुद ही अंडरग्राउंड हो गया है।

# पीएम के नेतृत्व में नेचर, कल्चर व एडवेंचर का संगम बन रहा वाराणसी

- प्रदेश के औद्योगिक विकास में मेरठ मंडल की प्रभावी भूमिकाः सीएम

## सीएम ने की प्रयागराज, वाराणसी व मेरठ मंडल की समीक्षा



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सांसद** और विधायकों के साथ विकास परियोजनाओं की पड़ताल की जारी श्रृंखला में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को मेरठ, प्रयागराज व वाराणसी मंडल की समीक्षा की। विशेष बैठक में मुख्यमंत्री ने एक एक कर जिलेवार सांसद व विधायक से उनके क्षेत्र की विकास योजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि पीएम के प्रयासों से वाराणसी नेचर, कल्चर और एडवेंचर का संगम बन रहा है। रोड से लेकर ट्रीटमेंट प्लांट, नेक्स्ट जेनरेशन इन्फ्रास्ट्रक्चर से लेकर ट्रांसपोर्ट फैसिलीटीज तक, रुद्राक्ष कनवेंशन सेंटर से लेकर सिटी कमांड के जरिए ट्रैफिक मैनेजमेंट तक, अंडरग्राउंड केबलिंग से लेकर कार्गो सेंटर तकए वाराणसी अधुनातन विकास के नए मानक गढ़ रही है। जौनपुर, गाजीपुर एवं चंदौली जिलों में भूमि की पर्याप्त उपलब्धता है। यहां पूरा क्षेत्र उर्वर है और कुशल मानव पूंजी से समृद्ध है। यहां औद्योगिक विकास की बड़ी संभावनाएं हैं।

उन्होंने कहा कि मौनी अमावस्या के पावन पर्व पर आज प्रयागराज में माघ मेला में आज डेढ़ करोड़ से अधिक लोगों ने संगम स्नान का पुण्य लाभ प्राप्त किया। श्रद्धालुओं, संतजनों पर पुष्पवर्षा भी की गई। अब हम सभी को कुंभ 2025 के लिए कार्य करना है। जनप्रतिनिधियों को इसमें बड़ी भूमिका निभानी होगी। सीएम ने कहा कि संगमनगरी प्रयागराज में ईज ऑफ लिविंग के मानकों के साथ आधुनिक नगरीय विकास के सभी संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। प्रयागराज में मेट्रो के लिए सर्वेक्षण का कार्य चल रहा है। बेहतर कानून व्यवस्था के लिए यहां पुलिस आयुक्त प्रणाली लागू की गई है। आस्था का सम्मान करते हुए श्रृंगवेरपुर में पर्यटन विकास की संभावनाओं को भी आकार दिया जा रहा है। फतेहपुर में मेडिकल कॉलेज खुला है। इन सबका लाभ आम आदमी को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के युवा आज दुनिया के हर देश में हैं। यह एनआरआई युवा अपनी प्रतिभा और क्षमता का लाभ उत्तर प्रदेश को देने को उत्सुक हैं। इन युवाओं को हमें अवसर उपलब्ध कराना होगा। कई देशों में उत्तर प्रदेश के प्रवासियों ने संगठन भी बनाया है। जनप्रतिनिधियों को इन संगठनों से सतत संवाद-संपर्क बनाने का प्रयास करना चाहिए। सांसद-विधायक प्रदेश सरकार की नई औद्योगिक नीतियों का व्यापक प्रचार प्रसार करें। स्थानीय विवि, महाविद्यालयों, पॉलिटेक्निक, आईटीआई में युवाओं के बीच इन पर परिचर्चा कराई जाए।

जनप्रतिनिधिगण इन कार्यक्रमों में प्रतिभाग करें। जनप्रतिनिधि गण क्षेत्र में संचालित विकास परियोजनाओं का निरीक्षण करते रहें। यह योजनाएं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की छवि निर्माण में सहायक हैं। गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने में जनप्रतिनिधियों को योगदान करना होगा।

## एनसीसी कैडेट्स ने भी लिया वॉकाथन में हिस्सा

**लखनऊ।** लखनऊ जनपद में शासन की ओर से आयोजित जी-20 के आयोजन के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए आयोजित वॉकाथन में नवयुग कन्या महाविद्यालय, राजेंद्र नगर लखनऊ की 19 वीं उत्तर प्रदेश गर्ल्स बटालियन एनसीसी की 53 कैडेट्स ने एनसीसी अधिकारी मेजर (डॉ) मनमीत कौर सोढ़ी के नेतृत्व में प्रतिभाग किया। इस वाकाथन को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने मुख्यमंत्री आवास से झंडी दिखाकर रवाना किया, जो गोल्फ चौराहा से, सिविल अस्पताल के सामने होती हुई हजरतगंज अटल चौराहा से केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर समाप्त हुई। जहां पर उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक समेत प्रशासनिक अधिकारी आदि उपस्थित रहे। इस आयोजन में मेयर संयुक्ता भाटिया, मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब, नगर आयुक्त सरदार इंद्रजीत सिंह समेत बड़ी संख्या में प्रशासनिक अधिकारी एवं अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय ने छात्राओं को अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के लिए प्रेरित किया।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को रन फॉर जी-20 वॉकाथन का शुभारंभ किया

## गुंडों और माफियाओं को पनाह देती है सपाः ब्रजेश पाठक

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**रन** फॉर जी-20 वॉकाथन के आयोजन के दौरान उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक विरोधियों पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी तो गुंडों और माफियाओं को पनाह देती है। उनका कोई एजेंडा नहीं है। साल 2017 से पहले तक प्रदेश में माफियाराज था और आज विकास की गंगा बह रही है। शनिवार को राजधानी में सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ वॉकाथन को हरी झंडी दिखा कर रवाना करने के बाद डिप्टी सीएम ने पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि यूपी के विकास में इंवेस्टर्स समिट मील का पत्थर साबित होगी। आज का यूपी निवेश के लिए सबसे सुरिक्षत प्रदेश है। वो दिन दूर नहीं, जब प्रदेश अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान बना लेगा। दुनिया भर से निवेशक यूपी आ रहे हैं। निवेशकों का यूपी पर काफी भरोसा बढ़ा है। तीसरे मोर्चे की संभावनाओं को लेकर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले भी देश के बुजुर्ग नेताओं द्वारा तीसरे मोर्चे को लेकर कवायद हुई है। जनमोर्चा,जनता दल, राष्ट्रीय मोर्चा इसी की कड़ियां हैं। तीसरे मोर्चे का कोई वजूद नहीं है।

# सुशासन में समय से न्याय मिलना जरूरीः सीएम

- मुख्यमंत्री ने शासन के उच्चाधिकारियों व वरिष्ठ विधि अधिकारियों के साथ की बैठक

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**आमजन** की सुविधा और शासकीय कार्यप्रणाली की सुगमता के दृष्टिगत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को प्रदेश शासन के एसीएस, प्रमुख सचिव और सचिव स्तर के अधिकारियों तथा वरिष्ठ विधि अधिकारियों के साथ बैठक की। विशेष बैठक में प्रदेश सरकार के महाधिवक्ता, अपर महाधिवक्ता, प्रमुख सचिव न्याय, प्रमुख सचिव संसदीय कार्य सहित न्याय विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की सहभागिता रही।

विशेष बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच बेहतर समन्वय और सही तथ्यों के साथ शासन की मंशा प्रस्तुत करने में हमारे विधि अधिकारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विगत साढ़े पांच-छह वर्षों के भीतर प्रभावी पैरवी के साथ आम जन को समय से न्याय दिलाने के लिए अपना बेहतर सहयोग दिया है। उन्होंने कहा कि सुशासन में समय से न्याय मिलना जरूरी होता है। ऐसे में न्यायालय से जुड़ी पत्रावलियों का प्राथमिकता के साथ निस्तारण किया जाना चाहिए। पत्रावलियां लंबित न रहें, न्यायालय के समक्ष समय पर सही तथ्य प्रस्तुत हों, इनके लिए यह आवश्यक है कि शासन के अधिकारियों और विधि अधिकारियों के बीच सतत संवाद और बेहतर समन्वय हो। सीएम ने कहा कि कतिपय अवसरों पर न्यायालय द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को समन भी जारी किया जाता है। प्रयास हो कि ऐसे मौके अपवाद स्वरूप ही हों। ऐसी स्थिति से शासन के दैनिक कामकाज पर असर पड़ता है। विधि अधिकारियों को इसके लिए बेहतर नियोजन करना होगा। सीएम ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत वाद में सही तथ्य रखे जाएं। तय समय सीमा के भीतर एफिडेविट प्रस्तुत हो। सभी विभागों में इसके लिए नोडल अधिकारियों की तैनाती की गई है। विशेष परिस्थितियों में मुख्य सचिव और मुख्यमंत्री कार्यालय से सहयोग लेने में संकोच न करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि न्यायालयों में राज्य सरकार का पक्ष रखना बड़ी जिम्मेदारी का कार्य है। इसके लिए पहले से ही पूरी तैयारी कर ली जानी चाहिए। हर प्रकरण को पूरी गंभीरता से लिया जाना चाहिए। अधिवक्ता कल्याण के लिए राज्य सरकार द्वारा अनेक नीतिगत प्रयास किए गए हैं। महाधिवक्ता कार्यालय के माध्यम से भी इनका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाना चाहिए। अधिवक्ता गणों के हित में आगे भी नवीन प्रयास किए जाएंगे।

## भाजपा राज में महंगाई की मार से टूट चुकी है जनताः अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार की कुनीतियों के चलते जनता महंगाई की मार से बुरी तरह टूट चुकी है। लोगों को अपना घर चलाना दूभर हो गया है। बाजारों में फुटकर महंगाई निरन्तर बढ़ती जा रही है। लोगों को कहीं कोई राहत नहीं मिल रही है। खाद्य पदार्थ और अन्य जरूरी सामानों के दामों में कोई गिरावट न होने से लोग त्राहि-त्राहि कर रहे हैं।

अखिलेश ने कहा कि भाजपा राज में बेलगाम महंगाई को पूरा संरक्षण मिल रहा है। वित्तविहीन स्कूलों में छात्र-छात्राओं की फीस बढ़ाने का प्रस्ताव आ चुका है। कोविड काल में वसूली गई फीस में कोई रियायत नहीं हो रही है। बिजली की दरों में बढ़ोत्तरी के लिए लगातार दबाव बनाया जा रहा है। भाजपा सरकार बिजली की समय से आपूर्ति तो नहीं कर पा रहीं है परन्तु लम्बे चैड़े बिजली बिलों को भेजने में भाजपा सरकार का कोई जवाब नहीं है। अखिलेश ने कहा कि ताजा खबर है कि रोडवेज बसों का किराया बढ़ाने का भी प्रस्ताव विचाराधीन है। खटारा बसों से यात्री यात्रा करने को मजबूर हैं। आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं। बिना सूचना बस सेवाएं निरस्त कर दी जाती है। यात्री परेशान होते हैए ऑटो. टेम्पो वाले भी पीछे नहीं हैं। वे भी किराए की दरों में वृद्धि की मांग कर रहे हैं। अखिलेश ने कहा कि सरकारी दावों के बावजूद खाद्य पदार्थों के दामों में कोई गिरावट बाजार में नज़र नहीं आ रही है। वैसे भी बाजार में एक बार जिस चीज के भाव बढ़ जाएं वे बाद में भी गिरते नहीं। ग्राहक की मजबूरी है कि उसे चीजें बढ़े दामों पर खरीदनी ही है।

## कर्नाटक की तर्ज पर यूपी में भी बनेगा आपदा प्रबंधन केन्द्रः शाही



- कृषि मंत्री ने दल के साथ कर्नाटक के आपदा प्रबंधन केन्द्र का किया भ्रमण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कृषि** मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने अपने पूरे दल सहित शनिवार को बेंगलुरु के येलहंका स्थित कर्नाटक राज्य प्राकृतिक आपदा प्रबंधन केंद्र तथा भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान हिसारघट्टा लेक पोस्ट का भ्रमण किया। निरीक्षण के उपरांत उन्होंने बताया कि मौसम की अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराने में इस संस्थान का महत्वपूर्ण योगदान है। यह संस्थान वर्षा, सूखाग्रस्त क्षेत्र, बाढ़ प्रभावित क्षेत्र, चक्रवात, अतिवृष्टि, आकाशीय बिजली, तापमान, भूस्खलन, भूकंप आदि की जानकारी 20 मिनट से भी कम समय में उपलब्ध कराता है। इस प्रबंधन केंद्र के जरिये किसान भाइयों को खेत की जोताई, बोआई, उर्वरक का छिड़काव, कब करना है इसकी सम्पूर्ण जानकारी उपलब्ध होती है।

कृषि मंत्री शाही ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा भी शीघ्र ही प्रदेश में भी मौसम की अद्यतन स्थिति की जानकारी किसान भाइयों को उपलब्ध कराने के लिए ऐसे ही सुव्यवस्थित केंद्र की स्थापना के लिये कार्ययोजना बनाई जाएगी।

# गन्ना किसानों को लाभकारी मूल्य दिलाने की मांग

- रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी ने सीएम योगी को लिखा पत्र

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राष्ट्रीय** लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयन्त चौधरी ने सत्र 2022-23 के लिए गन्ना किसानों को गन्ने का लाभकारी मूल्य दिलाने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा है। पत्र में चौधरी ने मुख्यमंत्री से वर्तमान सत्र के लिए गन्ने का लाभकारी मूल्य को तत्काल घोषित करने की मांग की है।

राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने बताया कि चौधरी के द्वारा लिखे गये पत्र में कहा गया है कि गन्ने का वर्तमान पेराई सत्र आधे से अधिक बीत चुका है किन्तु सरकार ने अभी तक गन्ना मूल्य की घोषणा नहीं की है। स्थिति यह है कि गन्ना किसान बिना यह जाने कि उसके उत्पाद की क्या कीमत मिलेगी, मिलों को लगातार गन्ने की आपूर्ति करने को विवश है। कोई भी उत्पाद ऐसा नहीं होगा, जिसका मूल्य जाने बिना उत्पादक निरंतर उसकी आपूर्ति करता रहे। जब उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव आसन्न थे तब आपके नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने गन्ना पेराई सत्र के लिए 26 सितंबर 2021 को गन्ने का मूल्य घोषित कर दिया था। उस समय अदालत के आदेश के साथ ही भाजपा सरकार ने भी गन्ना मूल्य का भुगतान 14 दिन में करने तथा विलंब होने पर ब्याज के साथ भुगतान करने की घोषणा की थी लेकिन किसान के इस मूल अधिकार के प्रति प्रदेश की सरकार की प्रतिबद्धता कमजोर सी प्रतीत हो रही है। दुबे ने कहा कि गन्ने का लाभकारी मूल्य दिलाने को प्रदेश के 1 लाख किसान द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री को किसान संदेश अभियान के माध्यम से पत्र भेजे जा रहे हैं। पत्र में गन्ने का लाभकारी मूल्य देने, गन्ना मूल्य का भुगतान 14 दिन में कराने और विलम्ब होने पर ब्याज सहित गन्ना मूल्य भुगतान कराने तथा आवारा पशुओं से हो रहे फसलों के नुकसान को देखते हुए इसके निराकरण की मांग की है।

बीजेपी प्रदेश कार्यसमिति की बैठक आज

# मोदी-योगी के कामकाज के जरिए मिशन-2024 को फतेह करने की तैयारी

- विपक्ष पर आक्रमक तेवर रखेगी भाजपा, गुजरात की ही तरह यूपी में गठित होगी पन्ना समितियां

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**आम** चुनाव को लेकर बीजेपी ने तैयारी शुरू कर दी है। राष्ट्रीय कार्य समिति के बाद भाजपा की प्रदेश कार्य समिति की बैठक रविवार को इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में होगी। बैठक को लेकर शाम को इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में प्रदेश और राष्ट्रीय पदाधिकारियों के साथ एजेंडे को लेकर बैठक हुई। इसमें यह तय हुआ कि राष्ट्रीय कार्य समिति में जो दिशा-निर्देश केंद्रीय पदाधिकारियों द्वारा दिए गए थे उन्हें जिला और मंडल स्तर की कार्य समिति के जरिए जनता के बीच ले जाना है। खासतौर पर मोदी-योगी के काम काज को लेकर सरकार व संगठन के जरिए जनता की चौखट तक जाएगी। विपक्ष जो कि सरकार के खिलाफ अनावश्यक प्रलाप कर रहा है उसको पार्टी मुंह तोड़ जवाब देगी साथ ही पार्टी विपक्ष के हर प्रहार का जवाब आक्रमकता के साथ देगी। कार्य समिति के बैठक में आगामी निकाय चुनाव और लोकसभा चुनाव में हर वर्ग के वोट बैंक को बढ़ाने के लिए केंद्रीय कार्य समिति द्वारा तय रणनीति पर चर्चा होगी और राजनीतिक प्रस्ताव पारित किए जाएंगे। कार्य समिति का समापन रविवार शाम को होगा।

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन और सरकार की चलाई जा रही योजनाओं के माध्यम से पार्टी आगामी कार्यक्रमों की रणनीति तैयार कर रही है। प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में पार्टी के कार्यकर्ताओं के आगे के प्रस्ताव और नीतियों के साथ-साथ ऐसे संकल्पों को लेकर कार्य किया जाएगा। जिससे पूरे देश में भारतीय जनता पार्टी का नाम बढ़ेगा। भूपेंद्र चौधरी ने बताया कि 22 जनवरी को प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक का शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। कार्यकारिणी की बैठक शुरुआत में आगामी कार्यक्रमों को लेकर और समापन कार्य को लेकर रूपरेखा तैयार की जाएगी। भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि पन्ना प्रमुख और उससे भी आगे बढ़ते हुए पन्ना समिति बनी जिसके काम के आधार पर बड़ी सफलता गुजरात में मिली। समाज के सभी वर्गों तक पहुंचने में बीजेपी सफल हुई है। 22 जनवरी से प्रदेश कार्यसमिति की बैठक होगी। 700 पदाधिकारी बैठक का हिस्सा होंगे। अब तक किए काम का ब्यौरा रखा जाएगा और आगे की रणनीति तय होगी। एक दिन की बैठक इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होगी। भाजपा को संकल्प करना है और भारत के लिए इतिहास की रचना करनी है। प्रधानमंत्री ने देश को पार्टी से ऊपर रखा। एक भारत श्रेष्ठ भारत को अपनाते हुए सभी राज्य एक दूसरे से भावनात्मक रूप से जुड़े। बीजेपी अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि किसानों को प्रेरित कर धरती माता को बुरे परिणामों से बचाना होगा। पार्टी समाज के हर वर्ग तक पहुंची है। भाजपा सिर्फ राजनीतिक नीति पर विचार नहीं करती।

वर्ष 2023 भाजपा के लिए बहुत महत्वपूर्ण वर्ष है। अग्रिम 9 राज्यों में विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत का संकल्प है। प्रत्येक लोकसभा में 100 कमजोर बूथ एवं प्रत्येक विधानसभा में 25 बूथ को चिह्नित करने का निर्देश दिया गया है। जनजातीय इलाकों में भी भाजपा का शानदार प्रदर्शन रहा है। गुजरात विधानसभा का चुनाव भाजपा के लिए रिकॉर्ड है। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से 18 से 25 आयुवर्ग के युवाओं ने भारत के राजनीतिक इतिहास को देखा नहीं है। पिछली सरकारों में किस प्रकार से अनाचार, दुराचार और भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा थी, किस प्रकार का कुशासन था और किस तरह संघर्ष कर भारत पिछले 8 वर्षों में इस मुकाम तक पहुंचा है और उन्नत सुशासन की ओर बढ़ रहा है। इससे उन्हें अवगत कराना है। भाजपा 18 से 25 आयुवर्ग के युवाओ में जागरुकता और लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ जोड़ने वाला अभियान चलाएगी। पार्टी युवाओं को बताएगी कि किस प्रकार से कुशासन से सुशासन की यात्रा की। सुशासन का महत्व क्या है? सुशासन से देश कैसे परिवर्तित होता है? भाजपा इन विषयों बताए और देश युवाओं को सुशासन से जोड़े। उन्होंने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व ने यह तय किया है कि भाजपा संवेदनशीलता के साथ समाज के सभी अंगों से रिश्ता जोड़े। आज पार्टी समाज के हर वर्ग तक पहुंचा है।

सिर्फ वोट के लिए इन सब कामों को नहीं करें बल्कि हमे देश एवं समाज को बदलने के लिए काम करना है। समाज के सभी वर्गों तक पहुंचना, उनके जीवन में उत्थान लाना, यह हमारा कर्तव्य है, भले ही हमे कोई वोट दे या नहीं दे। अगर हम सामाजिक कार्य को करते जाएंगे, लोगों को जोड़ते जाएंगे तो लोग हमारे साथ निश्चित जुड़ेंगे।

# गुनाह के हाथ बुन रहे 'रोजगार' की डिजाइनिंग दरियां!

संवाददाता। सीतापुर

- सीतापुर की सलाखों में 18 बंदी इन दिनों बना रहे दरी
- एक सप्ताह का प्रशिक्षण के बाद दरी बनाने में लगे हैं बंदी
- जेल के बाहर इस हुनर से रोजगार का जरिया तलाशेंगे बंदी
- बंदियों की बनाई गई दरियां यूपी के कई जेलों में भेजी जाएंगी
- दरी बनाने के एक एवज में एक बंदी को प्रतिदिन मिलते 25 रुपये

**जेल,** इस शब्द का नाम का सुनते ही दिलो दिमाग में दहशत भर जाती है। जेल की कालकोठरी की तस्वीरें और वहां जुर्म की सजा काट रहे बंदियों के बारे में सोचने भर से मन में घबराहट पैदा होने लगती है, लेकिन अब यह गुजारे जमाने की बातें लगने लगी हैं। समय के साथ अब जेल को सुधार जेल भी कहेंगे तो कोई हर्ज नहीं है क्योंकि जेल में बंदियों को अपने आप को सुधारने का मौका देकर रोजगार की पाठशाला भी चलाई जाती है, इससे बंदी हुनरमंद हो रहे हैं। कल को सलाखों से रिहा होने के बाद इन्हीं हुनरमंद हाथों से वह रोजगार तलाश लेंगे। जेल प्रशासन की शायद यही मंशा भी है। इसीलिए तो समय-समय पर जेल में प्रशिक्षण की पाठशाला चलती रहती है। बात लखनऊ से सटे सीतापुर जेल की हो रही है।

आइए आपको सीतापुर की जेल में चल रही रोजगार की पाठशाला से हुनर ले चुके बंदियों का हाल बताते हैं। अक्सर आपने लोगों को यह कहते सुना होगा कि समय खराब है। कुछ सूझ नहीं रहा। जीवन की गाड़ी चलेगी तो कैसे। हम कहेंगे उन लोगों को इन बंदियों से सीख लेनी चाहिए। यहां पर हम एक बात साफ कर देना चाहते हैं कि सीख, का मतलब उन्होंने जो अपराध किया है, उससे हम कतई इत्तफाक नहीं रखते। हमारा इशारा उनके हुनर की ओर है। कहने का मतलब है कि जेल में रहकर बुरे वक्त में भी वह रोजगार के लिए हुनर सीख रहे हैं और शायद यह हुनर आगे उनके लिए काम भी आएगा। सीतापुर के जेल अधीक्षक सुरेश कुमार सिंह के अनुसार, जेल में इन दिनों 1751 बंदी बंद हैं, इसमें से 18 बंदी ऐसे हैं, जिन्हें बीते माह दरी बनाने का प्रशिक्षण डिप्टी कमिश्नर उद्योग की मदद से एक सप्ताह तक दिलाया गया। एक सप्ताह का प्रशिक्षण लेने के बाद सभी 18 बंदी अब दरियां बनाने लग गए हैं। इनके हाथों से बनिया गई दरियां लखनऊ मुख्यालय भेजी जाती हैं, जहां से इन दरियों को यूपी की अलग-अलग जेलों में भेजा जाता है। हालांकि, आपको यहां पर बता दूं कि सीतापुर की जेल में दरी बनाने का सिलसिला कोई आज का नहीं है। दशकों से यह चल रहा है, लेकिन हां, कुछ जरूर नया है। नया यह है कि बदलते दौर में आधुनिकता के साथ डिजाइनिंग दरियां बनाने का हुनर इन बंदियों ने सीखा है। अभी मुख्यालय से आदेश नहीं मिला है। आदेश मिलते ही यह बंदी डिजाइनिंग दरिया बनाने लगेंगे। अभी तक बंदी सामान्य दरियां ही बनाते थे। जेल अधीक्षक की माने तो बंदी को एक दिन में 25 रुपये का मेहनताना भी जेल प्रशासन की ओर से दिया जाता है, जबकि दरी बनाने के लिए कच्चा माल भी जेल प्रशासन मुहैया कराता है। दरी बुनने वाले इन बंदियों के सिर हत्या, चोरी, डकैती, दहेज हत्या समेत तमाम संगीन आरोप हैं। यह उसी की सजा भुगत रहे हैं।

# मछरेहटा के गंगापुर पहुंच समता सद्भावना संदेश यात्रा हुई समाप्त

संवाददाता। सीतापुर

- संगतिन किसान मजदूर संगठन ने किया था यात्रा का आयोजन संगठन मुखिया ऋचा सिंह ने यात्रा में कमी और बालिका सुरक्षा पर उठाया सवाल

**सामाजिक** समरसता का संदेश देने के उद्देश्य से संगतिन किसान मजदूर संगठन द्वारा सीतापुर के रस्यौरा से शुरू की गई, समता सद्भावना संदेश यात्रा अपने तीसरे चरण में मछरेहटा के गंगापुर पहुंचकर थम गई। यात्रा के दौरान लोगों से मिले समर्थन को संगठन नेताओं ने याद किया। समापन अवसर पर गंगापुर में भारी भीड़ जमा हो गई। इस अवसर पर संगठन की मुखिया ऋचा सिंह ने भाजपा सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि इस सरकार में युवाओं को बेरोजगार और किसानों को चौकीदार बनाकर रख दिया है। उन्होंने बालिका सुरक्षा को लेकर मौजूदा माहौल पर भी सवाल उठाए। यात्रा गंगापुर पहुंचने पर उसके स्वागत में आसपास के गांवों से हजारों पुरुष ही नहीं युवा, महिलाएं और बच्चे तक उसे देखने, सुनने जमा हुए। लगभग सभी वक्ताओं ने अपने संबोधनों में यात्रा को मिले समर्थन के प्रति आभार प्रकट करते हुए यात्रा के अनुभवों को साझा किया। इस यात्रा में मिश्रिख ब्लाक से प्रकाश, सुरबाला, सकरून, गोल्डी, पिंटू, पिसावा से रामबेटी, सुरेन्द्र, सुशीला, जगन्नाथ, खैराबाद ब्लाक से उमेश, सुरेश, सोनेश्री, जशोदा, कमला, बलबीर व मछरेहटा ब्लाक से रामदेवी, राजेश, दीनदयाल, पप्पू, राजाराम, सरोजनी, संदीप, रामजीवन कुलदीप, हरिनाम् सिंह आदि मौजूद रहे।

# समाधान दिवस में सिसका इंसाफ बिलख-बिलखकर रोई 'फरियादी'

संवाददाता। सीतापुर

- मिश्रिख तहसील में संपूर्ण समधान दिवस में पहुंची थीं गुड्डी
- अफसरों से गुहार लगा बाहर निकलने के बाद फूट-फूटकर रोई
- 15 दिन से लापता है भतीजी, मछरेहटा पुलिस नहीं कर रही मदद, तहरीर देने के बाद पुलिस ने नहीं दर्ज किया केस, परिवार परेशान

**वो** बेबस है, लाचार है, परेशान है। उसकी कहीं भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। थाना, पुलिस के चक्कर लगाते लगाते थक चुकी है, लेकिन इंसाफकी उम्मीद नाउम्मीदी में बदलती जा रही है। तमाम मन्नतें, हाथ जोड़ने, गिड़गिड़ाने के बाद भी लोगों की मदद के लिए बनाए गए थाने और थाने की सबसे बड़ी कुर्सी पर बिठाए गए साहब से भी कोई न्याय नहीं मिली। न्याय तो दूर लिखित शिकायत के बाद भी प्राथमिकी तक नहीं लिखी गई। वजह जो भी हो, लेकिन थाने से मदद की उम्मीद धुंधली होने के बाद महिला शनिवार को मिश्रिख तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंची, लेकिन उसे शायद यहां भी नाउम्मीदी ही मिली। अफसरों के कोरे आश्वासन से वह इतना आहत हुई कि उसकी आंखों से आंसू दर्द बनकर बहने लगे। सिसक-सिसक, फूट-फूटकर कर रोई। यह दर्द मिश्रिख तहसील व मछरेहटा थाने के मुसौली की गुड्डी का है। शनिवार को मदद की आस लेकर पहुंची गुड्डी ने निराश होने के बाद फफक-फफक कर होते हुए अपनी पीड़ा बयां की। कहा कि उसके बाप नहीं है। चाचा ने ही उसे पाला पोषा है। चाचा की बेटी यानी की उसकी भतीजी को गायब हुए 15 दिन हो गए हैं। 6 जनवरी को मिश्रिख एसडीएम के न्यायालय गई थी। उसके बाद घर नहीं लौटी। भतीजे ने 7 जनवरी को मछरेहटा थाने पहुंचकर तहरीर दी, पर थानेदार ने मामले में आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। तहसील परिसर में महिला को रोते देख कुछ लोगों की मदद से यह कहकर अंदर ले जाया गया कि सीओ बुला रहे हैं। यह दर्द और पीड़ा तो एक गुड्डी की है, जो सिस्टम से परेशान है। व्यवस्था और अफसरों की नाफरमानी से खिन्न है। अब ऐसे में आप समझ सकते हैं कि चौकी, थाने, तहसील के चक्कर लगा लगाकर न जाने कितने फरियादी परेशान होंगे।

# झूठे मुकदमे में फंसाने वाले पर कार्रवाई की मांग

संवाददाता। बरेली

**लोगों** को झूठे मुकदमे में फंसाने वाले के खिलाफ आज आधा दर्जन से ज्यादा लोग नगर निगम के पूर्व उपसभापति पार्षद छंगामल मौर्या के साथ एसएसपी से मिले और उन्हें सारी जानकारी देकर आरोपियों के खिलाफकार्यवाही की मांग की है। इस अवसर पर थाना क्योलड़िया के ग्राम धीमरी के पूर्व प्रधान देवकी नंदन ने बताया उनके गांव में रहने वाले युवक का एक संगठित गिरोह है ये लोग लोगों के विरुद्ध झूठे मुकदमे दर्ज कराकर रंगदारी वसूलते हैं।

ये लोग पूर्व में भी देवकी नंदन पर झूठा मुकदमा लिखाकर रंगदारी वसूल चुके हैं इन लोगों द्वारा आपस में सांठ-गांठ कर रंगदारी वसूलने के एससी एसटी के तहत मुकदमा दर्ज कराया था क्षेत्राधिकारी नवाबगंज से जांच करायी गयी थी जांच में घटना झूठी पायी गयी थी और सीओ द्वारा प्रार्थी के व मौजूदा ग्राम प्रधान अरविन्द गंगवार आदि के ब्यान दर्ज किये गये थे इसके उपरान्त इन लोगों ने पीड़ित व अरविन्द गंगवार व देवकी नन्दन के फर्जी शपथ पत्र तैयार कराकर पुलिस व न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किये थे जिसमे मुख्य आरोपी जेल गया था अन्य आरोपी फरार चल रहे हैं ।

आरोपी के जमानत पर छूटने के उपरान्त से ही ये लोग लगातार प्रार्थी व अन्य को धमकी दे रहे हैं कि तुम्हारे द्वारा लिखाये गये मुकदमें में हमारा बहुत रूपया खर्च हो गया है या तो 5 लाख रूपये रंगदारी दो वरना तुम्हें भी झूठे मुकदमे में जेल भिजवा देंगे आरोपियों ने पीड़ित व अन्य को बलात्कार के झूठे मामले में फंसाकर रंगदारी वसूलने के उद्देश्य से पुलिस अधिकारियों से झूठी शिकायत की गई आज पीड़ित एसएसपी से मिले और न्याय की गुहार लगाई ।

# कांग्रेस का शिष्टमंडल अपर मंडलायुक्त से मिला

संवाददाता। बरेली



**उत्तर** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता डॉक्टर के0 बी0 त्रिपाठी के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल अपर मंडलायुक्त जी से मिला और उनको वार्ड नंबर 31 हुसैन बाग की समस्याओं के सम्बन्ध में एक ज्ञापन दिया । शिष्टमंडल में जिला कांग्रेस कमेटी की महासचिव पाकीजा खान ,जिला महासचिव जिया उर रहमान ,जिला कोषाध्यक्ष कमरुद्दीन सैफी के साथ-साथ वार्ड नंबर 31 हुसैन बाग क्षेत्र के क्षेत्रवासी भी उपस्थित रहे ।उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता डॉक्टर के0 बी0 त्रिपाठी ने क्षेत्रवासियों की समस्याएं से अवगत कराते हुए अपर मंडल आयुक्त जी को बताया कि वार्ड नंबर 31 हुसैन बाग तालाब वाली मस्जिद के पास नई बस्ती में पिछले कई सालों से सड़क ना होने के कारण क्षेत्रवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है खासतौर से बरसात के दिनों में यहां की स्थिति बहुत ही खराब हो जाती है । घरों के अंदर पानी घुस जाता है जिस कारण क्षेत्रवासियों का रहना मुश्किल होता है। बुजुर्गों और बच्चों को आए दिनों चोटें लगती रहती हैं जनहित की समस्या को ध्यान में रखते हुए इसका शीघ्र समाधान कराया जाए । जिला महासचिव पाकीजा खान ने क्षेत्रवासियों की ओर से अपर मंडल आयुक्त जी को अवगत कराते हुए कहा की बाकरगंज, हुसैन बाग का क्षेत्र पिछड़ा क्षेत्र है यहां पर जन सुविधाओं का अभाव है जिस कारण यहां के क्षेत्रवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है ।उपस्थित कांग्रेस जनों में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता डॉक्टर के0 बी0 त्रिपाठी, जिला महासचिव पाकीजा खान, जिला महासचिव जिया उर रहमान, जिला कोषाध्यक्ष कमरुद्दीन सैफी, रहमत अली, फुरकान मियां, राजा खा, असद अहमद, ईकरार, हसीन, आमिर नदीम सहित बड़ी संख्या में श्रेत्र वासी भी उपस्थित रहे।

# रोजगार मेले में 13 कंपनियों ने प्रतिभाग किया 220 अभ्यर्थियों का विभिन्न पदों पर चयन हुआ

**बरेली ।** जिलाधिकारी श्री शिवाकान्त द्विवेदी के आदेशानुसार आज क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, उ0प्र0 कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सी0बी0 गंज में किया गया। रोजगार मेले में कुल 13 कंपनियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें 1132 अभ्यर्थियों ने रोजगार मेले में पंजीयन कराया जिसके सापेक्ष डिक्शन, इम्पलीमेंट मंत्रा, ए0एस0 सॉल्यूशन, प्रेरणा इनोवेशन, कैरियर बृज स्किल सन्यूशन आदि कंपनियों के एच0आर0 प्रतिनिधियों ने अभ्यर्थियों को योग्यतानुसार साक्षात्कार लेकर 220 अभ्यर्थियों का विभिन्न पदों पर चयन किया गया।रोजगार मेले में सहायक निदेशक सेवायोजन श्री त्रिभुवन सिंह एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, उ0प्र0 कौशल विकास मिशन के समस्त अधिकारीध् कर्मचारी उपस्थित रहे।

**अस्थाई गौशाला का निरीक्षण** :फतेहपुर। विकास खंड हथगाम के ग्राम संवत स्थित अस्थायी गोशाला का जिलाधिकारी श्रुति व पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान 105 गोवंश पाये गए। गौवंशो के लिए पशु आहार, चुनी, चोकर, भूसा आदि के भंडारण को देखा, जो पर्याप्त मात्रा में पाया गया। उन्होंने गौवंशो की ईयर टेगिग के बारे में जानकारी की जो शत प्रतिशत मिली। डीएम ने स्टाक रजिस्टर व निरीक्षण पंजिका का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि निरीक्षण करने वाले अधिकारियों के हस्ताक्षर पंजिका में जरूर कराये जाये। उन्होंने झगड़ालू प्रवत्ति के गौवंशों को अलग शेड में रखने के निर्देश दिये। गौशाला में ठंड से बचाव के लिए तीन स्थानों पर आलाव जलते मिले। उन्होंने कहा कि गोवंशों के लिए हरे चारे की कमी न होने पाए इसके लिए पशुचर अवशेष जमीन पर हरे चारे की बुआई कराने के निर्देश संबंधित को दिये। उन्होंने कहा कि गोवंशो के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान रखते हुए गोशाला में सभी व्यवस्था दुरुस्त रखी जाये। उन्होंने मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के अंतर्गत गोशाला से दी गई दुधारू गायो की जानकारी की। साथ ही ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस योजना के अंतर्गत दुधारू गाय दी देकर निगरानी करने की हिदायत दी। उन्होंने गोवंशो की व्यवस्था के लिए लगाये गए गोपालकों को ठंड से बचाव के लिए टोपी, मोजा, कंबल आदि की जानकारी किया। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने गौवंशो को दुलराते हुए गुड़ भी खिलाया।

# मंडल आयुक्त ने चौपाल लगाकर सुनीं जनसमस्याएं

**संडीला( हरदोई )।** मंडल आयुक्त ने दो गांवों में जनता चौपाल लगाकर लोगों की समस्याओं को सुना और उनके निराकरण के लिए कड़े निर्देश जारी किए। मंडल आयुक्त डॉ. रौशन जैकब ने ब्लाक कछौना के पुरवा गांव में आयोजित चौपाल में बैठकर जनसमस्याओं को सुना। उन्होंनें वहां मौजूद अधिकारियों से कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनका निस्तारण किया जाना चाहिए। सप्ताह में एक दिन लेखपाल एएनएम, पंचायत सेक्रेट्री तथा पुलिस बल मौजूद रहकर जनसमस्याओं का निस्तारण करें। इसके बाद उन्होनें ग्राम गौसगंज में आयोजित ग्राम चौपाल में भाग लिया। यहां ग्राम प्रधान हसरतुन निशा ने बताया कि राजनीतिक दबाव के कारण उन्हें लगातार परेशान किया जा रहा है। गांव में किसी प्रकार का विकास कार्य नहीं हो पा रहा है। यहां तक कि ग्राम सभा के खातों पर भी अघोषित रोक लगा दी गयी है। छोटी-छोटी जनसमस्याओं के लिए भी धन उपलब्ध नहीं हो पा रहा है।

# कोचिंग गई नाबालिग छात्रा लापता, 18 दिन बाद पुलिस ढूढ़ने में रही नाकाम

**बरेली।** घर से 2 जनवरी को कोचिंग के लिए शाम 5:30 बजे निकली छात्रा कोचिंग नहीं पहुंची रास्ते से गायब हो गए पुलिस को परिवार वालों ने थाना बारादरी में तहरीर दी अभी तक छात्रा का कोई पता नहीं चल सका। थाना बारादरी के सैलानी रोड पुराना शहर निवासी गौहर मिया ने बताया मेरी लड़की नाबालिग है 2 जनवरी को शाम 5:30 बजे कोचिंग के लिए घर से गई थी कोचिंग नहीं पहुंची रास्ते से गायब हो गई इसकी शिकायत थाना बारादरी में की पुलिस गुमशुदगी लिख ली अभी तक छात्रा का कोई पता नहीं निकाल पाई है। परिवार वाले लगातार अधिकारियों से लड़की को बरामद करने की गुहार लगा रहे हैं पिता को आशंका है कहीं मेरी बेटी के साथ कोई अनहोनी ना हो जाए।

# शिक्षक की गोद में प्रकृति और प्रलय का होता वासः अनिल प्रधान

**चित्रकूट।** समाजवादी पार्टी ने इलाहाबाद-झांसी खण्ड शिक्षक एमएलसी चुनाव को लेकर जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव की अध्यक्षता में बैठक की। बैठक में वरिष्ठ नेताओं ने तीस जनवरी को एमएलसी चुनाव की तैयारियों की रणनीति बनाई। शनिवार को सपा जिला कार्यालय में बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव ने पार्टी के निर्देशों से कार्यकर्ताओं और नेताओं को अवगत कराया। कहा कि तीस जनवरी को इलाहाबाद-झांसी खण्ड शिक्षक एमएलसी चुनाव को मतदान होना है। सभी सम्मानित शिक्षक मतदाता वोट करेंगे। सपा के एमएलसी प्रत्याशी डॉ एसपी सिंह पटेल को मतदाता शिक्षकों व आम जनता का समर्थन मिल रहा है, क्योंकि सपा के पुरोधा श्रद्धेय नेताजी मुलायम सिंह यादव और सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शिक्षक और शिक्षण संस्थाओं के लिए ऐतिहासिक कार्य किये हैं। चाहे वित्त विहीन शिक्षकों के मानदेय का मामला हो या शिक्षकों के लिए कल्याणकारी योजनाओं का सवाल रहा हो। अखिलेश यादव ने लाखों पढे-लिखे नौजवानों को सरकारी शिक्षक बनाने का कार्य किया है। विपक्ष में रहकर भी शिक्षकों और आम जनता की समस्याओं के लिए सपा सडक से लेकर सदन तक संघर्ष कर रही है।

बैठक में मौजूद सदर विधायक अनिल प्रधान ने कहा कि आने वाला शिक्षक एमएलसी चुनाव बेहद महत्वपूर्ण है। प्रबुद्ध वर्ग को मतदाता करना है। कहते हैं कि शिक्षक की गोद में प्रकृति और प्रलय का वास होता है। विकास की बात, तरक्की की बात, खुशहाली की बात समाजवादी पार्टी की सोच और विचारधारा है। सपा के पूर्व शासनकाल में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कर दिखाया है। सपाई डॉ लोहिया व भीमराव अम्बेडकर, सरदार वल्लभ भाई पटेल व कर्पूरी ठाकुर को मानने वाले लोग हैं। अमन पसंद, तरक्की पंसद, खुशहाली पसंद और विकास पसंद लोग हैं।

# दोस्त की पत्नी को बंधक बनाकर रेप

संवाददाता। बरेली

**एक** युवक ने दोस्त की पत्नी को तमंचे के बल पर बंधक बनाया और उसके साथ दुष्कर्म कर जहरीला पदार्थ पिला दिया महिला की चीख पुकार सुनकर जब पड़ोसी मौके पर पहुचें तो आरोपी फरार हो गया पड़ोसियों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने महिला को पड़ोसियों की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया।थाना कैंट के ठिरिया निजामत खां की रहने वाली एक महिला का आरोप है कि 17 जनवरी को रात करीब 8 बजे वह अपने घर पर अकेली थी। उसके पति का दोस्त उसके घर में घुस आया और उसपर तमंचा तानकर बंधक बनाया और बलात्कार किया विरोध करने पर गालियां देते हुए लात घूसों से मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी। जब वह घर से भागने लगा तो उसने उसे पकड़कर चीख पुकार की, तब उसने उसको जहर पिला दिया वह अपने मकान के दरवाजे पर गिर गई, तभी आरोपी मौके से भाग गया।

# सड़क दुर्घटनाओं में चार की मौत, तीन घायल

संवाददाता। संडीला(हरदोई)

**अलग** अलग हुई दुर्घटनाओं में चार लोगों की अकाल मौत हो गयी जबकि तीन लोग घायल हो गए। पहली सड़क दुर्घटना संडीला बेनीगंज मार्ग पर हुई। बताया जाता है कि ग्राम रायपुर कुरौरी निवासी 18 वर्षीय कुलदीप अपने एक रिश्तेदार की शादी में भाग लेने के लिए अपने भतीजे 17 वर्षीय लवकुश के साथ जा रहे थे। जब उनकी बाइक ग्राम जलालपुर के पास पहुंची तभी सामने से तेज गति से आ रही बुलैरो से बाइक टकरा गई। यह टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक बुलैरो में ही फंस गई और लगभग तीस मीटर तक दोनों वाहन घिसटते चले गए। बुलैरो के भी परखचे उड़ गए। दुर्घटना में कुलदीप और लवकुश दोनों की मौत हो गई जबकि बुलैरो में सवार लोगों के विषय में कोई जानकारी नहीं मिल पाई। दूसरी सड़क दुर्घटना अतरौली भठपुर रोड पर हुई। बताया जाता है कि जनपद सीतापुर के मोहल्ला शेखसराय निवासी 30 वर्षीय गोविंद अपने मित्र प्रियांशू की बारात में शामिल होने के लिए कार से संडीला आ रहे थे। कार में उनके साथी सचिन, संजय, गोविंद, विशाल भी बैठे थे, कार उज्जवल चला रहा था।

# पेज एक का शेष

## राहुल की...

दिवस समारोह के मद्देनजर उच्च सतर्कता बरत रही हैं। यात्रा बृहस्पतिवार शाम पंजाब के रास्ते जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में दाखिल हुई और यहां से करीब 70 किमी. दूर चाडवाल में है। शनिवार को एक दिन के ब्रेक के बाद यात्रा रविवार को हीरानगर से फिर शुरू होकर 23 जनवरी को जम्मू पहुंचेगी। एक अधिकारी ने घायलों की पहचान जम्मू के निवासी सुहैल इकबाल, विश्व प्रताप, विनोद कुमार, अर्जुन कुमार, अमित कुमार, राजेश कुमार और अनीश और डोडा के सुशील कुमार के रूप में की है। अधिकारियों ने कहा कि पहले विस्फोट के तुरंत बाद पुलिस और सीआरपीएफ के संयुक्त दलों ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी थी, जिसके 15 मिनट बाद एक और विस्फोट हुआ। उन्होंने कहा कि सुरागों को तलाशने के लिए फॉरेंसिक विशेषज्ञ, बम निरोधक दस्ते और खोजी कुत्तों को लगाया गया है। घटना के चश्मदीद जसविंदर सिंह ने बताया कि पहला विस्फोट एक वाहन में हुआ, जिसे मरम्मत के लिए लाया गया था। मोटर स्पेयर पार्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सिंह के मुताबिक, 15 मिनट बाद पास में एक और विस्फोट हुआ, जिससे क्षेत्र में मोटर वाहन के क्षतिग्रस्त हिस्सों और कचरे का मलबा बिखर गया। राजकुमार ने कहा कि जब विस्फोट हुआ तो वह दूसरी गाड़ी पर काम कर रहे थे। उन्होंने कहा, हमें शुरू में लगा कि किसी गाड़ी के पेट्रोल टैंक में विस्फोट हुआ है लेकिन धमाका इतना जोरदार था कि गाड़ी के परखचे उड़ गए। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने कहा कि वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने उपराज्यपाल को इस बारे में जानकारी दी। उपराज्यपाल ने कहा, इस तरह के कायरतापूर्ण कृत्य, हमलों के लिए जिम्मेदार लोगों की हताशा और कायरता को उजागर करते हैं। तत्काल और कड़ी कार्रवाई करें। विस्फोट के गुनाहगारों को इंसाफ के कठघरे में लाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जानी चाहिए। उन्होंने घायलों को 50 हजार रुपए की मदद देने की भी घोषणा की। सिन्हा ने कहा कि प्रशासन यह सुनिश्चित करेगा कि घायलों का बेहतर इलाज हो और उनके परिवारों को हर संभव मदद मुहैया कराई जाएगी।

## ट्विटर, यूट्यूब...

पर प्रश्नचिन्ह लगाने और भारत में विभिन्न समुदायों के बीच विभाजन पैदा करने का प्रयास प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि डॉक्यूमेंट्री भारत की संप्रभुता और अखंडता को कमजोर करती है। इसमें विदेशों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंधों के साथ-साथ देश के भीतर सार्वजनिक व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव डालने की क्षमता है। फरवरी 2002 में हुए दंगों को भड़काने में उस समय राज्य के मुख्यमंत्री रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कोई भूमिका सुप्रीम कोर्ट को नहीं मिली। विदेश मंत्रालय ने भी कुछ दिन पहले बीबीसी के वृत्तचित्र को एक दुष्प्रचार का हिस्सा बताते हुए इस पर सवाल खड़े किए थे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि यह पूर्वाग्रह से प्रेरित है और इसमें निष्पक्षता की कमी है।

## परमवीर चक्र...

सबसे बड़े अनाम द्वीप का नाम दूसरे परमवीर चक्र विजेता के नाम पर रखा जाएगा, और इसी तरह का क्रम आगे चलेगा। प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि यह पहल देश के नायकों के प्रति एक शाश्वत श्रद्धांजलि होगी, जिनमें से कई ने देश की संप्रभुता और अखंडता की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया।

## बिहार में...

में पथराव की घटना को पश्चिम बंगाल में बताया गया था,जिससे नाराज मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उन पर मुकदमा करने की धमकी दी थी।

## डब्ल्यूएफआई ने...

किया जाता है, ऐसे में डब्ल्यूएफआई में अध्यक्ष सहित किसी एक द्वारा व्यक्तिगत रूप से मनमानी और कुप्रबंधन की कोई गुंजाइश नहीं है। इसमें कहा गया, डब्ल्यूएफआई ने विशेष रूप से, मौजूदा अध्यक्ष की देखरेख में हमेशा पहलवानों के सर्वोत्तम हितों को ध्यान में रखते हुए काम किया है। उन्होंने कहा, डब्ल्यूएफआई ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कुश्ती खेल की छवि को बढ़ाया है और इस मंत्रालय के रिकॉर्ड के लिए यह बताना जरूरी है कि यह डब्ल्यूएफआई के निष्पक्ष, सहायक, स्वच्छ और सख्त प्रबंधन के बिना संभव नहीं है। विनेश फोगट, बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक और रवि दहिया जैसे प्रसिद्ध पहलवानों के आरोप लगाने के बाद खेल मंत्रालय ने डब्ल्यूएफआई से 72 घंटे के अंदर जवाब मांगा था। महासंघ ने सरकार के संज्ञान में लाया कि उसके पास पांच सदस्ईय यौन उत्पीड़न समिति है, जिसके अध्यक्ष उसके महासचिव वीएन प्रसाद हैं और जिसमें साक्षी भी सदस्य हैं। इसने कहा कि आरोप प्रेरित, पक्षपाती, निराधार और झूठे है और यह आरोप केवल अध्यक्ष, डब्ल्यूएफआई और उसके कोचों को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से लगाए गए है। डब्ल्यूएफआई ने कहा, कोई भी पीड़ित व्यक्ति, पहलवान अपनी शिकायतों के लिए उक्त समिति से संपर्क कर सकता है, और समिति कानून के अनुसार जांच करने के लिए बाध्य है। प्रदर्शनकारियों, पहलवानों से ऐसी कोई भी शिकायत नहीं मिली है। दिग्गज पहलवानों के साथ अंशु मलिक, संगीता फोगट और सोनम मलिक सहित अन्य पहलवानों ने बुधवार को यहां जंतर-मंतर पर धरना शुरू कर दिया और डब्ल्यूएफआई प्रमुख को बर्खास्त करने की मांग की। पहलवानों ने यह भी मांग की कि डब्ल्यूएफआई को तुरंत भंग कर दिया जाए और पहलवानों को शामिल कर एक नया पैनल बनाया जाए। डब्ल्यूएफआई ने 2022 में आयोजित 23 राष्ट्रीय आयोजनों को सूचीबद्ध किया और दावा किया कि यह निष्पक्ष, सहायक, स्वच्छ और सख्त प्रबंधन की बात करता है।

## भारत-मिस्र...

हिस्सा लेने के लिए भारत आए थे। इसके बाद उन्होंने सितंबर 2016 में भारत की यात्रा की थी। यह पहला मौका है, जब मिस्र के राष्ट्रपति को भारत के गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया गया है। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, अल-सीसी का 25 जनवरी को राष्ट्रपति भवन में पारंपरिक स्वागत किया जाएगा और उसी दिन शाम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू उनके सम्मान में भोज देंगी। बयान के अनसार, मिस्र के राष्ट्रपति प्रधानमंत्री मोदी के साथ द्विपक्षीय और शिष्टमंडल स्तर की वार्ता करेंगे, जिसमें द्विपक्षीय और आपसी हितों से जुड़े क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर चर्चा होगी। विदेश मंत्री एय जयशंकर भी राष्ट्रपति अल-सीसी से भेंट करेंगे। मंत्रालय ने कहा कि मिस्र के राष्ट्रपति के दौरे से दोनों देशों के बीच समय की कसौटी पर खरे उतरे संबंधों को और मजबूती मिलेगी। बयान के मुताबिक, भारत और मिस्र के संबंध साझा सांस्कृतिक मूल्यों पर आधारित हैं और दोनों देश बहुस्तारीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंचों पर करीबी रूप से सहयोग कर रहे हैं। इसमें कहा गया है कि भारत और मिस्र के बीच पिछले कुछ वर्षों में द्विपक्षीय कारोबार भी बढ़ा है। मंत्रालय के अनुसार, वर्ष 2021-22 में भारत और मिस्र के बीच कारोबार रिकार्ड 7.26 अरब डॉलर रहा। इसमें भारत से मिस्र को निर्यात 3.74 अरब डॉलर का है और मिस्र से भारत में आयात 3.52 अरब डॉलर का है। बयान में कहा गया है कि भारत की 50 से अधिक कंपनियों ने मिस्र की अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में करीब 3.15 अरब डॉलर का निवेश किया है।

## भारत ने...

गेंद पर आउट किया जो उनकी गेंद को फ्लिक करने की कोशिश कर रहे थे। वहीं हार्दिक का 10वें ओवर में डेवोन कॉनवे का अपनी ही गेंद पर एक हाथ से कैच लपकना बेहतरीन रहा। शार्दुल ठाकुर (26 रन देकर एक विकेट) भी एक विकेट झटकने में सफल रहे जब उनकी गेंद टॉम लॉथम के बल्ले का किनारा लेकर शुभमन गिल के हाथों में चली गई। न्यूजीलैंड के कप्तान ने लूज शॉट खेला और गिल ने भी स्लिप में आसान कैच लपक लिया। न्यूजीलैंड की टीम मुश्किल में थी लेकिन पिछले मैच के शतकवीर माइकल ब्रेसवेल (22 रन) क्रीज पर थे तो उम्मीद बंधी हुई थी। उनके साथ उनके जितने ही खतरनाक ग्लेन फिलिप्स (36 रन) भी क्रीज पर थे। ब्रेसवेल ने शमी पर कवर पर चौका जड़कर इरादे जाहिर कर दिए। उन्होंने 19वें ओवर में लगातार चौके खाने के बाद शमी ने एक तेज बाउंसर फेंका और ब्रेसवेल इसे पुल करने की कोशिश में बल्ला छुआकर विकेटकीपर ईशान किशन को कैच दे बैठे। हैदराबाद में पहले वनडे में अर्धशतक जड़ने वाले मिचेल सैंटनर (27 रन) फिर फिलिप्स के साथ क्रीज पर थे। इन दोनों ने सातवें विकेट के लिए 47 रन की साझेदारी निभाकर टीम को 100 रन के पार कराया। हालांकि ए दोनों छह गेंद के अंदर आउट हो गए जिससे न्यूजीलैंड की वापसी करने की उम्मीद भी खत्म हो गई। सैंटनर हार्दिक की गेंद पर बोल्ड हुए जबकि फिलिप्स ने वाशिंगटन सुंदर (सात रन देकर दो विकेट) की गेंद पर सूर्यकुमार यादव को कैच दे दिया। कुलदीप यादव (29 रन देकर एक विकेट( ने 11वें नंबर के ब्लेयर टिकनर को आउट कर न्यूजीलैंड की पारी 34.3 ओवर में समाप्त की। लक्ष्य का पीछा करने उतरे रोहित ने अपने पसंदीदा पुल शॉट्स से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। इसमें से एक छक्के के लिए गया जो मैच का पहला छक्का भी रहा। उन्होंने लॉकी फर्ग्यूसन पर फाइन लेग में ए छह रन बनाए।

# मौनी अमावस्या पर चित्रकूट में उमड़ा आस्था का सैलाब

**संवाददाता।** चित्रकूट



**चित्रकूट** के घाट पर भई संतन की भीर, तुलसीदास चंदन घिसें, तिलक देत रघुवीर- ये चौपाई रामघाट में नजर आती है। शनिवार को मौनी अमावस्या पर मन्दाकिनी तट पर संत-महात्मा स्नान-ध्यान कर रहे हैं। उसी बीच गोस्वामी तुलसीदास जी स्नान-ध्यान करने के बाद चंदन घिसकर श्रीराम को तिलक कर रहे हैं।

शनिवार को रामघाट में मौनी अमावस्या पर लाखों की भीड़ जमा हुई। रामघाट में संतों का जमावड़ा लगा। गोस्वामी तुलसीदास को जिस स्थान पर प्रभु श्रीराम ने साक्षात दर्शन दिये थे, वहां पर मौनी अमावस्या के दिन हर साल भक्तों का सैलाब उमड़ता है। तुलसी गुफा मां मन्दाकिनी के तट पर स्थित रामघाट के पास मौजूद है। यहीं पर गोस्वामी तुलसीदास प्रभु श्रीराम के दर्शनों की अभिलाषा लिए रहते थे। बाबा तुलसी की लालसा को मूर्तरुप देने को प्रभु श्रीराम ने कलयुग में आज से तकरीबन पांच सौ वर्ष पहले मौनी अमावस्या के दिन गोस्वामी तुलसीदास को दर्शन दिया था। इसीलिए आज मौनी अमावस्या के दिन भक्तगण मां मन्दाकिनी में स्नान कर बाबा तुलसी की गुफा में जाकर श्रीराम के दर्शनों की अभिलाषा प्रकट करते हैं। श्रीराम की कृपा पाने को श्रद्धालुगण स्नान कर गुड़, तिल आदि चढ़ाते हैं। ऐसी मान्यता है कि जो भी सच्चे मन से मां मन्दाकिनी में स्नान कर बाबा तुलसी के दर्शन करता है, उसकी सभी मनोकामनायें पूरी होती हैं। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने शुक्रवार की रात रामघाट, मत्स्यगयेन्द्रनाथ मन्दिर, बरहा हनुमान मन्दिर, जलेबी वाली गली, परिक्रमा मार्ग एवं मेला क्षेत्र का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने डाग स्क्वायड व एलआईयू तथा एएस चेक टीम के साथ मौनी अमावस्या के पहले क्षेत्र की जांच कराई। जांच में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

**● गोस्वामी तुलसीदास को मौनी अमावस्या में मिले थे प्रभु राम के दर्शन**

**● मंदाकिनी में स्नान से मिलती है पापों से मुक्ति-दिव्य जीवन दास महाराज**

# संतुष्टि के आधार पर करें शिकायतों का निस्तारणः डीएम

**संवाददाता।** फतेहपुर

**● खागा तहसील के संपूर्ण समाधान दिवस में आयीं 87 शिकायतें**

**आमजन** को त्वरित, गुणवत्तापूर्ण न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से शनिवार को खागा तहसील प्रांगण में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी श्रुति एवं पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में हुआ। जिसमें राजस्व, विकास, पुलिस, विद्युत, जल निगम, सिचाई विभाग, वन विभाग आदि विभागों से संबंधित कुल 87 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिनमें से 11 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों को समयबद्धता व गुणवत्ता के साथ निस्तारित किये जाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। जन शिकायतों की सुनवाई करते हुए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा संतुष्टि के आधार पर किया जाए। निस्तारण में किसी प्रकार का विलंब नहीं होने पाये। सभी अधिकारी आईजीआरएस और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही न बरतें। शासन की मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये हर फरियादी की छोटी या बड़ी प्रत्येक समस्या को गम्भीरता से सुना जाए और धरातल पर शिकायतों का निस्तारण कर समय सीमा के अन्तर्गत ही उनका निराकरण भी सुनिश्चित किया जाए। ताकि फरियादियों को भटकना न पड़े। एसपी ने पुलिस विभाग से संबंधित फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनके निराकरण हेतु क्षेत्राधिकारियों व थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि शिकायतों को प्राथमिकता एवं गम्भीरता से सुनें।

## ऑपरेशन के लिये पैसा ना जुटा पाया पिता, बेटे ने की आत्महत्या

**बांदा।** पैसों के अभाव और गरीबी के चलते एक व्यक्ति ने आत्महत्या कर ली। उसके पिता,जौरही गांववासी, बुजुर्ग बद्री प्रसाद ने बताया कि उनका 40 वर्षीय बेटा बृजकिशोर दिल्ली में अपनी पत्नी और बच्चों के साथ रहकर मजदूरी करता था। मई माह में दिल्ली में काम करने के दौरान वह तीन मंजिला मकान से गिर गया था, जिससे उसके दोनों पैर टूट गए थे जिनमें राड पड़े थे। परिवार ने इलाज कराया लेकिन ठीक नहीं हुआ। हादसे के कारण युवक दिल्ली से वापस बांदा आ गया। इधर जिला अस्पताल में इलाज चल रहा था लेकिन पैरों का ऑपरेशन गुरुग्राम में होना था तो पिता से 20 हजार रुपये मांगे। लेकिन गरीबी के चलते पिता दे नहीं सका। जिससे मानसिक तनाव में आकर युवक ने आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भार कर पोस्टमार्टम के लिए रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज भेज दिया। इस प्रकरण में पुलिस अधीक्षक बांदा अभिनन्दन सिंह ने बताया कि परिवारिक कारणों से आत्महत्या की है और पैसे के अभाव में इलाज न करवाने की बात के सवाल पर कहा कि ऐसी कोई बात अभी तक जांच में सामने नही आई है। समस्या कोई भी रही होगी, चाहे पारिवारिक हो या आर्थिक, ये जांच का विषय है। ये मामला देहात कोतवाली के जौरही गांव का है।

## समस्याओं को लेकर भाकियू (अराजनैतिक) लगायेगी पंचायत

**● प्रयागराज के चिंतन शिविर में जायेंगे जनपद के किसान**

**फतेहपुर।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) की मासिक बैठक नहर कालोनी प्रांगण में आयोजित हुई। जिसमें किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। तत्पश्चात निर्णय लिया गया कि समस्याओं को लेकर विभिन्न तिथियों में अलग-अलग पंचायतें लगाई जायेंगी। इसके अलावा प्रयागराज जनपद में होने वाले चिंतन शिविर में भी चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि किसानों का काफिला प्रयागराज जायेगा। मासिक बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राजकुमार सिंह गौतम ने की। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश सिंह चौहान ने शिरकत की। बैठक में उपस्थित किसानों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि प्रयागराज जनपद में चिंतन शिविर 27, 28 व 29 जनवरी को लगेगा। जिसमें जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में जनपद से चार पहिया वाहनों का काफिला आठ बजे थरियांव फार्म हाउस राष्ट्रीय कार्यालय में उपस्थित होगा। उन्होंने कहा कि किसानों का उत्पीड़न किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। किसानों की समस्याओं को लेकर 23 जनवरी को डांडा अमौली में पंचायत लगाई जायेगी। 24 जनवरी को मलवां कस्बे में गंगा किनारे खिचड़ी भोज का आयोजन किया जायेगा। दो फरवरी को जिंदपुर टोल प्लाजा दसवां मील बहुआ, पांच फरवरी को बेरांव हस्वा ब्लाक व ग्यारह फरवरी को औरेई हस्वा ब्लाक में पंचायत की जायेगी। बैठक में प्रीतम सिंह चंदेल, ज्ञान सिंह, दीपक गुप्ता, महेंद्र सिंह भदौरिया, सोनू सिंह गौतम, उमेश सिंह परमार, रंजीत सिंह, अंगद सिंह, जयनारायण सिंह, आदिल खान, मो. आजम, राकेश पासवान, राकेश सिंह, अजय प्रसाद भी मौजूद रहे।

# उप्र स्थापना दिवस पर मैराथन दौड़ में सतीश व लवली सिंह ने मारी बाजी

**संवाददाता।** चित्रकूट



**शासन** के निर्देश पर मनाये जा रहे उप्र स्थापना दिवस पर नगर पालिका परिषद कर्वी के स्वच्छता विरासत कार्यक्रम के तहत मैराथन दौड़ को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कलेक्ट्रेट के सामने हरीझंडी दिखाकर रवाना किया। ये दौड़ कलेक्ट्रेट से लेकर देवांगना तिराहे तक हुई।

शनिवार को जिलाधिकारी ने कहा कि सभी की जिम्मेदारी है कि अपने आसपास की सफाई रखें। वातावरण स्वच्छ रहेगा तो सभी लोग स्वस्थ्य रहेंगे। बीमारियां नहीं होंगी। जिस ढंग से देश-प्रदेश विकास के पथ पर बढ़ रहा है, उसी प्रकार युवक-युवतियां दौड़ में भाग लेकर स्वस्थ्य रहें। मैराथन दौड़ में बालक वर्ग में सतीश सिंह ने बाजी मारी। दूसरे स्थान पर चन्दन व तीसरे स्थान पर शैलेन्द्र यादव, चौथे स्थान पर रणजीत, पांचवे स्थान पर सुनील कुमार और छठवां स्थान राहुल को मिला। बालिका वर्ग में चित्रकूट इंटर कालेज की छात्रा लवली सिंह को प्रथम, सोनाली द्वितीय, सारिका पाल तृतीय, बबली चतुर्थ, अंजली को पंचम व छठवां स्थान ईशा को मिला। सभी विजेताओं को नगर पालिका परिषद के चेयरमैन नरेन्द्र गुप्ता और एडीएम कुंवर बहादुर सिंह ने नकद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। स्वच्छता के क्षेत्र में अच्छी सेवा देने वाले शंकर यादव और राकेश केशरवानी को भी सम्मानित किया। एडीएम कुंवर बहादुर सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस पर स्वच्छ विरासत एवं जी20 के उपलक्ष्य में मैराथन दौड़ शासन के निर्देश पर नगर पालिका ने अच्छे ढंग से आयोजित किया। इसमें लगभग डेढ़ सौ छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का सफल संचालन क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी विजय कुमार ने किया। ईओ नगर पालिका लालजी यादव आदि ने जिलाधिकारी समेत अधिकारियों को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इस मौके पर एएसडीएम रामजन्म यादव, तहसीलदार राकेश कुमार पाठक, तहसीलदार राजापुर संजय अग्रहरि, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव, रमेशचन्द्र त्रिपाठी, कामता प्रसाद आदि मौजूद रहे।

# फरियादियों की भीड़ लगी तो लापरवाह लेखपालों पर होगी कार्रवाई : एडीएम

**संवाददाता।** कायमगंज फर्रुखाबाद

**● संपूर्ण समाधान दिवस में 133 में से 20 समस्याओं का कराया अपर जिलाधिकारी ने मौके पर ही निस्तारण।**

**नव वर्ष** 2023 में आयोजित हुए पहले संपूर्ण समाधान दिवस अवसर पर अपर जिलाधिकारी सुभाष चंद प्रजापति न्यायिक एक्शन में दिखाई दिए। फरियादियों की लगी भीड़ की ओर देखकर जब उन्हें पता चला कि अधिकतर समस्याएं अवैध कब्जे तथा कुर्रा, हिस्सा एवं विरासत दाखिल खारिज आदि राजस्व से जुड़ी हुई हैं तो उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि यदि फरियादियों की भीड़ आगे चलकर दिखाई दी, तो लापरवाह लेखपालों पर कार्यवाही होगी। उन्होंने समय से समस्याओं का निष्पादन ना करने वाले लेखपालों के वेतन पर रोक लगाने का भी निर्देश दिया।

पूछे गए प्रश्न के उत्तर में एडीएम श्री प्रजापति ने कहा कि लेखपालों को एक सप्ताह का समय दिया गया है। इसी समय में जांच कर सही ढंग से समस्याओं का निष्पादन करें, अन्यथा कार्यवाही होगी। आज आयोजित समाधान दिवस के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि 133 फरियादियों ने आवेदन दिए, जिनमें से 20 का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया है। शेष 113 शिकायती पत्र संबंधित विभाग के अधिकारियों तथा कर्मचारियों को उचित कार्यवाही का निर्देश दे, सौप दिए गए। समाधान दिवस में आए हरीश चंद्र पुत्र जय लाल निवासी ग्राम कछपुरा मजरा वीरपुर थाना नवाबगंज ने दबंग भू माफियाओं द्वारा अपनी जमीन पर किए गए कब्जे को कब्जा मुक्त कराने नाली निर्माण के साथ ही मेड़बंदी करा कर कब्जा दिलाने की, गांव सिनौली मजरा अहमदगंज की निवासिनी विधवा राजरानी पत्नी स्वर्गीय धनपाल ने अपनी पुश्तैनी जमीन पर गुंडों द्वारा कब्जा कर लेने की, वही थाना कंपिल के गांव कमरुद्दीन नगर निवासी मिथिलेश पुत्री रामनरेश ने सामूहिक रूप से किए गए शारीरिक शोषण के आरोपियों के विरुद्ध अब तक कार्यवाही ना होने की बात कहते हुए न्याय की गुहार लगाई । कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव कुबेरपुर की निवासी अजरीन पुत्री इन्तियाज ने अपने दहेज लोभी पति से दहेज का सामान वापस दिलाने, जबकि कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के ही गांव लुधैइया निवासी विधवा सुनीता ने अपने ही जेठ व देवर आदि पर अवैध रूप से उसके हिस्से का मकान जबरिया कब्जा कर गांव से भगाने की धमकी देने की शिकायत की।

## कस्बे के पच्चीस कैमरों में ग्यारह कैमरे बंद पाये गये

**राठ ( हमीरपुर )।** अपर जिला अधिकारी रमेशचंद्र ने कोतवाली का निरीक्षण में कम्प्यूटर कक्ष के अंदर सीसीटीवी कैमरा के कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। जिसमें नगर के प्रत्येक चौराहे पर लगे सीसीटीवी कैमरा की वर्तमान स्थिति देखी। कस्बे के विभिन्न चौराहों में लगे 25 सीसीटीवी कैमरों में 11 सीसीटीवी कैमरे बंद पाए गए। इसके बाद एडीएम ने कोतवाली के जिला बदर अपराधियों एवं हिस्ट्रीशीटर अपराधियों के बारे में जानकारी ली।

जानकारी से पता चला, राठ कोतवाली में सात अपराधी जिलाबदर हैं। वहीं राठ क्षेत्र में 124 लोग हिस्ट्रीशीटर हैं। जिसमें से 84 लोग जनपद में हैं। 18 हिस्ट्रीशीटर जेल में हैं। इसके बाद कोतवाली में मौजूद विभिन्न अभिलेखों का बारीकी से निरीक्षण कर माल खाने में रखे गए विभिन्न वेपंस एवं सामान का जायजा लिया। इस मौके पर उपजिलाधिकारी पवन प्रकाश पाठक, सीओ पीके सिंह, कोतवाली तारा सिंह पटेल सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# एडीएम के कड़े रुख के बाद गरीबों को मिले कंबल

**कायमगंज** फर्रुखाबाद। आज शनिवार को कायमगंज तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस चल रहा था । उसी समय तहसील क्षेत्र के गांव नगला मकोड़ा मजरा अमरापुर , सिलसंडा निवासी गरीब लटूरी पुत्र गिरवर हाथ में आधार कार्ड लिए ,उसी के साथ एक दूसरी गरीब महिला भी सर्दी से बचाव के लिए कंबल पाने की उम्मीद लेकर वहां पहुंचे । इन गरीबों ने अपर जिला अधिकारी सुभाषचंद्र प्रजापति से कंबल उपलब्ध कराने की गुहार लगाई । दोनों की हालत देखकर एडीएम ने उन्हें कंबल देने के लिए वहां मौजूद उप जिलाधिकारी संजय सिंह से कहा लेकिन एसडीएम संजय सिंह ने कंबल इन गरीबों को देने से इनकार करते हुए कुछ ऐसा कहा जिससे एडीएम का पारा हाई होता दिखाई दिया। एडीएम ने कहा कि कंबल गरीबों के लिए आए हैं और अभी हाल ही में काफी मात्रा में कंबल भी उपलब्ध कराए जा चुके हैं। जब आपसे कोई काम करने के लिए कहा जाए जैसा कि इस समय कंबल के बारे में कहा गया तो आप केवल तर्क देकर काम नहीं करने का बहाना बनाते हैं। एडीएम का कहना था कि जब आप मेरी ही बात पर ध्यान नहीं देते और हर बात पर तर्क प्रस्तुत करते हैं तो फिर बाकी काम कैसे होगा।

अपर जिलाधिकारी की नाराजगी भांप कर वहां मौजूद तहसीलदार कर्मवीर सिंह ने मामले को साधते हुए तहसील स्टाक में कंबल होने की बात कहते हुए तत्काल कंबल मंगवाए तथा उन दोनों गरीबों को अपर जिलाधिकारी श्री प्रजापति के हाथों ही कंबल उपलब्ध कराए गए।। . यह होता है अंतर एक सूक्ष. बूक्ष वाले सक्षम प्रशासनिक अधिकारी और दूसरे केबल टालमटोल करने वाले अधिकारी के बीच जिसका नजारा आज इन दोनों बेहद गरीब दिख रहे गरीबों को कंबल उपलब्ध कराने के समय दिखाई दे रहा था। अपर जिलाधिकारी के मानवता भरे व्यवहार की वहां मौजूद ग्रामीण प्रशंसा करते हुए दिखाई दे रहे थे।

# डीएम और एसपी ने समाधान दिवस में सुनीं ढेरों समस्यायें

**संवाददाता।** उरई (जालौन)

**जिलाधिकारी** चांदनी सिंह व पुलिस



अधीक्षक डॉ. ईरज राजा की अध्यक्षता में उरई तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत कर्ता द्वारा जिलाधिकारी के समक्ष 23 शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए गए जिसमें से 2 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण संबंधित अधिकारियों द्वारा करा दिया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व, नगर पालिका और पुलिस आदि से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं।

उन्होंने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में जो भी शिकायतें प्राप्त हुई हैं उन शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करना सुनिश्चित करेंगे। शिकायतों के निराकरण में किसी भी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही होने पर कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी फरियादी शिकायत लेकर आता है, तो उसको गंभीरता से लें। संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम उरई राजेश सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. नरेंद्र देव शर्मा, परियोजना निदेशक शिवाकांत द्विवेदी, जिला विकास अधिकारी सुभाष चंद्र त्रिपाठी, जिला पंचायत राज अधिकारी अवधेश सिंह सहित संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## दस लाभार्थियों को साढ़े नौ लाख का दिया गया ऋण

**मौदहा( हमीरपुर )।** तहसील परिसर में उप जिलाधिकारी व पुलिस क्षेत्राधिकारी की उपस्थिति में सहकारी ग्रामीण बैंक द्वारा शिविर लगाकर। सरकार की ओर से चलाई जा रही गरीबों को रोजगार से जोड़ने के मकसद से 10 लाभार्थियों को नौ लाख पचास हजार का चेक देकर



लाभान्वित किया गया है।

जिसमें कम ब्याज दर पर ऋण की सुविधा देने के मकसद से लोगों को जागरूक किया गया, साथ ही बैंक के अंतर्गत कृषि योजनाएं- डेयरी, पशुपालन, बागवानी, ट्रैक्टर, जनरल स्टोर, ई-रिक्शा, मोबाइल शॉप, आदि योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उपजिलाधिकारी सुरेन्द्र कुमार द्वारा पुलिस क्षेत्राधिकारी विवेक कुमार की मौजूदगी में लाभार्थियों को चेक वितरण किया गया, साथ ही बैंक द्वारा ओ.बी.सी. व एस.सी. जाति वालों को न्यूनतम ब्याज दर पर व महिला अभ्यर्थियों को एक प्रतिशत की छूट का फायदा दिया गया । शिविर के द्वारा उपस्थित क्षेत्रीय प्रबंधक महेश कुमार, शाखा प्रबंधक शैलेंद्र सिंह कुशवाहा,मोहम्मद शाहनवाज,शाखा प्रभारी सहायक फील्ड ऑफिसर ओम प्रकाश गुप्ता, हेमंत कुमार आदि मौजूद रहे।

## घाटमपुर में शॉर्ट सर्किट से कंटेनर में लगी आग

**घाटमपुर भोगनीपुर।** चौडगरा मार्ग स्थित परास बंबा के पास चलते हुए कंटेनर में शार्ट सर्किट के बाद आग लग गई। चालक ने आग जलती देखी तो कूदकर अपनी जान बचाई। जिसके बाद उसने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने एक घंटे की कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया। कंटेनर में लदा लाखों का धागा जलकर राख हो गया।

कंटेनर चालक मुन्नू ने बताया कि वह अहमदाबाद से कंटेनर लेकर कोलकाता जा रहा था, कंटेनर में धागा लदा हुआ था। देर रात भोगनीपुर-चौडागरा मार्ग पर स्थित परास बंबा के पास पहुंचते ही कंटेनर में शार्ट सर्किट के बाद अचानक आग लग गई। उसने जब कंटेनर में आग जलती देखी तो केबिन से कूदकर अपनी जान बचाई । हालांकि चालक ने फोनकर घटना की सूचना दे दी।

जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने तीन घंटे की कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया है। जिससे कंटेनर में लदे आग का लाखों रुपए का धागा जलकर राख हो गया।

## समापन दिवस पर दिव्यांग शिविर में 205 रजिस्ट्रेशन और 275 मरीजों को बांटे गए उपकरण

**फर्रुखाबाद।** समापन के दिन दिव्यांग शिविर एस.एन.साध ट्रस्ट के सौजन्य एवं श्री महावीर विकलांग सहायता समिति के सहयोग से अपने निर्धारित समय सुबह 9 बजे शुरू हुआ एस.एन. साध के ट्रस्टी राकेश साध, चमकेश साध ने बताया



कि यह ट्रस्ट उनके पिता सहदेव नारायन साध द्वारा स्थापित किया गया था। अब दोनों भाई इसको मिलकर संचालित करते हैं। इस शिविर में हर सुविधा नि:शुल्क दी जाती है। यह 2023 का पहला दिव्यांग शिविर है। संयोजक डॉ रजनी सरीन ने बताया कि वह सदैव ऐसे शिविर लगाने में प्रयासरत रहेंगी। इस शिविर की विशेषता ये है कि कोई भी दिव्यांग जन अपना आधार कार्ड लाकर तत्काल रजिस्ट्रेशन कराकर शिविर में उपलब्ध सभी सेवाओं का लाभ प्राप्त कर सकता है। इस शिविर में सभी उम्र के लोगों को अगर कान से कम सुनाई देने संबंधित कोई भी शिकायत है तो वे अपनी जाँच कराकर कान की मशीन ले सकते हैं। जिस किसी को दांतों की समस्या थी, उनकी जाँच डॉ स्वाती बचानी द्वारा की गई और आवश्यकता अनुसार पूर्ण रूप से नि:शुल्क दवाई दी गई।

## क्विक न्यूज

### दोसर वैश्य महासमिति का शपथग्रहण 26 को

**फतेहपुर।** भारतीय दोसर वैश्य महासमिति के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण व सम्मान समारोह आगामी छब्बीस जनवरी को दोपहर एक बजे से पूर्व अध्यक्ष मनीष गुप्ता के कालिकन रोड रामनगर स्थित आवास में होगा। यह निर्णय महासमिति की बैठक में लिया गया। भारतीय दोसर वैश्य महा समिति की एक बैठक कैंप कार्यालय पीलू तले चौराहे पर आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता महासमिति के जिलाध्यक्ष नारायण गुप्ता ने किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि दोसर वैश्य समाज को एक सूत्र में पिरोने का जो दायित्व महासमिति ने सौंपा है उसका वह पूरी निष्ठा के साथ ` बखूबी निर्वहन करेंगे। बैठक में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद कुमार गुप्ता ने कहा कि पदाधिकारियों की संगठन में अग्रणी भूमिका रहती है। जिससे संगठन गतिशील होता है। पदाधिकारियों के उत्साह के लिए समय-समय पर बैठकों व कार्यक्रमों के माध्यम से नई ऊर्जा का संचार होता है। बैठक का संचालन महामंत्री राजन गुप्ता ने किया। इस मौके पर नरेंद्र गुप्ता, मनीष गुप्ता, नारायण गुप्ता, अशोक गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

### मौनी अमावस्या पर शनि मंदिर में हुआ भंडारा

**फतेहपुर।** मौनी अमावस्या पर श्री खाटू श्याम सेवा समिति व भोजन जनसेवा समिति के सहयोग से सिद्धपीठ शनि देव मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। श्री खाटू श्याम सेवा सामिति के उपाध्यक्ष दिलीप यादव की ओर से डाक बंगला के समीप स्थित सिद्धपीठ शनि देव मंदिर में बारह बजे भंडारे का आयोजन हुआ। जहां सर्वप्रथम सोना देवी पत्नी राम बाबू द्वारा शनि भगवान की पूजा अर्चना व भोग लगाकर भण्डारे की शुरुआत की गई। भंडारे में मंदिर के संतो, मुसाफिरों, रिक्शा चालक के अलावा मजदूर वर्ग के लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। लोगों का कहना है कि जरूरतमंद एवं भूखों को भोजन कराना भगवान को खुश करने के समान है। इस अवसर पर बालकरण सिंह, आदर्श सिंह, कुमार शेखर, हर्षित, रीगन, विकास, मोनू, पवन, ऋषभ, अजय, अंकुर, रजत मौजूद रहे।

### अमावस्या पर हुई गंगा आरती, भक्तों ने किया दीपदान

**फतेहपुर।** गंगा बचाओ सेवा समिति, नमामि गंगे एवं जिला गंगा समिति द्वारा अमावस्या पर ओमघाट में गंगा आरती का आयोजन किया गया। गंगा बचाओ सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष शैलेन्द्र शरन सिम्पल द्वारा अमावस्या पर आयोजित गंगा आरती में शामिल होने पहुंचे गंगा भक्तों ने स्वच्छता का संकल्प लिया। समाजसेवी प्रदीप रस्तोगी ने कहा कि गंगा में किसी भी प्रकार की पूजन सामग्री एवं कूड़ा ना डालें और गंगा को स्वच्छ रखने में सहयोग करें। समिति के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र शरन सिंपल ने कहा कि गंगा को स्वच्छ रखने के लिए सरकार प्रयत्नशील है। गंगा बचाओ सेवा समिति के द्वारा आए हुए सभी गंगा भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर स्वामी विज्ञानानंद जी महाराज, गायत्री परिवार के डॉ. आर.पी. दीक्षित, गिरधारी लाल गुप्ता, समाजसेवी प्रदीप रस्तोगी अनिल, अक्षत जैन, वीरेंद्र साहू, संजय साहू, समिति के ज्ञान चंद गुप्ता, सुरेंद्र पाठक, मनोज सोनी, नेहा, नूतन रस्तोगी, विद्या, अनन्य रस्तोगी, सुनीता गुप्ता, आशा त्रिपाठी, किरन सिंह, रामस्वरूप गुप्ता, आचार्य रामचंद्र ने विधि विधान से पूजन कराया।

### राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन को लेकर बैठक'

**कानपुर देहात।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशों में लालचन्द्र गुप्ता, माननीय जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कानपुर देहात के निर्देशानुसार दिनांक 21 जनवरी 2023 को आरबीट्रेशन वादों के निस्तारण हेतु विशेष लोक अदालत एवं दिनांक 08 फरवरी 2023 से 10 फरवरी 2023 तक लघु आपराधिक वादों के निस्तारण हेतु विशेष लोक अदालत और दिनांक 11 फरवरी 2023 (द्वितीय शनिवार) को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस सम्बन्ध में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश / सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दिनांक 21 जनवरी को जनपद के जिला विद्यालय निरीक्षक एवं अन्य विभाग के साथ राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अधिक से अधिक वादों को निस्तारण हेतु कहा गया। साथ ही राष्ट्रीय लोक अदालत प्रचार-प्रसार हेतु उपस्थित विभागो को उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी पोस्टर, पम्पलेट व बैनर भी दिये गये ताकि वे अपने-अपने स्तर से जनपद में प्रचार-प्रसार कर सके। साथ ही उन्हें यह भी बताया गया कि सचिव द्वारा किसी भी कार्य दिवस में कार्यलयों का औचक निरीक्षण किया जा सकता है। सचिव द्वारा बताया गया कि अधिकाधिक संख्या में वादों को लगवा कर उनका निस्तारण सुलह-समझौता के आधार पर राष्ट्रीय लोक अदालत में किया जा सके। साथ ही महापर्व में जनपद के समस्त जनमानस को जागरूक किया जा सके। जिससे अधिकाधिक वादों का निस्तारण हो सके। उक्त बैठक में निजेन्द्र कुमार अपर जिला जज / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सत्य नारायण कटियार जिला विद्यालय निरीक्षक एवं अन्य उपस्थित रहे। इसके अतिरिक आज दिनांक 21 जनवरी 2023 को आरबीट्रेशन लोक अदालत / विशेष लोक अदालत में कुल 56 वाद लगाये गये जिसमें से कुल 2 वादों का निस्तारित हुये।

### शिक्षक साथियों के समर्थन से चुनाव में होगी विजयः डा. बाबूलाल

**उरई (जालौन)।** प्रयागराज-झांसी शिक्षक खंड एमएलसी पद के भाजपा प्रत्याशी डा. बाबूलाल तिवारी ने पत्रकारों से वार्ता करते हुये कहा कि शिक्षक साथियों ने इस बार ठान लिया है कि शिक्षक एमएलसी बुंदेलखंड क्षेत्र का निर्वाचित होगा। उन्होंने कहा कि जब भी कोई बुंदेलखंडवासी इस सीट से चुनाव लड़ता है और चुनावी जनसंपर्क में प्रयागराज जाता है तो वहां के लोग अक्सर ही यही कहते हैं, यह तो बाहरी प्रत्याशी है। उन्होंने कहा कि वित्त विहीन शिक्षक महासभा के प्रदेशाध्यक्ष अशोक राठौर के साथ में आ जाने के बाद वह दोनों अब एक और एक दो नहीं बल्कि ग्यारह हुये हैं। हम दोनों ने मिलकर ही वित्तविहीन शिक्षकों की मांगों को समय-समय पर शासन स्तर पर उठाया था। उन्होंने कहा कि पहली बार भाजपा ने शिक्षक एमएलसी के लिये अपना अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया है। चुनाव में शिक्षक, भाजपा पदाधिकारियों, बूथ प्रभारी व पन्ना प्रमुखों के सहयोग से भाजपा विजयश्री का वरण करेगी। वार्ता के दौरान अशोक राठौर ने कहा कि शिक्षक हित में त्याग देने की परंपरा लंबे समय से चली आ रही हैं। उन्होंने वित्त विहीन शिक्षकों के हित में त्याग किया है। इससे निश्चित रूप से आने वाले समय में वित्तविहीन शिक्षकों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि कभी-कभी राजनीति में दो कदम आगे और एक कदम पीछे होना कोई नई बात नहीं है।

### आपसी रंजिश में मजदूर से मारपीट

**जालौन (उरई)।** आपसी रंजिश को लेकर मजदूर के साथ ग्रामीण ने मारपीट कर दी। पीड़ित ने घटना की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र शाहिद पुत्र गनी खां ने बताया कि गांव के मम्मू खां उनके साथ काम करने नहीं गया था, जिसके कारण वह उनसे रंजिश मानता है। 20 जनवरी को वह काम करके घर वापस आ रहा था। उसी दौरान रास्ते में उसने उसे रोक लिया तथा गाली-गलौज कर मारपीट की। जब गांव के लोग आ गये तो वह जान से मारने की धमकी देकर चला गया। पीड़ित ने पुलिस को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है।

### चेकिंग अभियान में एआरटीओ ने पकड़े कई वाहन

**कुरारा(हमीरपुर)।** आज कस्बा में परिवहन विभाग के एआरटीओ द्वारा चेकिंग अभियान चलाकर एक जेसीबी मशीन, एक ट्रक व एक मारुति वेन को पकड़ कर कार्यवाही की गई है। आज सुबह एआरटीओ आरपी सिंह, पीटीओ ने सघन चेकिंग अभियान चलाकर एक जेसीबी मशीन पर टैक्स बकाया होने तथा एक ट्रक व एक मारुति वैन को ओवरलोड सवारी ले जाते पकड़ लिया और तीनो के खिलाफकार्यवाही की गई है। चेकिंग अभियान से डग्गामार वाहन चालकों में हड़कम्प बना रहा।

### टैम्पो पलटने से शिक्षक समेत आठ छात्राएं घायल

**मौदहा( हमीरपुर)।** टेंपो पलटने से सहायक अध्यापक सहित आठ छात्राएं घायल हो गयी। सभी छात्राओं को गंभीर हालत में राहगीरों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पंडित दीनदयाल उपाध्याय इंटर कॉलेज इमिलिया की छात्राएं अपना प्रैक्टिकल एग्जाम देने के लिए नेशनल इंटर कॉलेज प्रैक्टिकल प्री परीक्षा देकर वापस अपने घर जा रही थीं। तभी मौदहा मुस्करा मार्ग के बीच बिगहना के पास बीच सड़क में कुत्ता आ गया। उस कुत्ते को बचाने के चक्कर में टेंपो ड्राइवर ने नियंत्रण खो दिया और टेंपो पलट गई, जिसमें खुशबू यादव पुत्री रामदयाल ग्राम इमलिया, तब्बू भारती पुत्री मैनेजर इमलिया निवासी, रोशनी पुत्री रामेश्वर, रेशमा पुत्री सुनील कुमार, सालनी पुत्री नंदकिशोर निवासी न्यूरिया, गौरी पुत्री संतोष, वर्षा पुत्री सत्येंद्र इन बच्चों के साथ सहायक अध्यापक दुनिया पति सिंह पुत्र ज्ञान सिंह घायल हो गए।

### तहसील सदर के समाधान दिवस में आयी 157 शिकायतों में केवल 7 का निस्तारण

**फर्रुखाबाद।** तहसील सदर का समाधान दिवस जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में तहसील के सभागार में आयोजित किया गया। इसमें सांसद मुकेश राजपूत,अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार,मुख्य चिकित्साधिकारी अवनींद्र कुमार, एस डी एम संजय कुमार सिंह,तहसीलदार श्रद्धा पांडेय सहित सभी विभागों के विभागाध्यक्ष भी मौजूद रहे। समाधान दिवस में कुल 157 आवेदन आए जिसमे मौके पर केवल सात का निस्तारण हो पाया। बाकी शिकायते सभी विभागाध्यक्षों को निस्तारण हेतु भेज दी गई। विभिन्न शिकायतो में ज्यादातर मकानों पर कब्जे एमकानों का विवाद,विधवा ,वृद्ध पेंशन, नगर पालिका की साफसफाई एवम् नाली जामए पुलिस से सम्बन्ध की रही। सांसद मुकेश राजपूत ने भी कई शिकायतो को सुनकर उनका व्यक्तिगत रूप से निस्तारण कराया।

# न्यूजीलैंड के अगले प्रधानमंत्री होंगे क्रिस हिपकिंस

● जेसिंडा अर्डर्न की जगह लेने की दौड़ में शामिल एकमात्र उम्मीदवार

भाषा। वेलिंगटन



**न्यूजीलैंड के** शिक्षा मंत्री क्रिस हिपकिंस का देश का अगला प्रधानमंत्री बनना तय है। दरअसल, 44 वर्षीय हिपकिंस मौजूदा प्रधानमंत्री जेसिंडा अर्डर्न की जगह लेने की दौड़ में शामिल एकमात्र उम्मीदवार हैं। हालांकि, हिपकिंस को प्रधानमंत्री बनने के लिए रविवार को संसद में अपनी लेबर पार्टी के साथियों का समर्थन हासिल करना होगा, लेकिन यह केवल एक औपचारिकता भर है। करीब साढ़े पांच साल शीर्ष पद पर रहीं अर्डर्न ने बृहस्पतिवार को यह घोषणा कर 50 लाख की आबादी वाले अपने देश को चौंका दिया था कि वह प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे रही हैं। केवल एक उम्मीदवार के चुनावी मैदान में उतरने से संकेत मिलता है कि अर्डर्न के जाने के बाद पार्टी के सभी सांसदों ने मुकाबले की लंबी प्रक्रिया से बचने के लिए हिपकिंस का समर्थन किया है और वे इस बात का कोई संकेत नहीं देना चाहते कि पार्टी में एकता का अभाव है। प्रधानमंत्री बनने के बाद हिपकिंस आठ महीने से कम समय तक पद संभालेंगे। इसके बाद, देश में आम चुनाव होगा। चुनाव पूर्व सर्वेक्षणों के अनुसार, लेबर पार्टी की स्थिति मुख्य प्रतिद्वंद्वी नेशनल पार्टी से बेहतर है। हिपकिंस कोरोना वायरस वैश्विक महामारी के दौरान इस संकट के प्रबंधन में अहम भूमिका निभाकर लोगों की नजरों में छाए थे, लेकिन सरकार में सबसे अधिक ध्यान अर्डर्न ने ही आकर्षित किया था। वह नेतृत्व की अपनी नई शैली के कारण वैश्विक स्तर पर चर्चा का विषय बनीं। मात्र 37 साल में प्रधानमंत्री बनने वाली अर्डर्न की न्यूजीलैंड में हुई गोलीबारी की अब तक की सबसे भयंकर घटना और महामारी से निपटने के लिए दुनियाभर में प्रशंसा की गई, लेकिन देश में वह काफी राजनीतिक दबाव का सामना कर रही थीं। उन्होंने कुछ ऐसी चुनौतियों को झेला, जिनका न्यूजीलैंड के नेताओं ने पूर्व में अनुभव नहीं किया था। इस बीच, महिला होने के कारण उनके खिलाफ कई ऑनलाइन टिप्पणियां की गईं और धमकियां दी गईं। अर्डर्न ने नम आंखों के साथ बृहस्पतिवार को पत्रकारों से कहा कि सात फरवरी का दिन बतौर प्रधानमंत्री उनका आखिरी दिन होगा। उन्होंने कहा, मेरे कार्यकाल का छठा वर्ष शुरू होने जा रहा है और बीते हर साल में मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया है। अर्डर्न ने घोषणा की कि न्यूजीलैंड में अगला आम चुनाव 14 अक्टूबर को होगा और वह तब तक सांसद के रूप में काम करती रहेंगी। शिक्षा विभाग संभालने के अलावा, हिपकिंस पुलिस एवं सार्वजनिक सेवा मंत्री और सदन के नेता भी हैं। उन्हें एक राजनीतिक संकटमोचक के रूप में जाना जाता है, जिन्होंने अन्य सांसदों द्वारा पैदा की गई समस्याओं को दूर करने में कई बार अहम भूमिका निभाई है।

## श्रीलंका में नौ मार्च को स्थानीय परिषद के चुनाव होंगे

**कोलंबो।** श्रीलंका में स्थानीय परिषद के चुनाव नौ मार्च को कराए जाएंगे। देश के निर्वाचन आयोग ने शनिवार को यह घोषणा की, जिससे इस बात की आशंका खत्म हो गई कि देश में आर्थिक संकट के कारण चुनाव फिर से स्थगित किए जा सकते हैं। स्थानीय चुनाव को इससे पूर्व छह महीने के लिए स्थगित कर दिया गया था क्योंकि देश अभूतपूर्व आर्थिक उथल-पुथल की चपेट में था, जिससे राजनीतिक संकट पैदा हो गया था और पूर्व राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे को सत्ता से हटना पड़ा था। निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने घोषणा की कि देश में 340 परिषदों के लिए स्थानीय चुनाव नौ मार्च को होंगे। विपक्षी दल स्थानीय चुनाव के लिए जोर दे रहे हैं। विपक्षी दलों के अनुसार, इससे लोगों को आर्थिक संकट से निपटने में सरकार की नाकामी के प्रति नाराजगी दिखाने का मौका मिलेगा। सरकार ने हालांकि स्थानीय चुनावों में देरी को लेकर कहा था कि देश में मौजूदा आर्थिक संकट को देखते हुए चुनाव कराने के लिए यह समय उपयुक्त नहीं है। चुनाव प्रक्रिया में कथित तौर पर 10 अरब रुपए खर्च होंगे जो पहले से ही देश की कमजोर अर्थव्यवस्था पर अतिरिक्त दबाव डालेगा। सत्तारूढ़ श्रीलंका पोडुजना पेरामुना (एसएलपीपी) का 2018 में हुए पिछले चुनाव में जीत हासिल करने के बाद अधिकांश परिषदों पर नियंत्रण है। हालांकि, जुलाई में पार्टी के नेता और पूर्व राष्ट्रपति राजपक्षे को जनआंदोलन के जरिए सत्ता से हटाए जाने के बाद पार्टी में उथल-पुथल है। वहीं, मुख्य विपक्षी दल सामगी जन बलवेगया (एसजेबी) को विश्वास है कि सत्तारूढ़ दल के प्रति जनता के गुस्से को देखते हुए वे अधिकांश परिषदों को जीत सकते हैं।

# ब्लिंकन ने ताइवान पर यथास्थिति बदलने के खिलाफ चीन को चेताया



भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका** के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने चीन को क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता बनाए रखने में अहम ताइवान की यथास्थिति बदलने के खिलाफ चेताया है। ब्लिंकन ने यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो में इंस्टीट्यूट ऑफ पॉलिटिक्स के संस्थापक निदेशक डेविड एक्सलरोड के साथ संवाद के दौरान शुक्रवार को कहा कि पिछले कुछ वर्षों में चीन ताइवान पर सैन्य और आर्थिक दबाव बनाने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा, ताइवान के संबंध में हमने पिछले कुछ साल में देखा है कि चीन ने एक फैसला किया है कि वह उस यथास्थिति को लेकर सहज नहीं है, जो दशकों से बरकरार है, जो हमारे देशों के बीच संबंधों और मुश्किल स्थिति के प्रबंधन के मामले में वास्तव में सफल रही है।

ब्लिंकन ने कहा, हमने पिछले कुछ वर्षों में उन्हें (चीन को) देखा है... उन्होंने ताइवान पर सैन्य दबाव, आर्थिक दबाव बढ़ाया है, वे दुनियाभर के देशों, अंतरराष्ट्रीय संगठनों से उसके संबंध काटने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका के नजरिए से यथास्थिति कारगर रही है और यह ताइवान जलडमरूमध्य में शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण है।

## तुर्किए ने प्रदर्शनों के मुद्दे पर स्वीडन की आलोचना की, मंत्री से मुलाकात भी रद्द की

भाषा। इस्तांबुल

तुर्किए ने उसके खिलाफ प्रदर्शनों को स्वीडन में सरकार द्वारा अनुमति दिए जाने के जवाब में वहां के रक्षा मंत्री की प्रस्तावित यात्रा को शनिवार को रद्द कर दिया। तुर्किए के रक्षा मंत्री हुलुसी अकर ने कहा कि 27 जनवरी को उनके स्वीडिश समकक्ष पाल जॉनसन की प्रस्तावित अंकारा यात्रा अब नही होगी।

**PUBLIC NOTICE**

BE IT KNOWN TO ALL THAT My clients Mohan Chand S/o Khema Nand and Ms. Uma Joshi W/o Shri Mohan Chand R/o H.No. 93, Gali No. 2, Block-C, Near Hanuman Mandir, Parvatiya Anchal, Sant Nagar Burari, Delhi-110084, have severed relations/connections with their son Suresh Joshi and his wife Meenakshi for all purposes. They are further disentitled/ disowned to claim any right/share in the movable and immovable properties owned by my clients. Any person dealing with them in any manner shall be solely doing so at his own risk and costs. My clients shall not be responsible for discharging any liability/claim in this regard.

PARDEEP KUMAR - ADVOCATE
CH. NO. 826, ROHINI COURTS, DELHI

**PUBLIC NOTICE**

It is to inform to the public at large **MR. HARISH** who is purchasing the **DESCRIPTION:- RESIDENTIAL PLOT NO. 5 & 6 AREA MEASURING 183.94 SQ. MTR. OUT OF KHASRA NO. 781, SITUATED IN THE VILLAGE ACHAEJA PARGANA AND TEHSIL DADRI, DISTRICT GAUTAM BUDH NAGAR, U.P. 203207** from **Mr. Sanjay S/o Mr. Ramprakash**, who had owner through Khatauni Record, and same to be financed & mortgaged by **Vastu Housing Finance Corporation Ltd.** If any Person having any type of claim/right/title/interest over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within **07 days** from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien, disputes etc.

**Lucem Legal LLP**
B-93B, Second Floor, Opp. SBI Bank
Sector 2, Noida, UP - 201301
Contact # 0120-4269379

## चाकू घोंपने की कोशिश कर रहे फलस्तीनी को इजराइली व्यक्ति ने गोली मारी

**यरुशलम।** इजराइल के कब्जे वाले वेस्ट बैंक में फलस्तीन के एक चरमपंथी ने इजराइल के एक नागरिक को शनिवार को चाकू घोपने की कोशिश की। इसके बाद इजराइली व्यक्ति ने फलस्तीनी नागरिक को गोली मार दी जिससे उसकी मौत हो गइ फलस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने मृतक की पहचान तारीक माली के तौर पर की है और बाद में फलस्तीनी इस्लामिक जिहाद चरमपंथी समूह ने दावा किया कि वह उसका सदस्य था। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि उसे वेस्ट बैंक के शहर रामल्लाह मे गोली मारी गई है। इजराइली सेना ने कहा कि व्यक्ति इजराइली व्यक्ति चौकी पर आया और उसने इजराइल के नागरिक को चाकू घोपने की कोशिश की। सेना ने कहा कि उसके पास चाकू था और इजराइली व्यक्ति ने उसे गोली मार दी।

## अमेरिका में मंदिर से कीमती चीजें चोरी होने के मामले में दो संदिग्धों की तलाश

**ह्यूस्टन।** अमेरिका के टेक्सास राज्य में एक हिंदू मंदिर मे चोरी के मामले में पुलिस दो संदिग्धो की तलाश कर रही है। टेक्सास मे ब्राजोस वैली स्थित श्री ओमकारनाथ मंदिर मे 11 जनवरी को चोरो ने दान पेटी समेत कुछ कीमती चीजे चुरा ली। मामले की जांच कर रहे ब्रेजोस काउंटी शेरिफ कार्यालय ने 20 जनवरी को मंदिर द्वारा साझा किए गए संदिग्धो के वीडियो से ली गई तस्वीर सार्वजनिक की और लोगो से दोनो संदिग्धो के बारे मे पुलिस को जानकारी देने का अनुरोध किया। ब्रेजोस काउंटी शेरिफ के डिप्टी डेविड विलकॉक्स ने कहा कि इस तरह के अपराध आमतौर पर पूजा स्थलो पर नही होते है। जांचकर्ता यह नही मानते है कि यह अपराध धार्मिक घृणा के चलते किया गया।

## तिब्बत में राजमार्ग पर हिमस्खलन में जान गंवाने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 28 हुई

**बीजिंग।** तिब्बत मे एक राजमार्ग की सुरंग के बाहर हिमस्खलन मे जान गंवाने वाले लोगो की संख्या बढ़कर शुक्रवार को 28 हो गई। चीन के सरकारी प्रसारक सीसीटीवी की खबर मे यह जानकारी दी गई है। तिब्बत के दक्षिण-पश्चिम मे न्यिंगची शहर को मेडोग काउंटी से जोड़ने वाली सुरंग के बाहर की तस्वीरो मे करीब छह कर्मी जमी बर्फ को हटाते नजर आ रहे है। अधिकारियो ने बताया कि करीब 1,000 बचावकर्मी और दर्जनो आपातकालीन वाहन बचाव एवं राहत कार्य मे जुटे हुए है। मंगलवार की शाम सुरंग के ठीक बाहर कई टन बर्फ गिरी, जिससे कई चालक वाहनो समेत बर्फ मे दब गए। चीन मे रविवार से शुरू होने वाली नव वर्ष की छुट्टी के लिए कई लोग अपने-अपने घर जा रहे थे।

# बाइडन जानते हैं कि भारतीय-अमेरिकी समुदाय उनके लिए खास है: भारतवंशी मेयर

भाषा। वाशिंगटन



सिनसिनाटी के भारतवंशी मेयर आफताब पुरेवल ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन इस बात को समझते हैं कि भारतीय अमेरिकी समुदाय के पास देश की लोक सेवा में योगदान देने के लिए बहुत कुछ है और यह समुदाय उनके लिए खास है। बाइडन के प्रशासन में सबसे ज्यादा भारतीय मूल के लोग शामिल हैं। पुरेवल ने व्हाइट हाउस में अमेरिकी कॉन्फ्रेंस ऑफ मेयर्स विंटर मीटिंग से इतर पीटीआई को साक्षात्कार में कहा, इसका (प्रशासन के अहम पदों पर इतने सारे भारतीय-अमेरिकियों और दक्षिण एशियाइयों की नियुक्ति का) मतलब है कि राष्ट्रपति बाइडन समुदाय को हल्के में नहीं लेते हैं। वह समझते हैं कि हम कितने खास हैं और हमारे पास देश की लोक सेवा में योगदान प्रदान करने के लिए बहुत कुछ है। पुरेवल ओहियो राज्य के तीसरे सबसे बड़े शहर सिनसिनाटी के मेयर चुने जाने वाले पहले भारतीय-अमेरिकी, तिब्बती-अमेरिकी और एशियाई अमेरिकी हैं। उन्होंने पद की चार जनवरी को शपथ ली थी। मेयर ने पिछले हफ्ते ही अमेरिका में भारतीय राजदूत तरनजीत सिंह संधू से सिनसिनाटी में मुलाकात की थी। दोनों का ताल्लुक पंजाब से है। मैंने अपने परिवार के इतिहास के बारे में बात की। मेरे पिता पंजाब से हैं। वह (तरनजीत सिंह संधू) भी पंजाब से हैं। हमने उस बारे में बहुत सारी बातें कीं। मैंने हाल में धर्मशाला में दलाई लामा से भी मुलाकात की थी। मैंने उन्हें अपनी यात्रा के बारे में जानकारी दी। पुरवेल ने कहा, लेकिन मोटे तौर पर हमने इस बारे में बात की कि कैसे सिनसिनाटी और ओहियो भारत के साथ अपने संबंधों को मजबूत करना जारी रख सकता है। हमारे यहां बहुत सारे भारतीय अप्रवासी हैं, भारतीय मूल के लोग न केवल हमारे शहर में बल्कि त्रि-राज्य क्षेत्र में हैं। यह सम्मान की बात थी उन्होंने मुझसे और हमारे व्यापार और समुदाय के नेताओं से मिलने के लिए सिनसिनाटी आने का फैसला किया। मैं बहुत आभारी हूं कि हमारा इतना मजबूत रिश्ता है। मेयर ने कहा, मुझे इस बात के लिए अपने समुदाय, भारतीय और तिब्बती समुदायों पर बहुत गर्व है कि हमने इस देश में कितना कुछ हासिल किया है।

**Public Notice**

This is to inform General Public that Mrs. Dimple Garg acquired the Plot no-7 & 8, along with plot no-B-4, house no- 57/81/179A/182A area measuring 100 + 100 = 200 sq. yds., Situated in Model Town west, Village Kaila Pargana Loni Tehsil, Distt. Ghaziabad. U.P. vide two separate sale deeds both dated 27.11.2020, (Doc. no. 6597 & 6595). Now, Mrs. Dimple Garg is mortgaging the above said property to Axis Finance Limited. by mortgaging the said property. In case anyone has any objection regarding mortgage of the said property, the same may be raised within 7 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/ 9818228636 (M).

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of Fullerton India Home Finance Company Ltd. that Mrs. Sudesh Kumari is claiming owner of Property bearing No. IV/184-186, New No. 192/1-C, area measuring 210 Sq. Yds., situated at Village Chandrawali alias Shahdara in the abadi of Bhola Nath Nagar, Illaqa Shahdara, Delhi, vide virtue of GPA, Agreement and will dated 10.07.1985, All persons are hereby informed that above mentioned claiming owner want to sell the said property to Mr. Anshu Garg and Mr. Rishabh Garg who is taking a Loan from Fullerton India Credit company Ltd. for purchase of the said property, if anybody has any objection/s upon the ownership of Mrs. Sudesh Kumai in respect of the said property its sale /Mortgage, and any kind of dispute kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**सांकेतिक कब्जे की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना के प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को सम्पत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा सम्पत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मेसर्स डोलर रेमेडीज प्राइवेट लिमिटेड/ झूमा चौधरी/ खाता नंबर- 084305000298 | प्लॉट नंबर ए ब्लॉक एच 198/18, सीएस दाग नंबर 332, पहली मंज़िल रॉय पुरबा, पारा हटियारा उत्तर 24 परगना, कोलकाता-700157/ जनवरी 18, 2023 | सितम्बर 30, 2021 ₹ 73,18,045/- | कोलकाता/ नई दिल्ली, गुड़गाँव |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक: जनवरी 21, 2023
स्थान: दिल्ली/ एनसीआर, गुड़गाँव

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

# नए सर्वेक्षण में ऋषि सुनक पड़े बोरिस जॉनसन पर भारी





भाषा। लंदन

**ब्रिटेन** के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक एक नए सर्वेक्षण में अपने पूर्ववर्ती बोरिस जॉनसन की तुलना में अधिक भरोसेमंद, आर्थिक रूप से अधिक सक्षम और वोट जुटाने की अधिक क्षमता वाले व्यक्ति माने गए हैं। द इंडिपेंडेंट अखबार के लिए सवंता कॉमरेस सर्वेक्षण में पाया गया कि 2019 के आम चुनाव में एक बड़ा जनादेश हासिल करने वाले कंजर्वेटिव पार्टी के नेता के रूप में जॉनसन की कथित लोकप्रियता 2024 में होने वाले अगले चुनाव से पहले ब्रिटिश मतदाताओं के बीच दिखाई नहीं देती। सर्वेक्षण में पाया गया कि 63 प्रतिशत लोग 58 वर्षीय जॉनसन के विरोध में हैं और इस विचार के पक्ष में केवल 24 प्रतिशत लोग हैं कि वह फिर देश का नेतृत्व कर सकते हैं। इसी के साथ लगभग 41 प्रतिशत मतदाताओं का मानना है कि 42 वर्षीय सुनक टोरी पार्टी की प्रतिष्ठा में सुधार कर सकते हैं, जबकि जॉनसन के बारे में केवल 19 प्रतिशत मतदाता यही विचार रखते हैं। सर्वेक्षण के अनुसार, पूर्व प्रधानमंत्री के समर्थकों का मानना है कि उनके पास चुनावी जादू है, लेकिन परिणाम दिखाते हैं कि सुनक अधिक भरोसेमंद, आर्थिक रूप से अधिक सक्षम और वोट जुटाने की अधिक क्षमता वाले व्यक्ति हैं। इसमें कहा गया है कि जॉनसन के सहयोगी चाहते हैं कि वह वापसी करें और ऋषि सुनक की जगह लें तथा 2024 में होने वाले आम चुनाव में टोरी पार्टी का नेतृत्व करें। सर्वेक्षण के अनुसार, लेकिन 63 प्रतिशत लोग नहीं चाहते कि जॉनसन फिर से देश का नेतृत्व करने का प्रयास करें। केवल 24 प्रतिशत लोग ही उन्हें फिर सत्ता में देखना चाहते हैं। सर्वेक्षण में कहा गया कि 58 प्रतिशत मतदाता चाहते हैं कि यदि जॉनसन अगले महीने से शुरू होने वाली संसदीय जांच में पार्टीगेट पर झूठ बोलते पाए जाते हैं, तो उन्हें टोरी सांसद के रूप में अपनी उक्सब्रिज और रुइस्लिप सीट से इस्तीफा दे देना चाहिए।

## पाकिस्तान की अदालत ने दो आतंकियों को 34-34 साल कारावास की सजा सुनाई

भाषा। लाहौर

**पाकिस्तान** की एक अदालत ने प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान (टीटीपी) के दो सदस्यों को पंजाब सूबे में आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने का दोषी करार देते हुए 34-34 साल कारावास की सजा सुनाई है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। टीटीपी को पाकिस्तान तालिबान के नाम से भी जाना जाता है और माना जाता है कि उसके संबंध वैश्विक आतंकवादी संगठन अलकायदा से हैं। अदालत के एक अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया, सहिवाल स्थित आतंकवाद रोधी अदालत (एटीसी) ने टीटीपी के दो आतंकवादियों मलिक राजिक और सद्दाम हुसैन मूसा को पंजाब सूबे में हुए आतंकवादी गतिविधियों में संलिप्त होने का दोषी करार देते हुए शुक्रवार को 34-34 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। उन्होंने बताया कि एटीसी न्यायाधीश जाहिद गजनवी ने आतंकवाद रोधी विभाग (सीटीडी) द्वारा अदालत में सबूत रखे जाने के बाद यह सजा सुनाई।

**कार्यालय, अधिशासी अभियन्ता,**
**उत्तराखण्ड जल संस्थान, हल्द्वानी**
दूरभाष कार्यालय/फैक्स : 05946-220776 ई-मेल : eehal-ujs-uk@nic.in

पत्रांक : 255/निविदा/23 | दिनांक : 21.01.2023

**निविदा सूचना**

एतद्द्वारा शाखा हल्द्वानी के अन्तर्गत निम्न कार्यो के लिये क्रम सं0 1 व 5 के लिये उत्तराखण्ड जल संस्थान व उत्तराखण्ड पेयजल निगम में पाईप लाईन सम्बन्धित कार्यों हेतु "डी" एवं उच्चतर श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों व क्रम सं0 6 हेतु अनुभवी फर्मो से दिनांक 07.02.2023 के अपरान्ह 3.00 बजे तक टैण्डर बाक्स के माध्यम से निविदा आमन्त्रित की जाती है जो उसी दिन अपरान्ह 3.30 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा मनोनीत प्रतिनिधि द्वारा निविदादाताओं की उपस्थिति एवं अनुपस्थिति दोनों दशाओं में खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | निविदा संख्या | कार्य का विवरण | निविदा प्रपत्र का मूल्य | धरोहर राशि | वैधता |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 41/2022-23 | कुसुमखेड़ा पेयजल योजनान्तर्गत सर्वोदय कॉलोनी फेज 3 हिम्मतपुर तल्ला में पाईप लाईन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | Rs.1000.00+ 180.00 (GST 18%) = 1180.00 | ₹ 19100.00 | 60 दिन |
| 02 | 42/2022-23 | कुसुमखेड़ा पेयजल योजनान्तर्गत पार्वतीपुरम से त्रिमुर्ति तक पाईप लाईन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | Rs.1000.00+ 180.00 (GST 18%) = 1180.00 | ₹ 17500.00 | 60 दिन |
| 03 | 43/2022-23 | कुसुमखेड़ा पेयजल योजनान्तर्गत हरिपुर नायक (कनॉट पैलेस) में पाईप लाईन बिछाने तथा तत्सम्बन्धी कार्य। | Rs.1000.00+ 180.00 (GST 18%) = 1180.00 | ₹ 12000.00 | 60 दिन |
| 04 | 44/2022-23 | कुसुमखेड़ा पेयजल योजनान्तर्गत मां कालिका ग्रीन कॉलोनी जीतपुर नेगी में पाईप लाईन बिछाने तथा तत्सम्बन्धी कार्य। | Rs.500.00+ 90.00 (GST 18%) = 590.00 | ₹ 9500.00 | 60 दिन |
| 05 | 45/2022-23 | कुसुमखेड़ा पेयजल योजनान्तर्गत कुसुमखेड़ा चौराहे से दयाल विहार तक पाईप लाईन बिछाने तथा तत्सम्बन्धी कार्य। | Rs.1000.00+ 180.00 (GST 18%) = 1180.00 | ₹ 14800.00 | 60 दिन |
| 06 | 46/2022-23 | कुसुमखेड़ा पेयजल योजनान्तर्गत ऊंचापुल (वार्ड नं0 40) स्थित 350 के0एल0 ओवर हैड टैंक की लीकेज मरम्मत कार्य। | Rs.1000.00+ 180.00 (GST 18%) = 1180.00 | ₹ 11200.00 | 60 दिन |

शर्ते :-
1. निविदा प्रपत्र के लिफाफे पर कार्य का नाम/निविदा संख्या अंकित करना अनिवार्य है।
2. निविदा प्रपत्र निर्धारित धनराशि जमा करने पर कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, तिकोनिया हल्द्वानी से दिनांक 23.01.2023 से 06.02.2023 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से सांय 5.00 बजे तक क्रय की जा सकती है। डाक द्वारा निविदा प्रपत्र मांगे जाने पर रू0 100.00 अतिरिक्त देय होगा।
3. निविदा के साथ धरोहर धनराशि किसी भी राष्ट्रीय बैंक/पोस्ट ऑफिस में अधोहस्ताक्षरी के पदनाम से बन्धक एफ.डी.आर./सी.डी.आर./बैंकगारन्टी/एन.एस.सी के रूप में संलग्न करनी होगी। धरोहर धनराशि के अभाव में निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
4. उक्त किसी भी तिथियों को अवकाश होने की स्थिति में अगला कार्य दिवस मान्य होगा।
5. अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, हल्द्वानी को एक अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार है।
6. उपरोक्त निविदा सूचना में यदि कोई संशोधन किया जाता है तो संशोधित निविदा सूचना कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जाएगी तथा संशोधित निविदा सूचना का प्रकाशन समाचार पत्र में भी किया जाएगा।
7. निविदा प्रपत्र के साथ रू0 100.00 का नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर, रू0 1.00 के हस्ताक्षरयुक्त रसीदी टिकट के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।
8. निविदादाताओं को प्रमुख सचिव महोदय, उत्तराखण्ड शासन देहरादून के शासनादेश संख्या 6447/111-(2)/11-20 (सा0)/11 देहरादून दिनांक 02.01.2013 के अनुसार अतिरिक्त परफॉरमेन्स सिक्योरिटी (Additional Performance Security) जोकि NSE/FDR/TDR/KVP के रूप में अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, हल्द्वानी के नाम बन्धक होगी, अनुबन्ध से पूर्व विभाग में जमा की जानी होगी।
9. ठेकेदार का जी0एस0टी0 में पंजीकृत होना अनिवार्य होगा।
10. शेष शर्ते निविदा प्रपत्र के अनुसार मान्य होगी। जो कभी भी कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है।

"जल संचय-जीवन संचय"

अधिशासी अभियन्ता

**Form No. 3**
**[See Regulation-15(1)(a)]/16(3)**
**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JAIPUR**
**First Floor, Sudharma- II, Lal Kothis Shopping Center, Tonk Road, Jaipur- 302015**
**Case No.: OA/671/2022**
**Summons under sub-section (4) of section 19 of the Act, read with sub-rule (2A) of rule 5 of the Debt Recovery Tribunal (Procedure) Rules, 1993**
Exh. No.: **7189**

ICICI BANK LIMITED
VS.
KUNAL GUPTA

To,
(1) KUNAL GUPTA
D/W/S/O- SATYENDRA KUMAR GUPTA FLAT NO 403, TULIP TOWER, OMAXE GREEN VALLEY, SECTOR 41- 42, FARIDABAD HARYANA -121010
**Also At**
**KUNAL GUPTA**
S/O. SATYENDRA KUMAR GUPTA, R/O. PLOT NO. S106, S107, 1ST FLOOR, PINK PRIDE, KHASRA NO. 09, VILLAGE JAISINGHPURA BASS, BHANKROTA, TEHSIL- SANGANER JAIPUR RAJASTHAN- 303902
**(2) NEELABH GUPTA**
S/O. SATYENDRA KUMAR GUPTA, FLAT BO 403, TULIP TOWER, OMAXE GREEN VALLEY, SECTOR 41-42, FARIDABAD, HARYANA -121010
**Also At**
**NEELABH GUPTA**
S/O. SATYENDRA KUMAR GUPTA R/O ADD- PLOT NO. S106, S107, 1ST FLOOR, PINK PRIDE, KHASRA NO-09, VILLAGE JAISINGHPURA BASS, BHANKROTA, TEHSIL- SANGANER JAIPUR RAJASTHAN- 303902
**(3) M/S. UNIMAXE BUILDESTATE PVT. LTD.**
THROUGH ITS DIRECTOR REGISTERED OFFICE AT A-47, RATHI NAGAR, GOPAL PURA BY PASS, AJMER ROAD JAIPUR, RAJASTHAN -302018

**SUMMONS**

WHEREAS, OA/671/2022 was listed before Hon'ble Presiding Officer/Registrar on 08/12/2022.
WHEREAS this Hon'ble Tribunal is pleased to issue summons/ notice on the said Application under section 19(4) of the Act, (OA) filed against you for recovery of debts of Rs. 2106700/- (application along with copies of documents etc. annexed).
In accordance with sub-section (4) of section 19 of the Act, you, the defendants are directed as under:-
(i) to show cause within thirty days of the service of summons as to why relief prayed for should not be granted;
(ii) to disclose particulars of properties or assets other than properties and assets specified by the applicant under serial number 3A of the original application;
(iii) you are restrained from dealing with or disposing of secured assets or such other assets and properties disclosed under serial number 3A of the original application, pending hearing and disposal of the application for attachment of properties;
(iv) you shall not transfer by way of sale, lease or otherwise, except in the ordinary course of his business any of the assets over which security interest is created and/ or other assets and properties specified or disclosed under serial number 3A of the original application without the prior approval of the Tribunal;
(v) you shall be liable to account for the sale proceeds realised by sale of secured assets or other assets and properties in the ordinary course of business and deposit such sale proceeds in the account maintained with the bank or financial institutions holding security interest over such assets.
You are also directed to file the written statement with a copy thereof furnished to the applicant and to appear before Registrar on 09/02/2023 at 10:30A.M. failing which the application shall be heard and decided in your absence.
**Given under my hand and the seal of this Tribunal on this date: 17/12/2022.**

**Signature of the Officer Authorised to issue summons**
**ASSISTANT REGISTRAR**
**Debts Recovery Tribunal, JAIPUR**

# महिलाओं के अधिकार बहाल करे तालिबान : संरा

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त** राष्ट्र की उप महासचिव अमीना मोहम्मद के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने अफगानिस्तान की चार दिवसीय यात्रा के दौरान तालिबान से महिलाओं और लड़कियों के अधिकारों को बहाल करने की अपील की। संयुक्त राष्ट्र के एक प्रवक्ता ने कहा कि तालिबान के कुछ अधिकारी महिलाओं के अधिकारों को बहाल करने के पक्ष में थे, लेकिन अन्य स्पष्ट रूप से इसके खिलाफ थे। संयुक्त राष्ट्र की टीम ने राजधानी काबुल और दक्षिणी शहर कंधार में तालिबान से मुलाकात की। हालांकि, उसने बैठक में शामिल तालिबान के किसी भी अधिकारी के नाम जारी नहीं किए। ए बैठकें तालिबान के अगस्त 2021 में अफगानिस्तान की सत्ता पर काबिज होने के बाद महिलाओं और लड़कियों पर लगाई गई पाबंदियों पर केंद्रित रही। संयुक्त राष्ट्र के उप प्रवक्ता फरहान हक ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र उप महासचिव अमीना मोहम्मद के नेतृत्व वाली टीम ने पाया कि तालिबान के कुछ अधिकारियों का रुख सहयोगात्मक था और उन्हें प्रगति के कुछ संकेत मिले हैं। महत्वपूर्ण बात उन (तालिबान) अधिकारियों से सामंजस्य स्थापित करना है, जिनका रुख सकारात्मक था। हक ने इस बात पर जोर दिया कि तालिबान के बीच प्राधिकार के कई अलग-अलग बिंदु हैं और संयुक्त राष्ट्र की टीम चाहेगी कि वे हमारे लक्ष्य पर मिलकर काम करें, जिसमें सबसे महत्वपूर्ण महिलाओं और लड़कियों के अधिकारों को बहाल किया जाना है। मोहम्मद पूर्व नाइजीरियाई कैबिनेट मंत्री और एक मुस्लिम हैं। उनके नेतृत्व वाली इस यात्रा में संयुक्त राष्ट्र महिला की कार्यकारी निदेशक सिमा बाहौस भी शामिल थी। संयुक्त राष्ट्र महिला लैंगिक समानता और महिलाओं के अधिकारों के लिए काम करती है। साथ ही इस यात्रा में राजनीतिक मामलों के सहायक महासचिव खालिद खियारी भी शामिल थे।

### संरा ने तालिबान के झंडे के सामने खड़े अपने कर्मियों की तस्वीरें सामने आने के बाद माफी मांगी

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र ने अपनी उप महासचिव अमीना मोहम्मद के नेतृत्व में एक दल के अफगानिस्तान के दौरे पर कुछ कर्मियो की ऐसी तस्वीरें सामने आने के बाद खेद जताया है जिनमें वे तालिबान के झंडे के सामने खड़े दिख रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र मे सर्वोच्च रैंकिंग वाली महिला मोहम्मद, संयुक्त राष्ट्र महिला की कार्यकारी निदेशक सिमा बाहौस और राजनीतिक, शांति निर्माण मामलो और शांति संचालन विभाग के सहायक महासचिव खालिद खियारी के साथ शुक्रवार को अफगानिस्तान की चार दिवसीय यात्रा पूरी की। इस प्रतिनिधिमंडल ने अफगानिस्तान की चार दिवसीय यात्रा के दौरान तालिबान से महिलाओं और लड़कियों के अधिकारों को बहाल करने की अपील की। संयुक्त राष्ट्र के एक प्रवक्ता ने कहा कि तालिबान के कुछ अधिकारी महिलाओं के अधिकारो को बहाल करने के पक्ष मे थे, लेकिन अन्य स्पष्ट रूप से इसके खिलाफ थे। हालांकि, जब मोहम्मद तालिबान के नेताओ से मिल रही थी, तो संयुक्त राष्ट्र के कुछ सुरक्षाकर्मियों की तालिबान के झंडे के सामने खड़े होने की तस्वीरे सामने आने के बाद इसकी आलोचना की गई।

# चुनौतियों से निपटने के लिए देश को तैयार करने में सरकार ने कोई कसर नहीं छोड़ीः राजनाथ सिंह

**भाषा।** नई दिल्ली



**रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि तेजी से बदल रहे वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य के कारण उत्पन्न होने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए सरकार देश को तैयार करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। यहां बड़ी संख्या में गणतंत्र दिवस एनसीसी शिविर में भाग ले रहे कैडेट को संबोधित करते हुए सिंह ने देश के पुख्ता सुरक्षा ढांचे को टीमवर्क के सर्वश्रेष्ठ उदाहरणों में से एक बताया और जोर देकर कहा कि अगर कभी युद्ध लड़ने की जरूरत पड़ी, तो पूरा देश हमारे सशस्त्र बलों के पीछे होगा। सिंह ने कहा, यह टीम वर्क का नतीजा है कि भारत ने अतीत में अपने दुश्मनों को हराया है और कई युद्ध जीते हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि जहां सशस्त्र बल सभी प्रकार के खतरों से देश की रक्षा कर रहे हैं, वहीं वैज्ञानिक, इंजीनियर, सिविल अधिकारी और अन्य उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रहे हैं। रक्षा मंत्री ने कहा, अगर कभी युद्ध लड़ने की जरूरत पड़ी तो पूरा देश हमारे सशस्त्र बलों के पीछे होगा। यह टीम वर्क का नतीजा है कि भारत ने अतीत में अपने दुश्मनों को हराया है और कई युद्ध जीते हैं। रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, अपने संबोधन में सिंह ने युवाओं से इस्तेमाल करो और फेंको की अवधारणा को खत्म करने का भी आह्वान किया, क्योंकि प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से समाज और पर्यावरण को इस प्रथा के कारण सबसे अधिक नुकसान उठाना पड़ता है। सिंह ने बदलते समय के अनुसार खुद को ढालने की जरूरत पर भी जोर दिया।

बयान में उनके हवाले से कहा गया, तेजी से बदल रहे वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य के कारण उत्पन्न होने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए देश को तैयार करने के लिए सरकार द्वारा कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि जहां समय के साथ बदलाव जरूरी है, वहीं देश के गौरवशाली अतीत से जुड़े रहना भी उतना ही जरूरी है। सिंह ने कहा, "उद्देश्य अपनी संस्कृति और परंपराओं में निहित एक मजबूत और समृद्ध भारत का निर्माण करना है। उन्होंने दिल्ली छावनी में एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर के अपने दौरे के दौरान कैडेट को संबोधित किया और कई कैडेट को उनके अनुकरणीय प्रदर्शन एवं कर्तव्य के प्रति समर्पण के लिए रक्षा मंत्री पदक तथा प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किए।

## यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थल के लिए अहोम माइडेम्स भारत से एकमात्र नामांकनः हिमंत

**गुवाहाटी ( भाषा )।** यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल के रूप में मान्यता के लिए असम के चराइदेव जिले में अहोम युग का माइडेम्स (शाही परिवार का कब्रिस्तान) भारत का एकमात्र नामांकन होगा। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री शर्मा ने प्रेसवार्ता में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 52 विरासत स्थलों में से असम के पिरामिड कहे जाने वाले माइडेम्स को संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक तथा सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) के विश्व धरोहर स्थल के लिए देश के एकमात्र नामांकन के रूप में चुना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री कार्यालय और केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय ने मुझे इस महत्वपूर्ण खबर के बारे में सूचित किया है और नामांकन आज रात पेरिस के यूनेस्को कार्यालय में जमा किया जाएगा। शर्मा ने कहा कि चराइदेव में अहोम राजवंश के माइडेम्स को पहली बार अप्रैल 2014 में यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल की अस्थाई सूची में शामिल किया गया था।



बालुरघाट में पश्चिम बंगाल के दक्षिण दिनाजपुर जिले में गणतंत्र दिवस 2023 समारोह से पहले सरसों के खेत में भारतीय झंडे ले जाते बच्चे।

## हांगकांग भेजे गए अवैध धन के मामले में सीबीआई ने मारे छापे

**भाषा।** नई दिल्ली

● **94 लाख रुपए नकद जब्त किए**

**केंद्रीय** अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 2014-16 के दौरान फर्जी आयात के भुगतान के रूप में हांगकांग भेजे गए 155 करोड़ रुपए से अधिक के अवैध धन संबंधी तीन मामलों के तहत 18 स्थानों पर छापेमारी की और 94 लाख रुपए नकद जब्त किए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

एजेंसी के एक प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि सीबीआई नौ संस्थाओं द्वारा आठ राष्ट्रीयकृत बैंकों के माध्यम से किसी वास्तविक व्यापार के बिना बिल जैसे फर्जी दस्तावेज तैयार कर धन भेजने से संबंधित तीन मामलों की जांच कर रही है। सीबीआई ने कथित हवाला कारोबारी मोहम्मद फारूक मोहम्मद हनीफ शेख, सहकारी समितियों के अज्ञात अधिकारियों और अन्य के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं।

प्रवक्ता ने बताया कि मुंबई और भोपाल सहित 18 स्थानों पर छापे मारकर लगभग 94.37 लाख रुपए नकद, आपत्तिजनक दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक सामान आदि बरामद किए गए। एजेंसी व्यापार-आधारित धन शोधन (टीबीएमएल) के पहलुओं की बैंक-वार जांच कर रही है। उन्होंने कहा, मुंबई स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र, केनरा बैंक (ई-सिंडिकेट बैंक) और बैंक ऑफ इंडिया से संबंधित टीबीएमएल के मामलों में अभियुक्तों द्वारा भुगतान में चूक और लेन-देन की गलत जानकारी देने की बात सामने आई है और उनके द्वारा किए गए संज्ञेय अपराध का खुलासा हुआ है। प्रवक्ता ने कहा, इन तीन बैंकों में निजी कंपनियों (सभी मुंबई में स्थित) के खातों से 105.27 करोड़ रुपए, 41.17 करोड़ रुपए और 8.69 करोड़ रुपए की राशि किसी वास्तविक व्यापार के बिना कथित रूप से भेजी गई थी, जिससे भारत सरकार को विदेशी मुद्रा का नुकसान हुआ।

## ईडी ने शिक्षक भर्ती घोटाले में टीएमसी नेता कुंतल घोष को गिरफ्तार किया

**कोलकाता ( भाषा )।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शिक्षक भर्ती घोटाले में कथित संलिप्तता के मामले में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के युवा नेता कुंतल घोष को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कोलकाता में ईडी के अधिकारियों ने घोष के चिनार पार्क स्थित अपार्टमेंट में रातभर ली गई तलाशी के बाद शनिवार सुबह उन्हें पहले हिरासत में लिया और फिर गिरफ्तार कर लिया। शहर के हवाई अड्डे के पास स्थित संबंधित क्षेत्र उत्तर 24 परगना जिले के अंतर्गत आता है। अधिकारी ने पीटीआई-भाषा से कहा, हमने कुंतल घोष को शिक्षक भर्ती घोटाले के तहत की गई अवैध नियुक्तियों में उनकी संलिप्तता की जांच कर रहे अधिकारियों के साथ सहयोग नहीं करने के कारण आज सुबह गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि ईडी द्वारा शुक्रवार सुबह शुरू किए गए तलाशी अभियान के दौरान घोष के दो फ्लैट से कई दस्तावेज और डायरी भी जब्त की गईं।

## आरएसएस की विचारधारा और नेताजी के आदर्श अलग-अलग ध्रुवः अनीता बोस

**भाषा।** कोलकाता



**शहर** में 23 जनवरी को सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाने की आरएसएस की योजना को लेकर हो रही चर्चा के बीच आजाद हिंद फौज के शीर्ष कमांडर की बेटी अनीता बोस-फाफ ने कहा है हिंदुत्व संगठन की विचारधारा और नेताजी के धर्मनिरपेक्षता एवं समावेशिता के विचार अलग-अलग ध्रुव हैं तथा आपस में मेल नहीं खाते।

अनीता ने कहा कि उनके पिता की जयंती के जश्न पर धूमधाम "आंशिक रूप से उनके (भाजपा, आरएसएस) अपने हितों की सिद्धि लिए है। उन्होंने कहा कि जहां तक विचारधारा का संबंध है, तो देश में किसी भी अन्य पार्टी की तुलना में कांग्रेस में नेताजी से मिलती बहुत अधिक समानताएं हैं। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत स्वतंत्रता आंदोलन के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के उपलक्ष्य में शहर के शहीद मीनार मैदान में एक सार्वजनिक कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। अनीता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और आरएसएस नेताजी की तरह सभी धर्मों का सम्मान करने के विचार को प्रतिबिंबित नहीं करते। उन्होंने कहा कि नेताजी एक धर्मपरायण हिंदू थे, लेकिन अन्य धर्मों का सम्मान करने में विश्वास करते थे और वह विभिन्न धर्मों के लोगों के बीच सार्थक सहयोग के पक्ष में थे। जर्मनी में रहने वाली अनीता बोस ने फोन पर पीटीआई-भाषा से कहा, आरएसएस और भाजपा इस रवैए को प्रतिबिंबित नहीं करते... यदि आप एक साधारण छाप लगाना चाहें, तो वे दक्षिणपंथी हैं और नेताजी वामपंथी थे।

उन्होंने कहा, आरएसएस की विचारधारा के बारे में मैंने जो सुना है, उससे मुझे लगता है कि यह और नेताजी की विचारधारा अलग-अलग ध्रुव हैं। दोनों मूल्य प्रणालियां मेल नहीं खाती हैं। यदि आरएसएस को लगता है कि वह नेताजी के आदर्शों और विचारों को अपनाना चाहता है, तो यह निश्चित रूप से अच्छा होगा। कई अलग-अलग समूह नेताजी के जन्मदिन को अलग-अलग तरीकों से मनाना चाहते हैं और उनमें से कई आवश्यक रूप से उनके विचारों से सहमत हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या नेताजी आरएसएस के आलोचक थे, उन्होंने कहा, मुझे (नेताजी का) कोई उद्धरण नहीं पता, जो मैं आपको दे सकूं। उन्होंने आरएसएस के सदस्यों के बारे में आलोचनात्मक बयान दिया हो सकता है। मुझे पता है कि उनके (नेताजी के) विचार क्या हैं और आरएसएस के विचार क्या हैं। दोनों मूल्य प्रणालियां मेल नहीं खातीं।

## कोलकाता में आईएसएफ प्रदर्शनकारियों पर पुलिस ने किया लाठीचार्ज, कई घायल

**भाषा।** कोलकाता

**मध्य** कोलकाता के एस्प्लेनेड इलाके में प्रदर्शन कर रहे इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) के सदस्यों की शनिवार को पुलिस के साथ जोरदार झड़प हुई। ए लोग तृणमूल कांग्रेस द्वारा दक्षिण 24 परगना जिले में आईएसएफ कार्यकर्ताओं पर कथित हमले का विरोध कर रहे थे।

प्रदर्शन से महत्वपूर्ण जवाहरलाल नेहरू रोड क्रॉसिंग के आसपास यातायात प्रभावित हुआ। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे एकमात्र आईएसएफ विधायक नौशाद सिद्दीकी को हिरासत में ले लिया गया, वहीं कई पुलिसकर्मी और प्रदर्शनकारी घायल हो गए। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि आईएसएफ कार्यकर्ताओं ने शहर के मध्य में एक मुख्य सड़क को अवरुद्ध कर दिया, जिसके बाद पुलिस ने उनसे जवाहरलाल नेहरू रोड को खाली करने और यातायात की अनुमति देने का अनुरोध किया। हालांकि, पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सड़क खाली करने से इनकार कर दिया और मांग की कि भांगर में उसके कार्यकर्ताओं पर हमले में शामिल अपराधियों को पहले गिरफ्तार किया जाए। पार्टी का गठन 2021 में राज्य विधानसभा चुनाव से पहले हुआ था। जैसे ही पुलिस ने कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले दागे लगभग 500 की संख्या में मौजूद प्रदर्शनकारी पीछे हट गए, लेकिन पास की गलियों से पुलिस पर पथराव शुरू कर दिया, जिससे कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। अधिकारी ने कहा कि प्रदर्शनकारियों ने पुलिस के कियोस्क और रेलिंग को भी क्षतिग्रस्त कर दिया, जिसमें कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। इलाके में आरएएफ और सशस्त्र पुलिसकर्मियों सहित बड़ी तादाद में पुलिस बल को तैनात किया गया है। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए कई आला पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस ने सड़क को खाली कराया और प्रदर्शनकारियों को खदेड़ा, लेकिन कुछ देर तक पथराव की छिटपुट घटनाएं होती रहीं।

## संविधान की आत्मा को छेड़े बिना व्याख्या करें न्यायाधीशः चंद्रचूड़

**भाषा।** मुंबई



**भारत** के प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ ने शनिवार को यहां कहा कि किसी न्यायाधीश का कौशल संविधान की आत्मा अक्षुण्ण रखते हुए बदलते समय के साथ उसकी व्याख्या करने में निहित है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि जब आगे का रास्ता जटिल होता है तो भारतीय संविधान की मूल संरचना अपने व्याख्याताओं और कार्यान्वयन करने वालों को मार्गदर्शन और निश्चित दिशा दिखाती है। उन्होंने कहा कि हाल के दशकों में नियमों का गला घोंटने, उपभोक्ता कल्याण को बढ़ावा देने और वाणिज्यिक लेनदेन का समर्थन करने के पक्ष में भारत के कानूनी परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण बदलाव आया है। प्रधान न्यायाधीश यहां नानी ए. पालकीवाला स्मृति व्याख्यान में बोल रहे थे। उन्होंने कहा, हमारे संविधान की मूल संरचना ध्रुव तारा की तरह मार्गदर्शन करती है और संविधान की व्याख्या करने वालों तथा कार्यान्वयन करने वालों को उस वक्त एक निश्चित दिशा देती है जब आगे का मार्ग जटिल होता है। हमारे संविधान की मूल संरचना या दर्शन संविधान की सर्वोच्चता, कानून का शासन, शक्तियों के पृथक्करण, न्यायिक समीक्षा, धर्मनिरपेक्षता, संघवाद, स्वतंत्रता और व्यक्ति की गरिमा तथा राष्ट्र की एकता एवं अखंडता पर आधारित है।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि उभरती विश्व अर्थव्यवस्था ने राष्ट्रीय सीमाओं को मिटा दिया है और कंपनियां अब सीमा पर नहीं रुकती हैं। उन्होंने कहा कि संविधान सरकार को सामाजिक मांगों को पूरा करने के लिए अपनी कानूनी और आर्थिक नीतियों को बदलने तथा विकसित करने की अनुमति देता है। उन्होंने कहा, हम उस समय से एक लंबा सफर तय कर चुके हैं जब एक आवश्यक फोन प्राप्त करने के लिए आपको एक दशक तक इंतजार करना पड़ता था और कई बार अपनी कार खरीदने में भी अधिक समय लगता था। हम पूंजीगत मुद्दों के नियंत्रण के समय से एक लंबा सफर तय कर चुके हैं। समय-समय पर हमें अपने आसपास की दुनिया को रोशन करने के लिए नानी (पालकीवाला) जैसे लोगों को अपने हाथों में मशाल पकड़ने की आवश्यकता होती है। नानी ने हमें बताया कि हमारे संविधान की एक निश्चित पहचान है जिसे बदला नहीं जा सकता है।

## शरद पवार अनुभवी नेता, उनके योगदान को नजरअंदाज नहीं किया जा सकताः शिंदे

**भाषा।** पुणे



**महाराष्ट्र** के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रमुख शरद पवार की प्रशंसा करते हुए शनिवार को कहा कि सहकारी क्षेत्र में उनके (पवार के) योगदान को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। एकनाथ शिंदे ने पुणे में वसंतदादा शुगर इंस्टीट्यूट (वीएसआई) की 46वीं वार्षिक आम बैठक में यह बात कही। इस मौके पर शरद पवार भी उनके साथ मंच पर मौजूद थे। शरद पवार वीएसआई के अध्यक्ष हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा, शरद पवार राज्य और राष्ट्रीय स्तर के एक अनुभवी नेता हैं। सहकारी क्षेत्र में उनका योगदान बहुत बड़ा है और इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि लोगों के हित में और राज्य के कल्याण के लिए, जो भी सत्ता में है, पवार मार्गदर्शन और सुझावों के लिए हमेशा उपलब्ध रहते हैं। शिंदे ने कहा, सुझाव और सलाह देने के लिए वह अक्सर मुझे टेलीफोन करते हैं। शिंदे ने कहा कि सहकारिता क्षेत्र ने देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और इसके महत्व को समझते हुए केंद्र ने इस क्षेत्र के लिए एक अलग मंत्रालय का गठन किया है। उन्होंने कहा, केंद्र सरकार ने महाराष्ट्र में सहकारी क्षेत्र को पूर्ण समर्थन देने का आश्वासन दिया है। एकनाथ शिंदे ने लाभ अथवा हानि की परवाह किए बिना संकट के समय भी अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का पालन करने के लिए सहकारी क्षेत्र की सराहना की।

## हर पार्टी में थोड़ी बहुत गुटबंदी है, लेकिन हमें व्यापक फलक पर देखना होगाः थरूर

**भाषा।** जयपुर



**हर राजनीतिक** पार्टी में थोड़ी बहुत गुटबाजी होने की बात करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता शशि थरूर ने शनिवार को यहां कहा कि नेताओं को व्यापक फलक पर देखने के साथ ही सामूहिक लक्ष्यों पर ध्यान देना चाहिए। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट के बीच जारी सत्ता संघर्ष के बीच थरूर की यह टिप्पणी आई है।

थरूर ने यहां जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल से इतर बातचीत में कहा, क्या भारत में कोई ऐसी अखंड राजनीतिक पार्टी है? क्या भाजपा : भारतीय जनता पार्टी : के भीतर वैचारिक मतभेद नहीं हैं? एक लोकतंत्र में, दो लोगों के भिन्न भिन्न विचार हो सकते हैं, लेकिन यदि आपकी विचारधारा एक है और समान हित के लिए आप लड़ रहे हैं तो पार्टी जो कहती है, वही होता है। उन्होंने कहा, यह सच्चाई है कि हर पार्टी में कुछ छोटे गुट होते हैं, लेकिन बड़ी बात यह है कि हम सभी भाजपा के खिलाफ हैं। बड़े मुद्दों की तुलना में ए बहुत छोटी चीजें हैं। पायलट ने शुक्रवार को गहलोत पर परोक्ष हमला करते हुए कहा था कि बुजुर्गों को युवा पीढ़ी के बारे में सोचना चाहिए और युवाओं को न्याय मिलना चाहिए। न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री जैसिंडा अर्डर्न के इस्तीफे का जिक्र करते हुए पायलट ने कहा था कि अर्डर्न को आठ साल पहले शीर्ष पद पर नियुक्त किया गया था, लेकिन उन्होंने अपनी घटती सार्वजनिक स्वीकृति के कारण पद छोड़ दिया और इसके बजाय अपनी पार्टी के लिए काम करने का फैसला किया। इससे पहले, एक वीडियो सामने आया था जिसमें राजस्थान के मुख्यमंत्री कथित तौर पर कह रहे हैं कि महामारी के बाद पार्टी में "बड़ा कोरोनौ घुस गया है। माना जा रहा है कि गहलोत ने कथित तौर पर पायलट की तुलना कोरोना वायरस से की थी।

नेताओं द्वारा एक -दूसरे पर इस प्रकार की छींटाकशी के इतिहास के बारे में एक सवाल के जवाब में थरूर ने अपने सहयोगियों को अपने शब्दों में सावधानी बरतने की सलाह दी। उन्होंने कहा, जब हम अपने सहयोगियों के बारे में बात करते हैं तो हमें अपने शब्दों को सोच समझ कर इस्तेमाल करना चाहिए।

## टीएमसी, अन्नाद्रमुक ने कांग्रेस को किनारे करने की ठानी

**तमिलनाडु उपचुनाव**

**भाषा।** इरोड,

**तमिलनाडु** की इरोड पूर्वी विधानसभा सीट पर 27 फरवरी को होने वाले उपचुनाव में दिलचस्प राजनीतिक स्थिति बनती नजर आ रही है। वर्ष 2021 के विधानसभा चुनाव में द्रमुक नीत गठबंधन के जीतने के बाद तमिलनाडु में यह पहला उपचुनाव होगा। कांग्रेस के पूर्व नेता और तमिल मनीला कांग्रेस (टीएमसी) के संस्थापक जी के वासन अन्नाद्रमुक के समर्थन में चुनावी दौड़ से पीछे हट गए हैं जिससे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लिए यह उलझन पैदा हो गई है कि या तो वह सहयोगी अन्नाद्रमुक का समर्थन करे या फिर अकेले लड़े। वासन की पार्टी इस निर्वाचन क्षेत्र से 2021 के विधानसभा चुनाव में उपविजेता रही थी। अन्नाद्रमुक के अंतरिम महासचिव के. पलानीस्वामी ने बृहस्पतिवार को वासन का समर्थन सुनिश्चित किया और उसी दिन भाजपा से संपर्क कर उपचुनाव में अपनी पार्टी के उम्मीदवार के लिए समर्थन मांगा। इरोड लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मोदककुरिची विधानसभा क्षेत्र से जीतने वाली भाजपा अपनी चुनावी किस्मत को समृद्ध करने के लिए उत्सुक है और थिरुमहान एवरा की जगह भरने के लिए किसी मजबूत व्यक्ति को नामित करने के कांग्रेस के प्रयासों पर पानी फेरना चाहती है। एवरा के आकस्मिक निधन से इस सीट पर उपचुनाव आवश्यक हो गया है। भाजपा के पास अन्नाद्रमुक का समर्थन करने या अपने बल पर अकेले चुनाव लड़ने के अलावा बहुत कम विकल्प हैं। गत 18 जनवरी को चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के तुरंत बाद भाजपा ने निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव संबंधी कार्य करने के लिए एक चुनाव इकाई नामित की और संकेत दिया कि पार्टी इरोड पूर्वी विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की इच्छा रखती है।



जोशीमठ में भू-धंसाव से प्रभावित जोशीमठ में ताजा बर्फबारी के बाद बर्फ से ढकी पहाड़ की चोटियां

## भाजपा ने कर्नाटक के दो प्रमुख लिंगायत मठों से विजय संकल्प यात्रा की शुरुआत की

**बेंगलुरु ( भाषा )।** कर्नाटक में प्रस्तावित विधानसभा चुनावों से पहले प्रचार अभियान को तेज करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शनिवार को राज्य में नौ दिवसीय विजय संकल्प यात्रा की शुरुआत की। भाजपा ने दो प्रमुख लिंगायत मठों उत्तर कर्नाटक स्थित ज्ञान योगाश्रम और दक्षिण कर्नाटक के तुमकुरु स्थित सिद्धगंगा मठ से चुनाव अभियान की शुरुआत की है। दोनों क्षेत्र मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई और उनके पूर्ववर्ती बी एस एदियुरप्पा के गढ़ माने जाते हैं। चुनाव अभियान की शुरुआत करने के लिए चुना गया दिन भी खास है क्योंकि इसी दिन वर्ष 2019 में सिद्धगंगा मठ के महंत शिवकुमार स्वामीजी का 111 वर्ष की उम्र में देहांत हुआ था। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी. नड्डा महाराष्ट्र से लगते उत्तरी कर्नाटक के सीमावर्ती जिले विजयपुरा गए और ज्ञान योगाश्रम मठ के महंत रहे श्री सिद्धेश्वर स्वामीजी को श्रद्धांजलि अर्पित की जिनका हाल में निधन हो गया था।

## दयानिधि मारन ने तेजस्वी सूर्या पर तंज कसा

**भाषा।** चेन्नई

● **विमान का आपात दरवाजा खोलने का मामला**

**द्रविड़** मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के सांसद दयानिधि मारन ने इंडिगो विमान की घटना को लेकर शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद तेजस्वी सूर्या पर तंज कसते हुए कहा कि इसके बाद से सूर्या आपात दरवाजे को कभी नहीं खोलेंगे क्योंकि इसके लिए उन्हें लिखित माफी मांगनी पड़ सकती है।

इंडिगो के विमान से कोयंबटूर के लिए उड़ान भरने वाले दयानिधि मारन ने एक वीडियो बनाकर ट्विटर पर साझा किया, जो वायरल हो गया है। चेन्नई सेंट्रल लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले पूर्व केंद्रीय मंत्री ने वीडियो में कहा कि कोई भी जानकार व्यक्ति किसी भी ऐसे कार्य में शामिल नहीं होगा जो यात्रियों के जीवन को बड़े संकट में डाल सकता है। टी-शर्ट पहने मारन वीडियो क्लिप में आपातकालीन निकास के पास बैठे हुए दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में द्रमुक नेता कह रहे हैं, मैं चेन्नई से इंडिगो की उड़ान पर कोवई (कोयम्बटूर) की यात्रा कर रहा हूं। मुझे आपातकालीन निकास के पास एक सीट दी गई थी। मैं आपातकालीन निकास नहीं खोलूंगा क्योंकि अगर मैं ऐसा करता हूं तो मुझे एक लिखित माफीनामा देना होगा। साथ ही, यह उड़ान के लिए खतरा पैदा करेगा। पिछले साल 10 दिसंबर को चेन्नई हवाई अड्डे पर हुई इस घटना को लेकर बेंगलुरु दक्षिण से भाजपा सांसद सूर्या को कांग्रेस की आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। विमानन कंपनी इंडिगो ने मंगलवार को कहा था कि एक यात्री ने पिछले महीने चेन्नई में विमान पर सवार होने के बाद उसका आपात दरवाजा गलती से खोल दिया था।

# हमेशा अभ्यास के बजाय गेम टाइम को तरजीह : शमी

## विश्व कप से पहले कार्यभार प्रबंधन पर शमी ने कहा

**भाषा।** रायपुर




**भारतीय क्रिकेट टीम** घरेलू सरजमीं पर होने वाले वनडे विश्व कप से पहले कार्यभार प्रबंधन पर ज्यादा ध्यान लगा रही है लेकिन सीनियर तेज गेदबाज मोहम्मद शमी का मानना है कि सर्वश्रेष्ठ फिटनेस बरकरार रखने के लिए नियमित मैच खेलने के अलावा कोई बेहतर तरीका नहीं है। इस महीने के शुरू में बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) ने घोषणा की थी कि अक्टूबर-नवंबर में होने वाले वनडे विश्व कप के लिए लक्षित खिलाडि़यों की फिटनेस निगरानी रखने के लिए राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) आईपीएल फ्रेंचाइजी के साथ मिलकर काम करेगी। शमी टीम के अहम सदस्य हैं। उन्होंने शनिवार को यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे वनडे में मैच विजई स्पैल डालने के बाद कहा, मैं हमेशा अभ्यास के बजाय मैच खेलने को तरजीह देता हूं। किसी भी बड़े टूर्नामेंट के लिए तैयार होने के लिए ज्यादा से ज्यादा मैच खेलना हमेशा बेहतर होता है। कार्यभार का प्रबंधन किया जा रहा है और यह उचित तरीके से हो रहा है। उन्होंने कहा, मैं सिर्फ उम्मीद करता हूं कि मुख्य खिलाड़ी विश्व कप से पहले अच्छी फॉर्म में रहें। शमी ने अपने सीम मूवमेंट से न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों को परेशान किया और छह ओवर में 18 रन देकर तीन विकेट झटके और मेहमान टीम 108 रन पर सिमट गई। फिर भारत ने 20.1 ओवर में यह लक्ष्य हासिल कर लिया। मोहम्मद सिराज ने भी गेंद से प्रभावित किया। उनके सीनियर जोड़ीदार शमी ने कहा कि विकेट पर शुरू में थोड़ी नमी थी लेकिन हालात पूरी तरह से गेंदबाजों के मुफीद भी नहीं थे। यह नमी वाला विकेट था। लेकिन अच्छी लाइन एवं लेंथ बरकरार रखना भी महत्वपूर्ण था। सीभ गेंदबाजों ने अनुशासित गेंदबाजी की और नतीजा आपके सामने है। हालात इतने भी ज्यादा मुफीद नहीं थे जैसे कि ए दिख रहे थे। वे जल्दी आउट हो गए लेकिन हालात गेंदबाजों के ज्यादा अनुकूल भी नहीं थे। हमने उन्हें अच्छी लेंथ से गेंदबाजी करके सस्ते में समेट दिया। टीम में सीनियर गेंदबाज के तौर पर अपनी भूमिका पर शमी ने कहा, जहां तक मेरा संबंध है तो मैंने हमेशा गेंदबाज से बात करता हूं। मैं जानता हूं कि वह काफी प्रयास कर रहा है लेकिन कभी कभार आपको इच्छानुसार नतीजे नहीं मिल पाता और अगर आप अपने गेंदबाजी जोड़ीदार से बात करो तो इसमें सुधार हो सकता है। जब मैं गेंदबाजी करता हूं तो मैं यह भूमिका निभाना पसंद करता हूं।

### स्कोरबोर्ड

**न्यूज़ीलैंड पारी**:एलेन बो शमी 0,कॉनवे का एवं बो पंड्या 7,निकोल्स का गिल बो सिराज 2, मिचेल का एवं बो शमी1,लाथम का गिल बो शारदुल 1,फिलिप्स का सूर्यकुमार बो सुंदर 36,ब्रेसवेल का किशन बो शमी 22, सेंटनर बो पांड्या 27, शिपली नाबाद 2, फर्ग्यूसन का सूर्यकुमार बो सुंदर1,टिक्नर पगबाधा कुलदीप 2, **अतिरिक्त**: (लेग बाईः 02, वाइडः 05) 07, **कुल योगः** (34.3 ओवर में सभी आउट) 108 रन, **विकेट पतन**: 1-0, 2-8, 3-9, 4-15, 5-15, 6-56, 7-103, 8-103, 9-105., **गेंदबाजी** : शमी 6-1-18-3, सिराज 6-1-10-1,शारदुल 6-1-26-1, पंड्या 6-3-16-2, कुलदीप 7.3-0-29-1,सुंदर 3-1-7-2

**भारत पारी** : रोहित पगबाधा बो शिपले 51, गिल नाबाद 40,कोहली स्ट लाथम बो सैंटनर 11,किशन नाबाद 08,**अतिरिक्त** : 01,**कुल** : 20.1 ओवर मे दो विकेट पर 111 रन,**विकेट पतन** : 1-72, 2-98,गेंदबाजी : फर्ग्यूसन 5-0-21-0, शिपले 5-0-29-1, टिक्नर 4-0-19-0, सैंटनर 4.1-0-28-1, ब्रेसवेल 2-0-13-0

## अश्विन ने कहा भारत वनडे विश्वकप में परिस्थितियों से सामंजस्य बिठा सकता है



**नई दिल्ली।** रविचंद्रन अश्विन का मानना है कि भारत के पास ऐसे खिलाड़ी है जो इस साल के आखिर मे होने वाले एकदिवसीय विश्वकप के दौरान परिस्थितियो से सामंजस्य बिठा सकते है। इस ऑफ स्पिनर ने इसके साथ ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से ओस मुक्त टूर्नामेंट के आयोजन के लिए उपयुक्त कदम उठाने का आग्रह किया। वनडे विश्व कप इस साल अक्टूबर-नवंबर मे भारत मे आयोजित किया जाएगा जिसमे शाम को ओस की भूमिका अहम हो सकती है। अश्विनी अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, एकदिशा मे आगे बढ़ने और परिस्थितियो का मुकाबला करने का कोई मतलब नही बनता है क्योंकि आप परिस्थितियों को चुनौती नही दे सकते है। आपको परिस्थितियों को समझने और उनसे सामंजस्य बिठाना सीखना होता है। भारतीय टीम मे ऐसा करने के लिए पर्याप्त क्षमता है। हालांकि किसी दिन ओस, सीमा रेखा की दूरी और ऐसी ही कुछ चीजो पर नियंत्रण नही किया जा सकता और मुझे लगता है कि भारत को इस विश्वकप मे इन्ही चीजो से सतर्क रहना होगा। अश्विन ने भारत के संदर्भ मे कहा, अगर उन्हे सही परिस्थितियां मिलती है और प्रतिस्पर्धा कौशल के बीच होती है तो फिर यह ऐसी टीम है जिसे हराना बहुत मुश्किल होगा।

# मैं जिस तरह से बल्लेबाजी कर रहा हूं उससे खुश हूं: रोहित

**भाषा।** रायपुर



**भारतीय** कप्तान रोहित शर्मा अपनी बल्लेबाजी से काफी संतुष्ट है और हाल के दिनों में अपने बल्ले से बड़े शतकों की कमी से चिंतित नहीं हैं। एकदिवसीय मैचों में तीन दोहरे शतक लगाने वाले रोहित ने आखिरी बार जनवरी 2020 में इस प्रारूप में शतक बनाया था। इस दौरान अर्धशतक को शतक में बदलने की उनकी दर में काफी कमी आई है। शनिवार को यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे वनडे में इस सलामी बल्लेबाज ने 50 गेंदों में सात चौकों और दो छक्कों की मदद से 51 रन की शानदार पारी खेलकर भारत को आठ विकेट से मैच और श्रृंखला को जिताने में मदद की। रोहित ने मैच के बाद पुरस्कार समारोह में कहा, मैं अब अपने खेल को थोड़ा बदलने की कोशिश कर रहा हूं, गेंदबाजों के खिलाफ आक्रामक रूख अपनाने की कोशिश कर रहा हूं और मुझे लगता है कि गेंदबाजों पर दबाव बनाने की कोशिश करना जरूरी है। मुझे पता है कि बड़े स्कोर नहीं आए हैं, लेकिन मैं इसके बारे में बहुत चिंतित नहीं हूं। भारतीय कप्तान ने कहा, मैं अपनी बल्लेबाजी से खुश हूं। मेरी सोच काफी स्पष्ठ है। मैं जिस तरह से खेल रहा हूं उससे खुश हूं। मुझे पता है कि जल्द ही एक बड़ा स्कोर बनने वाला है। इस साल के आखिर में भारतीय टीम को घरेलू सरजमीं पर 50 ओवर के विश्व कप में खेलना है। रोहित ने कहा कि टीम इस महत्वपूर्ण प्रतियोगिता में जाने से पहले हर तरह की चीजें (प्रयोग) करना चाहती है। भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण ने शनिवार को यहां दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में न्यूजीलैंड के कमजोर बल्लेबाजी क्रम को ध्वस्त कर दिया जिससे मेजबान टीम ने आठ विकेट की जीत से तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली। रोहित ने कहा, मुझे लगा कि पिछले पांच मैचों में गेंदबाजों ने वास्तव में जिम्मेदारी उठाई। हमने उनसे जैसा भी कहा उन्होंने वैसा ही किया। खासकर भारत में ऐसा करना मुश्किल है। आप विदेशों में ऐसे प्रदर्शन की उम्मीद करते है लेकिन भारत में ऐसे प्रदर्शन के लिए वास्तविक कौशल की जरूरत है।

### विश्व कप के पूल चरण में हुए 130गोल

**भुवनेश्वर।** मौजूदा एफआईएच पुरूष विश्व कप चरण सबसे ज्यादा गोल करने वाला टूर्नामेंट भी साबित हो रहा है जिसमे यहां अभी तक 24 पूल मैचो मे 130 गोल हो चुके है। इससे यहां चल रहे विश्व कप के प्रत्यक मैच का औसत लगभग 5.41 गोल का है। नई दिल्ली मे 2010 मे हुए विश्व कप मे 12 टीमो ने शिरकत की थी जिसमे 38 मैचों मे 5.24 प्रति मुकाबले से 199 गोल दागे गए थे। इस मौजूदा चरण मे अभी 20 मैच और खेले जाने बाकी है और अगर गोल करने की यही गति बरकरार रही तो यह हॉकी विश्व कप के इतिहास मे सबसे ज्यादा गोल करने वाला टूर्नामेंट साबित हो सकता है। अभी तक इस चरण मे हुए 130 गोल मे से 80 गोल मैदानी है जबकि 43 पेनल्टी कॉर्नर पर दागे गए है।

### क्रिकेटर उमेश यादव से 44 लाख रूपए की ठगी, पुलिस ने जांच शुरू की

**नागपुर।** भारतीय तेज गेंदबाज उमेश यादव से उनके दोस्त और उनके पूर्व मैनेजर ने कथित रूप से 44 लाख रूपए की ठगी की जो महाराष्ट्र के नागपुर मे उनके नाम पर एक प्लॉट खरीदने के नाम की गई है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि नागपुर निवासी उमेश यादव की शिकायत पर शैलेश ठाकरे के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। ठाकरे (37) कोराडी का निवासी है और उमेश यादव का दोस्त है। अभी कोई गिरफ्तारी नही हुई है। अधिकारी ने प्राथमिकी का हवाला देते हुए कहा कि उमेश यादव को भारतीय टीम में चुने जाने के बाद उन्होंने अपने दोस्त ठाकरे को 15 जुलाई 2014 को अपना मैनेजर नियुक्त किया क्योंकि उस समय वह बेरोजगार था। अधिकारी ने कहा, ठाकरे धीरे धीरे उमेश यादव के विश्वासपात्र हो गए। और उन्होंने उमेश यादव के सभी वित्तीय मामले देखना शुरू कर दिया। वह क्रिकेटर के बैक खाते, आयकर और अन्य वित्तीय मामले देखने लगे।

### भारत, बांग्लादेश, नेपाल की बधिर क्रिकेट टीमें त्रिकोणीय श्रृंखला में भाग लेंगी

**कोलकाता।** भारत, बांग्लादेश और नेपाल की बधिर क्रिकेट टीमे 28 अप्रैल से छह मई तक यहां तीन देशो की एकदिवसीय टूर्नामेंट मे भाग लेंगी। भारतीय बधिर क्रिकेट संघ (आईडीसीए) ने शनिवार को इसकी घोषणा की। आईडीसीए ने कहा कि सौरव गांगुली की अकादमी और साल्ट लेक मे एफसी ब्लॉक क्रिकेट अकादमी टूर्नामेंट की मेजबानी करेंगे। आईडीसीए ने भारत के लिए 21 सदस्ईय संभावित खिलाड़ियो की टीम को चुना है। इसमे बाद मे खिलाड़ियो की संख्या को 16 कर दिया जाएगा।

### धोनी को दक्षिण अफ्रीका की टी2० लीग में खेलते हुए देखना चाहते हैं स्मिथ

**रायपुर।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ की दिली इच्छा है करिश्माई महेंद्र सिंह धोनी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के बाद दक्षिण अफ्रीका टी20 लीग (एसए20) मे खेले। दक्षिण अफ्रीका के सबसे सफल कप्तान स्मिथ एसए20 के आयुक्त है। इस टूर्नामेंट की सभी छह टीम की मालिक आईपीएल फ्रेंचाइजी है। धोनी ने 2020 मे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था लेकिन वह इसके बाद आईपीएल मे खेल रहे है। आईपीएल मे खेलने के कारण वह अभी विदेशी लीग मे खेलने की योग्यता नही रखते है।

# भारत की अग्रिम पंक्ति को दिखाना होगा दम

## विश्व कप हॉकी : न्यूजीलैंड के खिलाफ करो या मरो मैच आज

**भाषा।** भुवनेश्वर




**वेल्स की** अपेक्षाकृत कमजोर टीम के खिलाफ लचर प्रदर्शन करने के कारण क्वार्टर फाइनल में सीधे प्रवेश करने में नाकाम रही भारतीय टीम को एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप में अगर अपनी संभावनाएं जीवंत रखनी है तो उसे रविवार को यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले क्रॉसओवर मैच में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। भारत को सीधे क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए पूल डी के अपने अंतिम मैच में वेल्स पर आठ गोल के अंतर से जीत दर्ज करने की जरूरत थी लेकिन भारतीय फॉरवर्ड अच्छा खेल नहीं दिखा पाए और भारत आखिर में यह मैच 4-2 से ही जीत पाया। भारत को अब क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए न्यूजीलैंड को हर हालत में हराना होगा जो पूल सी में तीसरे स्थान पर रहा था। भारत अभी विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर जबकि न्यूजीलैंड 12वें स्थान पर है। न्यूजीलैंड की टीम अभी तक कभी विश्वकप के सेमीफाइनल में नहीं पहुंची है। उसने टूर्नामेंट में अभी तक कोई खास प्रदर्शन नहीं किया है और ऐसे में कलिंग स्टेडियम में होने वाले मैच में भारतीय टीम जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरूआत करेंगी। मिडफील्डर हार्दिक सिंह के चोटिल होने के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो जाने से भारत को करारा झटका लगा है। हार्दिक इंग्लैंड के खिलाफ 15 जनवरी को खेले गए मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। भारतीय अग्रिम पंक्ति पहले ही संघर्ष कर रही है और ऐसे में हार्दिक का चोटिल होना उसके लिए बड़ा झटका है। भारत यदि न्यूजीलैंड को हरा देता है तो क्वार्टर फाइनल में उसका सामना मौजूदा चैंपियन बेल्जियम से होगा। स्पेन के खिलाफ भारत की जीत में अकेले दम पर गोल दागने वाले हार्दिक की जगह राजकुमार पाल को टीम में लिया गया है। हार्दिक वेल्स के खिलाफ मैच में नहीं खेल पाए थे। इंग्लैंड और स्पेन ने वेल्स को करारी शिकस्त दी थी लेकिन भारतीय टीम को उसके खिलाफ संघर्ष करना पड़ा क्योंकि अग्रिम पंक्ति के खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। वेल्स के खिलाफ मैच में भारत शुरू से ही अपनी रणनीति के अनुसार नहीं चल पाया। अग्रिम पंक्ति के अलावा रक्षापंक्ति भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई और उसने उस टीम के खिलाफ दो गोल गंवाए जो विश्व रैंकिंग में 14वें स्थान पर काबिज है। हार्दिक सिंह की अनुपस्थिति में मनदीप सिंह और आकाशदीप जैसे खिलाड़ियों का प्रदर्शन भारत के लिए अहम होगा। भारत निश्चित तौर पर इस मैच में जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगा ।

## चोटिल हार्दिक सिंह विश्वकप से बाहर



**भुवनेश्वर।** भारतीय मिडफील्डर हार्दिक सिंह चोट से उबरने में नाकाम रहे और शनिवार को एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप से बाहर हो गए। यह न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को होने वाले क्रॉसओवर मैच से पहले भारत के लिए बड़ा झटका है। हार्दिक इंग्लैंड के खिलाफ 15 जनवरी को भारत के दूसरे पूल मैच के दौरान घायल हो गए थे। इसके बाद वह वेल्स के खिलाफ तीसरे मैच में नहीं खेल पाए थे। हार्दिक की अनुपस्थिति भारत के लिए करारा झटका है क्योंकि उसकी अग्रिम पंक्ति पहले ही जूझ रही है। भारत यदि रविवार को क्रॉसओवर में न्यूजीलैंड को हरा देता है तो क्वार्टर फाइनल में उसका सामना बेल्जियम से होगा। स्पेन के खिलाफ भारत के पहले मैच में अकेले दम पर गोल करने वाले हार्दिक की जगह राजकुमार पाल को टीम में लिया गया है। हॉकी इंडिया ने बयान में कहा, हार्दिक एफआईएच विश्वकप में आगे नहीं खेल पाएंगे। यह फैसला वेल्स के खिलाफ उन्हें विश्राम देने और फिर इसके बाद उनकी चोट का आकलन करने के बाद किया गया।

## न्यूजीलैंड के खिलाफ भारतीय टीम दबाव में होगी: ग्राहम रीड

**भुवनेश्वर।** भारतीय टीम के मुख्य कोच ग्राहम रीड ने शनिवार को कहा कि एफआईएच पुरूष विश्व कप के नॉकआउट क्रॉसओवर मैच में न्यूजीलैंड के पास गंवाने के लिए कुछ नहीं है जिससे घरेलू टीम ही दबाव में होगी। भारत ने पर्दापण कर रही वेल्स के खिलाफ लचर प्रदर्शन करते हुए 4-2 से जीत दर्ज की जिससे वह सीधे क्वार्टरफाइनल में पहुंचने के बजाय रविवार को क्रॉसओवर मैच खेल रही है। ग्रुप डी में शीर्ष पर रहकर टीम सीधे अंतिम आठ में पहुंच सकती थी। अब अगर भारतीय टीम न्यूजीलैंड को हरा देती है तो वह क्वार्टरफाइनल में गत चैम्पियन बेल्जियम के सामने होगी। रीड ने कहा, न्यूजीलैंड के नजरिए से देखो तो उनके पास गंवाने के लिए कुछ नहीं है और दबाव हम पर होगा। मैं उम्मीद करता हूं कि हमारी टीम डटी रहे और जैसा कि मैंने पहले कहा है कि अगर हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें तो दुनिया की किसी भी टीम को हरा सकते हैं। मैं आस्ट्रेलियाई हूं और मैं जानता हं कि न्यूजीलैंड को हराना हमेशा मुश्किल होता है। और हम (भारत) उनका पूरा सम्मान करते हैं। मुझे भी पूरा भरोसा है कि हम अपना काम (मैच जीतना) अच्छी तरह करेंगे। भारत ने कुछ महीने पहले प्रो लीग के मैचों में कलिंग स्टेडियम में न्यूजीलैंड को दो बार हराया था और रीड उम्मीद लगाए हैं कि यही नतीजा जारी रहे। उन्होंने कहा, हमने तब उन्हें दो बार हराया था। साथ ही हमारी डिफेंसिव इकाई तबसे काफी बेहतर हुई है। इसलिए हम मैच में जीत की उम्मीद लगाए हैं। फिनिशिंग की कमी भारत के लिए तीन पूल मैचों में मुख्य मुद्दों में एक रही। , मैं सहमत हूं कि हमने जो मौके बनाए, उसे फिनिश करने में पीछे रहे। लेकिन मुझे तब ज्यादा चिंता होती, अगर हम मौके बना ही नहीं पाते।

# आस्ट्रेलिया से सात विकेट से हारीं भारतीय महिला

## अंडर-19 टी-20 विश्व कप में

**भाषा।** पोचेफस्ट्रूम (दक्षिण अफ्रीका)

**भारत की महिला** अंडर-19 टी20 विश्व कप में जीत की लय शनिवार को यहां सुपर सिक्स चरण में आस्ट्रेलिया के हाथों मिली सात विकेट की हार से टूट गई। बल्लेबाजी का न्यौता मिलने के बाद भारतीय बल्लेबाजों को आस्ट्रेलिया ने 18.5 ओवर में महज 87 रन पर समेट दिया। भारतीय टीम इस महीने के शुरू में एक अभ्यास मैच में आस्ट्रेलिया के खिलाफ 97 रन के लक्ष्य का बचाव करने में सफल रही थी। लेकिन शेफाली वर्मा की अगुआई वाली टीम इस प्रदर्शन का दोहराव नहीं कर सकी और प्रतिद्वंद्वी टीम ने 37 गेंद रहते जीत हासिल की। इस हार से भारत के नेट रन रेट (प्लस 1.905) को नुकसान पहुंचाया जो सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाली टीम तय करने के लिए अहम भूमिका निभा सकता है। सुपर सिक्स ग्रुप एक में भारतीय टीम अब आस्ट्रेलिया के पीछे दूसरे स्थान पर खिसक गई। आस्ट्रेलिया, भारत, दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश सभी के चार चार अंक हैं जबकि श्रीलंका और संयुक्त अरब अमीरात का खाता नहीं खुला है। मैच में भारत का मजबूत बल्लेबाजी लाइन अप भी कमजोर दिखा। दो चौके खाने के बाद मिली इलिंगवर्थ (12 रन देकर दो विकेट) को फिर से भारतीय कप्तान शेफाली (08) का महत्वपूर्ण विकेट मिल गया। फिर इसी गेंदबाज ने अगले ओवर में गोंगडी तृषा (04) को विकेटकीपर पेरिस हॉल के हाथों कैच आउट कराय। सोनिया मेधिया (02) भी दबाव में आ गईं। श्वेता सहरावत (21 रन) एक छोर पर दबाव कम करने की कोशिश कर रही थीं लेकिन दूसरे छोर पर विकेट गिरने का सिलसिला जारी रहा। सहरावत को सियाना जिंजर ने आउट किया जिन्होंने पार्शवी चोपड़ा (08) और मन्नत कश्यप (01) को अगले दो ओवर में पवेलियन भेजकर 13 रन देकर तीन विकेट प्राप्त किए।

### शमी और सिराज ने सटीक लाइन लेंथ से गेंदबाजी की: लॉथम

**रायपुर ।** न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लॉथम ने कहा कि मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज की सटीक गेंदबाजी का सामना करने में लगातार दूसरी बार विफल रहने के कारण भारत के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला मे उनकी टीम पिछड़ गई। माइकल ब्रेसवेल ने न्यूजीलैंड की शुरुआत एकदिवसीय मैच में वापसी कराई थी लेकिन मेहमान टीम शनिवार को दूसरे मैच में 108 रन पर ऑलआउट हो गई। शमी और सिराज की लहराती गेंदो के सामने न्यूजीलैंड के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजी असहाय दिखे। और टीम शुरुआती झटको से उबर नही सकी। लॉथम ने कहा, सिराज और शमी शानदार गेंदबाज है। दोनो की लाइन लेथ बल्लेबाजो के लिए काफी चुनौतीपूर्ण होती है।
उन्होंने हमे रन बनाने का मौका नही दिया। दूसरे एकदिवसीय मे आठ विकेट की करारी शिकस्त के बाद लॉथम ने कहा, आज का दिन उनके लिए अच्छा था और हमारे लिए खराब था। हम उन पर दबाव बनाने और वापसी करने मे सक्षम नही थे। न्यूजीलैंड के कप्तान ने कहा, जब आप 100 रन से कुछ अधिक के स्कोर पर आउट हो जाते है तो चीजे आपके लिए मुश्किल हो जाती है। हमारी किस्मत अच्छी नही थी कि भारत ने आज जो भी किया वह उनके पक्ष मे रहा। हम अगले

# आईसीसी की 2028 ओलंपिक के लिए छह टीम की टी-20 स्पर्धा की सिफारिश

## अक्टूबर में होगा अंतिम फैसला



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को अब भी खेल के लास एंजिल्स 2028 ओलंपिक में शामिल किए जाने की उम्मीद है और उसने खेलों की आयोजन समिति को पुरूष और महिला दोनों वर्गों के लिए छह टीम की टी20 स्पर्धा की सिफारिश की है। ईएसपीएनक्रिकइंफो की खबर के अनुसार क्रिकेट को शामिल करने पर फैसला अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति द्वारा अक्टूबर में लिया जाएगा जिसके बाद आयोजक मार्च तक नए खेलों की सूची पर फैसला करेंगे। इसके बाद मुंबई में आईओसी के सत्र में इसकी पुष्टि की जाएगी जिसके इस साल अक्टूबर के आसपास कराए जाने की उम्मीद है। रणनीतिक कदम के तहत सचिव जय शाह को आईसीसी के ओलंपिक कार्यकारिणी समूह में शामिल किया गया है।

# एक्सेलसेन और यामागुची इंडिया ओपन फाइनल में



**भाषा।** नई दिल्ली

**डेनमार्क के** विक्टर एक्सेलसेन और जापान की अकाने यामागुची ने शनिवार को यहां अपना दबदबा जारी रखते हुए इंडिया ओपन सुपर 750 के फाइनल में प्रवेश किया जिससे दोनों अपने लगातार खिताब की दौड़ में बरकरार हैं। महिला एकल में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी यामागुची ने थाईलैंड की गत चैम्पियन सुपानिदा काटेथोंग को 21-17 21-16 से मात दी और अपने लगातार फाइनल में जगह बनाई। वहीं दुनिया के नंबर एक एक्सेलसेन ने पुरूष वर्ग में इंडोनेशिया के चौथे वरीय जोनाथन क्रिस्टी को 21-6 21-12 से पराजित किया। फाइनल में यामागुची का सामना कोरिया की सनसनी अन सीयंग से होगा जो पिछले हफ्ते मलेशिया ओपन सुपर 750 फाइनल का दोहराव होगा। एक्सेलसेन खिताबी भिड़ंत ममें कुनलावुत वितिदसर्ण के सामने होंगे। मिश्रित युगल में वांग यि लियू और हुआंग डोंग पिंग की चौथी वरीय चीनी जोड़ी ने किम वोन हो और जियोंग ना युन की कोरियाई जोड़ी को 21-15 12-21 21-19 से हराकर फाइनल में जगह बनाई जिसमें उनकी टक्कर युता वाटानबे और अरिसा हिगाशिनो की तीसरी वरीय जोड़ी से होगी। इस जापानी जोड़ी ने 59 मिनट तक चले सेमीफाइनल में झेंग सि वेई और हुआंग या कियोंग की दुनिया की नंबर एक जोड़ी को 21-18 18-21 21-14 से हराकर उलटफेर किया था।

# जोकोविच, रूबलेव व सबालेंका चौथे दौर में





## ऑस्ट्रेलियाई ओपन : मरे हारे

**भाषा।** मेलबर्न

**सर्बियाई स्टार** टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने शनिवार को यहां ग्रिगोर दिमित्रोव को 7-6, 6-3, 6-4 से हराकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के चौथे दौर में प्रवेश किया। मेलबर्न पार्क में 10वीं ग्रैंडस्लैम ट्राफी हासिल करने की कोशिश में जुटे जोकोविच ने दिमित्रोव को हराकर लगातार 24वीं जीत दर्ज की और अब उनका सामना आस्ट्रेलिया के 23 साल के एलेक्स डि मिनॉर से होगा। गत चैम्पियन और 22 बार के मेजर चैम्पियन रफेल नडाल, कैस्पर रूड और दानिल मेदवेदेव जैसे शीर्ष वरीय खिलाड़ियों के बाहर होने के बाद अब जोकोविच की निगाहें 22वां ग्रैंडस्लैम खिताब अपने नाम करने पर लगी हैं। तीन बार की मेजर चैम्पियन एंडी मरे का सफर तीसरे दौर में रोबर्टो बतिस्ता अगुट से हारकर खत्म हो गया। 35 साल के मरे को साढ़े तीन घंटे तक चले मुकाबले में बतिस्ता ने 6-1, 6-7 (7), 6-3, 6-4 से हराया और अब उनका सामना अमेरिका के टॉमी पॉल से होगा। पॉल सहित अमेरिका के चार खिलाड़ियों ने चौथे दौर में प्रवेश कर लिया है जिसमें जेजे वोल्ड, सेबेस्टियन कोर्डा और बेन शेल्टन शामिल हैं। पांचवीं वरीयता प्राप्त आंद्रे रूबलेव ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए डैन इवांस को 6-4, 6-2, 6-3 से हराकर चार साल में तीसरी बार चौथे दौर में प्रवेश किया। रूबलेव ने 60 विनर लगाए जिनमें 10 ऐस शामिल हैं। रूबलेव ने मैच के बाद कहा, प्रत्एक मैच के बाद मेरे खेल में निखार आ रहा है। साल के शुरू में मैं वास्तव में अच्छे खिलाड़ियों के खिलाफ दो मैच गंवा बैठा था, जिससे मेरा आत्मविश्वास थोड़ा कमजोर पड़ गया था। रूबलेव अंतिम 16 में नौवीं वरीयता प्राप्त होल्गर रून से भिड़ेंगे। उन्होंने मैच के दौरान केला देने के लिए इवान्स का आभार भी व्यक्त किया। डेनमार्क के किशोर खिलाड़ी रून ने एक अन्य मैच में यूगो हम्बर्ट को 6-4 6-2 7-6 (5) से हराकर चौथे दौर में प्रवेश किया। महिला एकल में बेलारूस की पांचवीं वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका ने एलिस मेर्टेंस को 6-2, 6-3 से हराकर चौथे दौर में जगह बनाई। उन्होंने मैच में कुल 32 विनर्स लगाए। सबालेंका का सामना अब बेलिंडा बेनसिच से होगा। इस स्विस खिलाड़ी ने कैमिला जियोर्गी को 6-2 7-5 से हराकर अंतिम 16 में जगह बनाई। विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी कारोलिना पिलिसकोवा भी वरवरा ग्रेचेवा को 6-4 6-2 से हराकर चौथे दौर में पहुंच गई है। उनका अगला मुकाबला झांग शुहाइ से होगा जिन्होंने अमेरिकी क्वालीफायर केटी वोलिनेट्स 6-3 6-2 से पराजित किया। एक अन्य मैच में डोना वेकिच ने स्पेन की नूरिया पारिजास डियाज को 6-2 6-2 से हराकर तीन साल में दूसरी बार चौथे दौर में प्रवेश किया।

### बालाजी और जीवन ने पांचवीं वरियता प्राप्त जोड़ी को हराकर उलटफेर किया

**मेलबर्न।** एन श्रीराम बालाजी और जीवन नेदुनचेझियान की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने शनिवार को यहां ऑस्ट्रेलियाई ओपन के पहले दौर मे पांचवी वरीयता प्राप्त इवान डोडिग और ऑस्टिन क्राजिसेक के खिलाफ अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखते हुए बड़ा उलटफेर किया। इस प्रतियोगिता मे एक वैकल्पिक टीम के रूप मे आए बालाजी और नेदुनचेझियान की जोड़ी ने दो घंटे 20 मिनट तक चले मुकाबले मे क्रोएशिया के डोडिग और अमेरिका के क्राजिसेक की जोड़ी को 7-6, 2-6, 6-4 से हराया। मिश्रित युगल स्पर्धा मे अनुभवी सानिया मिर्जा और रोहन बोपन्ना भी सीधे सेटो मे जीत के साथ दूसरे दौर मे पहुंच गए।